आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

"आज
* मां नर्मदा प्राकट्योत्सव"

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 11 | उज्जैन, रविवार 25 जनवरी, 2026 | माघ शुक्ल 7 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### भारत से एक्स्ट्रा 25 प्रतिशत टैरिफ हटा सकता है अमेरिका

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा है कि डोनाल्ड ट्रम्प सरकार भारत पर लगाए गए 50% टैरिफ में से आधा टैरिफ हटाने पर विचार कर सकती है। उन्होंने अमेरिकी मीडिया वेबसाइट पॉलिटिको को दिए इंटरव्यू में कहा कि भारत ने रूस से कच्चा तेल खरीदना काफी कम कर दिया है, इसलिए टैरिफ में राहत देने की गुंजाइश बन रही है। बेसेंट ने इसे अमेरिका की बड़ी जीत बताया और कहा कि भारत पर लगाया गया 25% टैरिफ काफी असरदार रहा है और इसकी वजह से भारत की रूसी तेल खरीद घट गई है। उन्होंने कहा कि टैरिफ अभी भी लागू हैं, लेकिन अब इन्हें हटाने का रास्ता निकल सकता है। अमेरिका ने अगस्त 2025 में भारत पर दो बार टैरिफ लगाया था।

### अमेरिका के 15 राज्यों में बर्फीले तूफान का खतरा

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में बर्फीले तूफान की चेतावनी के बाद 15 राज्यों में इमरजेंसी ने घोषित कर दी गई है। वहीं दो दिनों में 7 हजार से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल हो चुकी हैं। नेशनल वेदर सर्विस के मुताबिक, 20 करोड़ यानी करीब दो-तिहाई अमेरिकी इस तूफान की चपेट में आ सकते हैं। तूफान के डर से लोग ग्रॉसरी स्टोर पर जमा हो रहे हैं। कई दुकानों में पानी, अंडे, मक्खन और मीट की कमी हो गई है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि तूफान के साथ भारी बर्फबारी, बारिश और ठंड आएगी, जिससे हालात बेहद खतरनाक हो सकते हैं। ट्रांसपोर्टेशन अधिकारियों ने वीकेंड पर यात्रा में देरी और कैंसिलेशन की चेतावनी दी है। कई बड़े शहरों के एयरपोर्ट भी इससे प्रभावित हुए हैं।

### हरियाणा इवेंट में

## मौनी रॉय के साथ बदसलूकी



एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर बयां किया दर्द, लिखा- लोगों ने अश्लील टिप्पणी की और गालियां दीं

**मुंबई।** एक्ट्रेस मौनी रॉय ने हरियाणा के करनाल में हुए एक इवेंट के दौरान दर्शकों द्वारा की गई बदसलूकी को लेकर सोशल मीडिया पर अपनी नाराजगी जाहिर की है। एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए बताया कि इवेंट के दौरान कुछ लोगों का व्यवहार बेहद शर्मनाक और असहज करने वाला था। मौनी लिखती हैं- पिछले दिनों करनाल में एक इवेंट था और मेहमानों के व्यवहार से मुझे बेहद निराशा हुई, खासकर उन दो अंकल लोगों के व्यवहार से जो दादा की उम्र के थे। इवेंट शुरू होते ही जब मैं स्टेज की ओर चलने लगी तो अंकल और परिवार के सभी पुरुष सदस्यों ने फोटो क्लिक कराने के लिए मेरी कमर पर हाथ रख दिया, जो मुझे पसंद नहीं आया और जब मैंने कहा कि सर, प्लीज अपना हाथ हटा लें। स्टेज पर तो और भी दिलचस्प कहानी है। दो अंकल ठीक सामने खड़े होकर अश्लील टिप्पणियां, मुझे अश्लील इशारे दिखा रहे थे, गालियां दे रहे थे। मैंने यह फील किया और पहले तो विनम्रता से उन्हें इशारा किया कि ऐसा मत करो, जिस पर उन्होंने मुझ पर गुलाब फेंकना शुरू कर दिया। मैं परफॉर्मेंस के बीच में ही स्टेज की एग्जिट के तरफ चली गई लेकिन तुरंत वापस आकर अपनी परफॉर्मेंस पूरी की। एक्ट्रेस ने यह भी कहा कि इतनी हरकतों के बावजूद न तो परिवार वालों ने और न ही आयोजकों ने उन लोगों को वहां से हटाया। मौनी ने इस घटना को अपमानजनक और मानसिक रूप से परेशान करने वाला बताया। उन्होंने लिखा कि अगर उनके साथ ऐसा हो सकता है, तो इंडस्ट्री में नई लड़कियों के लिए हालात कितने मुश्किल होंगे, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने प्रशासन से इस तरह के व्यवहार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग भी की।

### 5 मुस्लिम लड़कियों ने हिंदू छात्रा को बुर्का पहनाया

**मुरादाबाद।** यूपी के मुरादाबाद में 5 मुस्लिम लड़कियों ने एक हिंदू छात्रा को जबरन बुर्का पहनाया। आरोप है कि कोचिंग से निकलने के बाद उसे सड़क पर घेर लिया। बैग से बुर्का निकाला और पहना दिया। पीड़ित के भाई ने दावा किया कि उसकी बहन से सहेलियों ने कहा कि इस्लाम कबूल करो, किस्मत बदल जाएगी। इसमें बहुत खूबसूरत लगोगी। पीड़ित और आरोपी लड़कियां एक ही स्कूल में 12वीं में पढ़ती हैं। सभी की उम्र 15-17 साल के बीच है। साथ में कोचिंग भी जाती हैं। घटना 20 दिसंबर की है, लेकिन 22 जनवरी को लड़की के भाई ने थाने में एफआईआर कराई। पुलिस ने पांचों लड़कियों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की, तो शुक्रवार को सीसीटीवी सामने आया। मामला बिलारी कस्बे के एक मोहल्ले का है। पीड़ित लड़की चौधरी समाज से आती है।

### जयपुर में तेज रफ्तार थार ने 2 लोगों को रौंदा

**जयपुर।** जयपुर में शनिवार को तेज रफ्तार थार ने पहले युवती को टक्कर मारी, फिर बाइक सवार युवक को कुचल दिया। हादसे में युवक की मौत हो गई, जबकि घायल युवती को सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती कराया गया है। टक्कर के बाद बाइक सवार युवक थार गाड़ी के नीचे फंस गया था। आसपास मौजूद लोगों ने कड़ी मशक्कत से युवक को बाहर निकाला। पुलिस ने मौके से थार को जब्त कर लिया और बाद में फरार ड्राइवर को पकड़ लिया गया है। हादसा जयंती मार्केट चौराहे के पास शनिवार दोपहर करीब 12.45 बजे हुआ था। इसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। एक्सीडेंट थाना (नॉर्थ) के हेड कॉन्स्टेबल राजेन्द्र ने बताया थार ने बाइक सवार फैजान (27) को कुचल दिया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पैदल चल रही कुलसुम (19) गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद ड्राइवर थार छोड़कर भाग गया।

### राजस्थान में पारा 10 डिग्री गिरा, माउंट आबू में माइनस 7 डिग्री

# यूपी-मप्र समेत 5 राज्यों में बारिश की चेतावनी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश के सबसे उत्तरी 3 राज्यों जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश से शिमला, मनाली, मसूरी, कटरा में चारों तरफ बर्फ ही बर्फ नजर आ रही है। उधर, उत्तराखंड के उत्तरकाशी, चमोली और जम्मू के डोडा में पिछले 24 घंटे से रुक-रुककर बर्फबारी हो रही है। मैदानी इलाकों में लगभग एक फीट और ऊपरी पहाड़ी क्षेत्रों में 2-3 फीट बर्फ जम गई है। श्रीनगर एयरपोर्ट शनिवार को भी नहीं खुल सका। एनएच-44 लगातार दूसरे दिन बंद है। मौसम विभाग ने तीनों राज्यों में ऊंचे इलाकों में हिमस्खलन की भी चेतावनी जारी की है।




इधर वेस्टर्न डिस्टरबेंस के असर से राजस्थान में ओले-बारिश के बाद तापमान 10 डिग्री तक गिर गया। राज्य के इकलौते हिल स्टेशन माउंट आबू में पारा माइनस 7 डिग्री तक पहुंच गया। सीकर में ओस जम गई।

- यूपी, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, मध्य प्रदेश के कई जिलों में भी हल्की बारिश की चेतावनी है। राजधानी दिल्ली में बारिश के बाद कोहरा और धुंध छंट गई है, लेकिन तापमान 11 डिग्री पर पहुंच गया है। यहां पहाड़ों से आने वाली तेज सर्द हवाओं के कारण ठिठुरन बढ़ गई है।
- वहीं, भारी बर्फबारी के कारण एक दिन बंद रहने के बाद शनिवार को श्रीनगर एयरपोर्ट पर फ्लाइट ऑपरेशन फिर से शुरू हो गए। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने बीआरओ के साथ मिलकर शनिवार सुबह मौसम में सुधार के बाद रनवे को चालू करने के लिए एप्रन और टैक्सीवे को साफ कर दिया।

### भोपाल में कांग्रेस का सरकार पर बड़ा हमला

## करप्शन प्रदेश की जड़ों में

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

भोपाल में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी के कथित अपमान को लेकर कांग्रेस ने रोशनपुरा चौराहे पर उपवास कर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और पीसी शर्मा सहित नेताओं ने बीजेपी पर धर्मगुरुओं और सनातन परंपराओं के अपमान का आरोप लगाया।

राजधानी भोपाल में अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती शंकराचार्य जी महाराज के कथित अपमान को लेकर सियासत तेज हो गई है। इस मुद्दे पर कांग्रेस ने रोशनपुरा चौराहे पर उपवास कर विरोध जताया। उपवास में प्रदेश



कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व धर्मस्व मंत्री पीसी शर्मा समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि हिंदुत्व की राजनीति करने वाली भाजपा लगातार धर्मगुरुओं का अपमान कर रही है। उनके मुताबिक, काशी में मंदिरों को तोड़ा गया, मणिकर्णिका घाट पर तोड़फोड़ हुई और लोगों की आस्था पर सीधा प्रहार किया जा रहा है। कांग्रेस ने इसे सनातन परंपराओं के खिलाफ बताया।

### इंदौर में दूषित पानी से बुजुर्ग की मौत के बाद परिजन में आक्रोश

# बुजुर्ग का शव रखकर प्रदर्शन

### भागीरथपुरा में परिजन ने पुल पर चक्काजाम किया, भाजपा पार्षद के खिलाफ नारेबाजी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के भागीरथपुरा इलाके में दूषित पानी से बुजुर्ग बद्री प्रसाद की मौत के बाद परिजन में आक्रोश है। शनिवार को परिजन ने भागीरथपुरा पुल के पास शव रखकर चक्काजाम कर दिया। इस दौरान स्थानीय भाजपा पार्षद कमल वाघेला के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

परिजन का आरोप है कि बद्री प्रसाद की मौत हुए एक दिन हो चुका है, लेकिन अब तक प्रशासन का कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। परिवार का कहना है कि वे बेहद गरीब हैं और उनके पास अंतिम संस्कार के लिए भी पैसे नहीं हैं। परिजन ने बताया कि बद्री प्रसाद की तबीयत अचानक बिगड़ी थी। इससे पहले वे पूरी तरह स्वस्थ थे। इसके बावजूद प्रशासन इस मौत को दूषित पानी से जोड़ने से इनकार कर रहा है। परिवार ने यह भी बताया कि दो माह पहले बद्री प्रसाद की बहू की भी मौत हो चुकी है, जिससे परिवार पूरी तरह टूट चुका है। प्रशासन की ओर से कोई मदद न मिलने से लोगों में भारी गुस्सा हैं। हंगामे की सूचना मिलते ही क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई है। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि मामले की निष्पक्ष जांच हो। पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दी जाए।



#### कांग्रेस नेता भी प्रदर्शन में शामिल हुए

बद्री प्रसाद के बेटे शैलेंद्र ने बताया कि दो माह पहले उनकी पत्नी कंचन की भी मौत हो चुकी है। उस समय भी क्षेत्र में दूषित पानी की समस्या बनी हुई थी। परिवार और स्थानीय रहवासियों का आरोप है कि कंचन की मौत भी इसी कारण हुई थी, लेकिन तब भी मामले को गंभीरता से नहीं लिया गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे पहुंचे, पार्षद राजू भदौरिया सहित कांग्रेस के कई नेता मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार के समर्थन में धरने पर बैठ गए। सभी ने मांग की कि पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता दी जाए।

## उज्जैन-गुना रूट पर दो हिस्सों में बंटी मालगाड़ी



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शाजापुर जिले के मक्सी रेलवे स्टेशन के पास शनिवार को एक मालगाड़ी पटरी से उतर गई। उज्जैन से गुना की ओर जा रही यह मालगाड़ी दो हिस्सों में बंट गई। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, दुर्घटना का मुख्य कारण रेल पटरी का टूटना बताया जा रहा है। पटरी टूटने के कारण मालगाड़ी का संतुलन बिगड़ गया और उसके कई डिब्बे पटरी से नीचे उतर गए। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे के अधिकारी और कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। रेल यातायात को नियंत्रित करते हुए मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया है। हालांकि, मौके पर मौजूद अधिकारी घटना को लेकर स्पष्ट एवं आधिकारिक जानकारी देने से बचते रहे। इस हादसे के कारण कुछ समय के लिए रेल परिचालन प्रभावित रहा। स्टेशन प्रबंधक मुकेश जैन ने बताया कि प्रथम दृष्टया दुर्घटना का कारण ट्रैक में खराबी हो सकता है। मामले की विस्तृत जांच के लिए उज्जैन से रेलवे की तकनीकी टीम मौके पर पहुंच रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगी।

## अविमुक्तेश्वरानंद की जान को खतरा



एजेंसी ▸▸ प्रयागराज

प्रयागराज में अविमुक्तेश्वरानंद और मेला प्रशासन के बीच 6 दिनों से विवाद जारी है। इसी बीच, अविमुक्तेश्वरानंद ने शिविर के अंदर और बाहर 12 सीसीटीवी कैमरे लगवाए हैं।

शंकराचार्य के विशेष प्रतिनिधि देवेंद्र पांडे ने बताया- यह हमारी मजबूरी है, क्योंकि शंकराचार्य सड़क पर बैठे हैं। यहां प्रशासन और उसके गुंडे हैं जो संत के वेश में यहां घूम रहे, उनसे शंकराचार्य की जान को खतरा है। रात में आकर वीडियो बनाते हैं। पकड़े जाने पर कहते हैं कि नोटिस देने आए हैं। अविमुक्तेश्वरानंद की तबीयत अभी भी खराब है। रात में उन्होंने दवा ली थी। शुक्रवार को उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई थी। उन्हें तेज बुखार था। वहीं, सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने शंकराचार्य विवाद पर कहा- हमें खुशी है कि अविमुक्तेश्वरानंद डटे हुए हैं। एक-एक सनातनी उनके साथ है। उन्होंने कम से कम नकली सनातनियों की पोल खोल दी। हमारा उनसे सीधा संपर्क है। इससे पहले शुक्रवार को अविमुक्तेश्वरानंद ने डिप्टी सीएम केशव मौर्य को समझदार नेता बताया था। उन्होंने कहा- ऐसे व्यक्ति को मुख्यमंत्री होना चाहिए, जो समझते हैं कि अफसरों से गलती हुई है। जो अकड़ में बैठा हो, उसे मुख्यमंत्री नहीं होना चाहिए।

## मीट ग्राइंडर में निकला 2.89 करोड़ का गोल्ड, रियाद से आया था पार्सल

### डीआरआई मुंबई ने दो को किया गिरफ्तार

एजेंसी ▸▸ मुंबई



मुंबई में डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस ने बेहद चालाकी से किए जा रहे सोने की तस्करी का पदार्फाश किया है। इस कार्रवाई में डीआरआई मुंबई ने अंतरराष्ट्रीय कूरियर के जरिए लाया गया 1 किलो 815 ग्राम सोना जब्त किया है।

जानकारी के अनुसार, जब्त किए गए सोने की कीमत करीब 2.89 करोड़ रुपये बताई जा रही है। यह कूरियर सऊदी अरब के रियाद से मुंबई के इंटरनेशनल कूरियर टर्मिनल पर पहुंचा था। शुरूआत में यह पार्सल बिल्कुल सामान्य लग रहा था। कागजों में इसके अंदर मीट ग्राइंडर मशीन दिखाई गई थी, लेकिन डीआरआई अधिकारियों को इसमें कुछ शक हुआ, जिसके बाद उन्होंने पार्सल की गहन जांच की। जब मीट ग्राइंडर को खोलकर देखा गया तो उसके गियर के भीतर सोने के 32 छोटे-छोटे कटे हुए टुकड़े मिले, जिन्हें बड़ी चालाकी से छिपाया गया था। कुल मिलाकर 1.815 किलो ग्राम सोना बरामद किया गया, जिसे कस्टम्स एक्ट, 1962 के तहत जब्त कर लिया गया है। इसके साथ-साथ सोना छिपाने में इस्तेमाल की गई मीट ग्राइंडर मशीन को भी जब्त किया गया। डीआरआई ने तुरंत आगे की जांच करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया।

### बर्फीले तूफान को लेकर 25-26 जनवरी के लिए जारी हुई एडवाइजरी

## न्यूयॉर्क और नेवार्क की एयर इंडिया की सभी उड़ानें रद्द

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिका में आने वाले ऐतिहासिक और भीषण विंटर स्टॉर्म (बर्फीले तूफान) के खतरे को देखते हुए एयर इंडिया ने बड़ा फैसला लिया है। एयरलाइन ने 25 और 26 जनवरी को न्यूयॉर्क और न्यू जर्सी के नेवार्क हवाई अड्डे से आने-जाने वाली अपनी सभी उड़ानें रद्द कर दी हैं।

यह कदम यात्रियों और क्रू मेंबर्स की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। एयरलाइन ने एक ट्रैवल एडवाइजरी जारी करते हुए बताया है कि अमेरिका के ईस्ट कोस्ट, विशेषकर न्यूयॉर्क और न्यू जर्सी के इलाकों में रविवार सुबह से सोमवार तक भारी बर्फबारी और कड़ाके की ठंड पड़ने की प्रबल संभावना है, जिससे हवाई यातायात संचालन पर गंभीर असर पड़ सकता है। इस प्राकृतिक आपदा की गंभीरता को देखते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी बयान जारी कर प्रशासन की तैयारियों की जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि व्हाइट हाउस हालात पर पैनी नजर बनाए हुए है और फेडरल इमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी को पूरी तरह अलर्ट मोड पर रखा गया है। राष्ट्रपति ने बताया कि संघीय और स्थानीय एजेंसियों को किसी भी आपात स्थिति से निपटने के निर्देश दे दिए गए हैं। वहीं, मौसम विशेषज्ञों ने आम लोगों से अपील की है कि वे बेहद जरूरी होने पर ही यात्रा करें और आधिकारिक मौसम अपडेट पर नजर रखें। एयर इंडिया ने भी अपने यात्रियों को सलाह दी है कि वे फ्लाइट स्टेटस की जानकारी के लिए लगातार आधिकारिक वेबसाइट और कस्टमर सपोर्ट के संपर्क में रहें।




#### करोड़ों लोगों पर तूफान का खतरा अन्य एयरलाइंस भी प्रभावित

अमेरिका इस समय एक रिकॉर्ड तोड़ विंटर स्टॉर्म की चपेट में है, जिसका असर सेंट्रल प्लेन्स से लेकर नॉर्थ-ईस्ट तक देखने को मिल रहा है। नेशनल वेदर सर्विस ने गंभीर चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि यह तूफान करोड़ों लोगों के जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर सकता है। मौसम विभाग के अनुसार, भारी बर्फबारी, बर्फीली बारिश और खतरनाक ठंड के कारण स्थिति बेहद नाजुक हो सकती है।

### दावे के मुताबिक सरपंच ने चुनाव में जनता से कुत्तों से छुटकारा दिलाने का वादा किया था

# तेलंगाना में जहरीला इंजेक्शन देकर 300 कुत्तों की हत्या

एजेंसी ▸▸ हैदराबाद

तेलंगाना के जगतियाल जिले के पेगडापल्ली गांव में 300 आवारा कुत्तों की जहरीला इंजेक्शन देकर हत्या कर दी गई। एक एनिमल राइट्स एक्टिविस्ट के दावे के मुताबिक गांव के सरपंच ने दिसंबर में हुए चुनाव में जनता से कुत्तों से छुटकारा दिलाने का वादा किया था।

मामले में इठर और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। एफआईआर में गांव के सरपंच और ग्राम पंचायत सचिव को दोषी ठहराया गया। शिकायत में आरोप लगाया गया कि सरपंच ने आवारा कुत्तों को मारने के लिए कुछ लोगों को काम पर रखा था। इससे पहले जनवरी में ही तेलंगाना में कुल 600 कुत्तों को अलग-अलग गांवों में जहर देकर मारने की घटना सामने आई थीं।



इससे मरने वाले कुल कुत्तों की संख्या 900 पहुंच गई है। पुलिस ने बताया कि दफनाने की जगह से लगभग 70 से 80 कुत्तों के शव निकाले गए। ऐसा लग रहा था कि शवों को तीन से चार दिन पहले दफनाया गया था। उन्होंने कहा कि इस स्तर पर, हम घटना में आरोपियों की संलिप्तता की पुष्टि नहीं कर सकते। उन्होंने आगे कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है और आगे की जांच जारी है।

#### 14 जनवरी को पहला केस सामने आया

तेलंगाना के गांवों में ग्राम पंचायत चुनाव के बाद बड़े पैमाने पर आवारा कुत्तों को मारने के मामले सामने आए हैं। बीते एक हफ्ते में अलग-अलग जिलों के गांवों में करीब 600 कुत्तों की कथित तौर पर हत्या की गई। पालवंचा मंडल के 5 गांवों- भवानीपेट, पालवंचा, फरीदपेट, वाड़ी और बंदारामेश्वरपल्ली गांवों में बीते दो-तीन दिनों में करीब 200-300 आवारा कुत्तों को मारने का आरोप है। पुलिस ने पांच सरपंचों सहित छह लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इससे पहले, हनमकोंडा जिले के श्यामपेट और अरेपल्ली गांवों में 6 जनवरी से 9 जनवरी के बीच लगभग 300 आवारा कुत्तों की हत्या का मामला सामने आया था। पुलिस ने इस संबंध में दो महिला सरपंचों और उनके पतियों सहित नौ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

### राहुल गांधी ने लगाया आरोप

## जहां-जहां एसआईआर वहां-वहां वोट चोरी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में आरोप लगाया कि गुजरात में एसआईआर के नाम पर जो कुछ किया जा रहा है, वह किसी भी तरह की प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं है यह सुनियोजित, संगठित और रणनीतिक वोट चोरी है। सबसे चौंकाने वाली और खतरनाक बात यह है कि एक ही नाम से हजारों-हजार आपत्तियां दर्ज की गईं। चुन-चुनकर खास वर्गों और कांग्रेस समर्थक बूथों के वोट काटे गए। जहां बीजेपी को हार दिखती है, वहां मतदाता ही सिस्टम से गायब कर दिए जाते हैं। यही पैटर्न आलंद में दिखा। यही राजुरा में हुआ, और अब वही ब्लूप्रिंट गुजरात, राजस्थान और हर उस राज्य में लागू किया जा रहा है जहां एसआईआर थोपा गया है। एसआईआर को एक व्यक्ति, एक वोट के संवैधानिक अधिकार को खत्म करने के हथियार में बदल दिया गया है- ताकि जनता नहीं, बीजेपी तय करे कि सत्ता में कौन रहेगा।

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शनिवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

दुसरे कार्यकाल में विधायक मालवीय ने जनअपेक्षा की दबंग कार्यशैली अपनाई, संगठन का दबदबा बढा तो अनअपेक्षाओं की पूर्ति में भी तेजी से कार्य हुए

# घट्टिया विधानसभा विकास की पटरी पर सरपट चला

दिनेश सोलंकी ▸▸ उन्हेल

घट्टिया विधानसभा के दूसरी बार के विधायक सतीश मालवीय विकास के साथ हर क्षेत्र में अग्रणी है। इनके नेतृत्व में विकास सरपट चला है। संगठन का दबदबा बराबर आगे की और बढ रहा है। अपनी कार्यशैली से कार्यों को प्राथमिकता से करवा रहे हैं। बीते 2 वर्षों में घट्टिया ने विकास की नई गति को प्राप्त किया है। विधायक की दबंग कार्य प्रवृत्ति आमजन भी इनसे काफी खुश है।

विकास की बात करे तो इनका प्रथम कार्यकाल 2013 का भी अन्य विधायको की तुलना मे अच्छा रहा। वर्तमान कार्यकाल में अभी के 2 वर्षों में करोडो के कार्य उन्हेल क्षेत्र में ही करवा चुके है। करोडो के कार्य प्रचलित है। प्रथम कार्यकाल मे अन्य विकास कार्य के साथ उन्हेल के लिए बडी उपलब्धि उन्हेल का नवीन बस स्टेण्ड एवं स्टेडियम रहा है। उन्हेल नगर परिषद स्वच्छता के मामले में राष्ट्रपति पुरस्कार मिल चुका है। उस समय कांग्रेस की छाया पाटनी निर्दलीय अध्यक्ष थी। मालवीय के प्रयासों से छाया पाटनी एवं सचिन पाटनी ने भी भाजपा की सदस्यता ले ली। आपने जिसको विधानसभा का चुनाव हराया वो भी भाजपा की शरण में आ गये। वैसे बात उन्हेल क्षेत्र की कि जाए तो जानकारी के अनुसार सबसे अधिक विकास कार्य श्री मालवीय के कार्यकाल में हुए हैं।



### 4 दशक में इनके हाथ रही विकास की बागडौर

करीब 4 दशक पहले 1985 में कांग्रेस के अंवतिका प्रसाद मरमट यहां के विधायक थे। उन्होने घट्टिया को नवोदय विद्यालय दिया। उसके बाद 2 विधायक भाजपा के बने, रामेश्वर अखण्ड एवं डॉ. नारायण परमार वो भी अपनी कोई विशेष छाप नही छोड पाये। काग्रेस के रामलाल मालवीय तीन बार विधायक रहे। इन्होंने बीच में दो ब्रेक भी लिए। मेलनाथ डेम के अलावा कोई विशेष उपलब्धि सामने नहीं है। इस दौरान उन्हेल क्षेत्र को मिलने वाला नवोदय विघालय पास के पिपल्या मोलू में स्वीकृत होकर जमीन अधिग्रहण की कार्यवाही भी शुरू हो गई थी। उसके बाद भी स्वीकृत हुआ नवोदय विद्यालय तत्कालीन नागदा खाचरौद के विधायक दिलीप गुर्जर अपने क्षेत्र के बुरानाबाद ले गये, जबकि वहां पिपल्या मोलू की अपेक्षा अधिग्रहित राजस्व भूमि भी कम थी, वैसे तो यह योजना केन्द्र की थी, उस समय केन्द्र में कांग्रेस की ही सरकार थी। तत्कालीन सांसद से असमन्वय होने का फायदा दिलीप गुर्जर ने उठाया।

### संगठन का दबदबा बढाया

विधायक मालवीय ने क्षेत्र में भाजपा संगठन का दबदबा बनाया है। उनकी कार्यपद्धति से प्रभावित होकर उन्हेल क्षेत्र में कांगेस से जीते सरपंचो में से कई भाजपा में शामिल हो गए। कांग्रेस के पास अब सिर्फ 3 सरपंच ही बचे है जिसमें पांसलोद की कलाबाई जीवन मालवीय, बेडावन के मोहन गाजी और करनावद के श्यामदास बैरागी है। इनमें से एक का तो अघोषित तौर पर आपको समर्थन रहा है। क्षेत्र में भाजपा के मंडल अध्यक्ष राजकुमार जैन एवं कांग्रेस के शंकर पटेल साफ एवं स्वच्छ छविः के है। दोनो ही अपनी पार्टी के लिए ईमानदारी से कार्य करते रहते है। नगर परिषद अध्यक्ष शांतीलाल हल्कारा एक वर्ष के कार्यकाल में विधायक के कार्यों के सहारे अपना नाम कर रहे हैं।वर्तमान में उन्हेल क्षेत्र मे नगर परिषद के नवीन भवन का कार्य, महिला कॉम्लेक्स, नवीन बस स्टेण्ड से मालीपुरा तक नाला निर्माण, महाविघालय निर्माण एवं पुराने बस स्टेण्ड पर दुकानो का निर्माण कार्य चल रहा है। मुख्यमंत्री के उन्हेल की सभा में कचोरी की तारीफ के बाद बस स्टेण्ड पर विधायक ने 26 दुकानें बनवा दी।

### व्यवहार पर सवाल लेकिन जनता से सीधा संपर्क

क्षेत्र की दबी छुपी जुबान से जाने तो आपका व्यवहार अच्छा नहीं, आप फोन पर बात नहीं करते, आपके किये गये कार्य एवं दबंगता से आपको वोट मिल जाते है। आपके व्यवहार को देखते हुये तो आपको कोई वोट ही नहीं दे। छुट भैया नेता एवं दलाल परेशान है क्योंकि जनता से सीधा संपर्क है और किसकी कितनी औकात है, इसका आकलन भी आपके पास है। उल्लेखनीय है कि 2013 में श्री मालवीय और मुख्यमंत्री दोनों ही प्रथम बार के विधायक थे। वर्तमान मुख्यमंत्री डा.यादव उस दौरान कृषि उपज मंडी उज्जैन में घट्टिया विधायक प्रतिनिधि बनाए गए थे। ऐसे में अब तो क्षेत्र में विधायक के लिए लालबत्ती की इच्छा भी जनता जताने लगी है।

## ठंड में माहौल गर्माया...




वैसे तो वर्तमान में ठंड का क्षेत्र में कोई विशेष असर नहीं है। तकरीबन सहज एवं सामान्य ठंड है। रात में थोडी गहरा जाती है।कभी झकभी ठंडी हवाओं का दौर शुरू हो जाता है तो असर भी गहरा जाता है। दिन में सूर्य की रोशनी से आमजन को राहत मिल रही है, फिर भी ठंड का असर बरकरार है। ऐसे मौसम में आकस्मिक रूप से क्षेत्र में पिछले दो-तीन दिनों से माहौल गमार्या । इससे काफी आर्थिक नुकसान भी हुआ है। विवाद में बागड का नाश भी हुआ। वर्दी एवं प्रशासन ने जैसे-तैसे इस गर्माए माहौल को काबू किया है। आधी बताई-आधी छुपाई जैसे हाल में बातें बाहर आई और बहुत कुछ हुआ। पहले दिन तो आकस्मिक गर्माहट का नतीजा सामने आया। क्रिया की प्रतिक्रिया भी हुई समझ में आया लेकिन दुसरे दिन माहौल में गर्माहट कैसे पैदा हो गई यह समझ से परे हैं। जिम्मेदारों ने जब रात से ही गर्माहट को नियंत्रित करने के लिए ठंडी हवाओं के झोकों की व्यवस्था कर ली थी। यहां तक की बडे कुलर चालू किए जा चुके थे। पावर हाउस से फूल टाईम निर्बाध रूप से उर्जा मिल रही थी उसके उपरांत भी गर्माहट फैलने पर सवाल खडे हो रहे हैं। दुसरे दिन जमकर खबर नवीसों को भी मसाला मिला और वे फिल्ड में उतर पडे। इसे लेकर स्थानीय स्तर पर ही नहीं प्रदेश की राजधानी एवं देश की राजधानी तक ने दुसरे दिन के मामले को गंभीरता से लिया है। उसकी पूरी रिपोर्टिंग पहुंची हैं। खास यह रहा कि जिले में चल रही इस गर्माहट के दरमियान दुसरे दिन पास के जिले में सुबह से इसकी तासीर रही लेकिन गर्माहट कोई नहीं ले पाया। पुरा माहौल सामान्य तापमान से उपर नहीं जा पाया। पूरे समय हल्की गर्माहट पर ठंडी हवाओं के झोकों से माहौल में कपकपी सी पैदा होती रही। खुसूर-फुसूर है कि पहले दिन ही समय पर गर्माहट पर बर्फबारी की हवा को प्रभावी हो जाती तो दुसरे दिन जिले के इस गर्माहट वाले हिस्से में भी तापमान सामान्य से उपर नहीं जा पाता। इसके साथ ही दुसरे दिन सुबह से ही ठंडी हवाओं के झोकों को तेज कर दिया जाता तो कपकपी के हाल में इस गर्माहट का आलम दूर हो जाता।

# महाकाल लोक का कमलकुंड अब कमल से आच्छादित होगा

10 से अधिक विश्व प्रसिद्ध प्रजातियाँ लगाई गई,कुंड में लारवाभक्षी मछलियां छोडी, श्रद्धालुओं को लक्ष्मी कमल, विष्णु कमल और सहस्त्रदल कमल देखने को मिलेंगे



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

श्री महाकालेश्वर मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को आगामी समय में 10 से अधिक विश्व प्रसिद्ध कमल की प्रजातियां देखने को मिलेगी। महाकाल लोक का कमलकुंड जल्द ही लक्ष्मी कमल, विष्णु कमल और सहस्त्रदल कमल से आच्छादित होने वाला है। वसंत पंचमी के अवसर पर श्री महाकाल महालोक लोक में दुर्लभ प्रजाति के कमल लगाये गये। इस अवसर पर श्री महाकालेश्वर मंदिर समिति के विशेष कर्तव्य सुरक्षा अधिकारी जयंत राठौर, इंजी. शिवकांत पाण्डे एवं मंदिर कर्मचारी उपस्थित रहें।

मंदिर प्रबंध समिति के सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल ने बताया कि भारत माता मंदिर के पीछे महाकाल लोक में बने करीब 20 बाय 20 के कमल कुंड में विभिन्न दुर्लभ प्रजातियों के कमल के पौधों का रोपण वास्तु कमल के विशेषज्ञ प्रमोद गायकवाड द्वारा किया गया। जिसमें लक्ष्मी कमल, विष्णु कमल और सहस्त्रदल कमल जैसी 10 से अधिक विश्व प्रसिद्ध प्रजातियाँ लगाई गई हैं। श्री गायकवाड के अनुसार ये कमल पुष्प 150 दिनों तक खिलेंगे जो आगामी 40-50 दिनों में विकसित होकर लगभग 150 दिनों तक फूलों से लदे रहेंगे।

### कुंड में मछलियां छोडी

श्री जूनवाल के अनुसार कमल कुंड के पानी में लार्वा एवं मच्छरों की रोकथाम कीटों से बचाव के लिए पानी में गप्पी और मौली मछलियाँ छोड़ी गई हैं। ये मछलियां लार्वाभक्षी होती हैं और जल को शुद्ध रखने में इनसे मदद मिलेगी।

### सफल रहे तो तालाब एवं कुंड में भी छोडेंगे

श्री जूनवाल के अनुसार कुंड में मच्छरों की रोकथाम एवं कीटों से बचाव के साथ पानी को शुद्ध रखने में अगर बेहतर परिणाम सामने आते हैं तो आगामी समय में इन मछलियों को रूद्रसागर एवं कोटितीर्थ कुंड में भी छोडे जाने की योजना बनाई जाएगी। इसके लिए अलग से गप्पी एवं मौली मछलियां नहीं लाना पडेगी। ये मछलियां बहुत ही कम समय में हजारों अंडे देती हैं और उससे इनकी संख्या में जमकर इजाफा होता है।

## ईपीएस-95 पेंशन बढ़ोतरी की मांग को लेकर करेंगे धरना प्रदर्शन



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

ईपीएस-95 राष्ट्रीय संगठन के निदेर्शानुसार शुक्रवार को संभागीय संगठन उज्जैन द्वारा धरना-प्रदर्शन कर केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया के नाम ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन संयुक्त आयुक्त भविष्य निधि कार्यालय उज्जैन में धरना प्रदर्शन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। साथ ही ज्ञापन की प्रतिलिपि माननीय कलेक्टर उज्जैन तथा उज्जैन सांसद अनिल फिरोजिया को भी सौंपकर पेंशनर्स की मांगों से अवगत कराया गया।

संगठन ने मांग की कि ईपीएस-95 के अंतर्गत पेंशनरों को न्यूनतम ₹7,000 से ₹7,500 मासिक पेंशन महंगाई भत्ते (डीए) सहित तत्काल स्वीकृत की जाए, अन्यथा पेंशनर्स आंदोलन को और उग्र रूप देंगे।धरना-प्रदर्शन में नरेंद्र कुमार नागर (संभागीय अध्यक्ष), राधेश्याम पांचाल (संभागीय उपाध्यक्ष), रूपसिंह ठाकुर (जिला अध्यक्ष), जगदीश श्रीवास्तव (जिला उपाध्यक्ष), राधेश्याम विश्वकर्मा (संभागीय सचिव), मलखानसिंह राजपूत, सुरेश मेहता और महेंद्र प्रजापति सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

## कॉलेज चलो अभियान का शुभारंभ



उज्जैन। भारत में उच्च शिक्षा सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण है। उच्च शिक्षा बेहतर करियर बनाने में सहायता करती है। युवा पीढ़ी को इसका अधिकतम लाभ लेते हुए अपने ज्ञान और कौशल में अभिवृद्धि करनी चाहिए। कॉलेज में प्रवेश लेने, ड्रॉप आउट रोकने और सतत शिक्षारत रहने का आव्हान करते हुए श्री शांतिलाल जैन, सीईओ ने महाराजा महाविद्यालय में कॉलेज चलो अभियान का शुभारंभ बसंत पंचमी के पावन अवसर पर किया। श्री जैन ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी तथा प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव द्वारा लांच किए गए इस अभियान को हम सभी को मिलकर सफल बनाना है। इस अवसर पर विद्यार्थियों में उच्च शिक्षा के प्रति अभिरुचि पैदा करने के उद्देश्य से एक जागरूकता रैली का आयोजन भी किया गया जिसमें बड़ी संख्या में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया। श्री आर. यू. खान, प्राचार्य ने विद्यार्थियों को कॉलेज में प्रवेश लेने की प्रेरणा प्रदान की।

अभियान के प्रारंभ में बसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण किया गया। कार्यकारी निदेशक डॉ. चित्रांगद उपाध्याय ने अपने विचारों को व्यक्त करते हुए कहा कि "वसंत पंचमी उत्सव उमंग एवं उत्साह का दिन होता है वसंत ऋतु आते ही प्रकृति का कण-कण खिल उठता है।

## रेलवे स्टेशन पर क्राउड मैनेजमेंट सिस्टम विकसित करें



**उज्जैन।** मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति की बैठक मंडल कार्यालय रतलाम में आयोजित की गई। इसमें उज्जैन से राजेश शर्मा और एमसी जाखड़ सहित इंदौर, रतलाम, देवास, मंदसौर, नीमच, दाहोद के सदस्यों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों की रेल यात्री सुविधाओं, समस्याओं एवं सुझावों को रखा।

बैठक की अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक अश्विन कुमार ने की। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक हीना केवलरमानी सहित मंडल के विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। मंडल रेल प्रबंधक ने सभी सदस्यों को आश्वस्त किया कि उनके सुझावों पर सकारात्मक रूप से विचार किया जाएगा। बै बैठक में मंडल रेल प्रबंधक ने समिति के सभी सदस्यों को रेल वन एप के बारे में विस्तृत जानकारी दी और सदस्यों से अपने स्तर पर उपभोक्ताओं तक इसकी जानकारी साझा करने का आग्रह किया। बैठक में चुनाव प्रक्रिया के माध्यम से तरुण व्यास (इंदौर) का चयन क्षेत्रीय रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति, पश्चिम रेलवे मुंबई के प्रतिनिधि के रूप में किया गया। ट्रेनों में वीआईपी कोटा उपलब्ध कराने की भी मांग सदस्यों ने कहा उज्जैन में महाकाल मंदिर में दर्शनार्थियों की संख्या कभी भी अचानक बढ़ जाती है। इससे स्टेशन पर भारी भीड़ जमा हो जाती है। इसके लिए जरूरी है कि उज्जैन में क्राउड मैनेजमेंट सिस्टम विकसित किया जाए। फ्रंट लाइन कर्मचारियों को सीपीआर की ट्रेनिंग देने, प्लेटफॉर्म पर कुलियों की संख्या बढ़ाने के प्रस्ताव भी रखे। इसके अलावा जयपुर-मैसूर, पुरी-जोधपुर, हैदराबाद-हिसार, हैदराबाद-जयपुर, काचीगुड़ा-भगत की कोठी जैसी ट्रेनों में वीआईपी कोटा उपलब्ध कराने की भी मांग रखी गई। गाड़ी के समय को रात 12 बजे से पहले किया जाए बैठक में उज्जैन को लेकर कुछ प्रमुख मांगें और सुझाव रखे गए।

# महाकाल दर्शन के लिए आए श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब, लगता रहा जाम

शनिवार शाम महाकाल मंदिर तरफ जाने वाले कई मार्गों पर लगता रहा लंबा जाम, जाम के चलते वाहन रुक रुक के चल रहे थे



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शनिवार शाम महाकाल दर्शन के लिए शहर में बाहर के श्रद्धालुओं का जबरदस्त सैलाब उमड़ा, इस कारण महाकाल की तरफ जाने वाले मार्गों की यातायात व्यवस्था बिगड़ती रही, हालत यह थे कि कई देर तक लोग जाम में फंसे रहे, जाम के चलते वाहन रुक रुक के चल रहे थे जाम को खुलवाने के लिए सड़कों पर ट्रैफिक पुलिस भी पर्याप्त मात्रा में नहीं थी। इस कारण वाहन चालक एक दूसरे से आगे निकलने की होड़ में और भी जाम लगा रहे थे। देर शाम तक वाहन रेंगते रहे। कई वाहन चालक जाम की स्थिति को देखकर लौट रहे थे तो कई रास्ता बदलकर निकलने का प्रयास कर रहे थे। शनिवार शाम बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ अचानक बढ़ गई, जिसके चलते नानाखेड़ा, इंदौर रोड, हरी फाटक चौराहा, हरिफाटक पुल, गुदरी चौराहा, सहित अन्य महाकाल मंदिर की तरफ जाने वाले मार्गों पर जाम की स्थिति बनी रही, महाकाल क्षेत्र के सभी वाहन पार्किंग फुल हो गये तथा लोगों को गाड़ी खड़ी करने के लिए भी जगह नहीं मिल रही थी। शनिवार रविवार महाकाल दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उज्जैन पहुंचते हैं इस कारण महाकाल मंदिर की तरफ जाने वाले मार्गों की यातायात व्यवस्था बिगड़ी रहती है। सबसे ज्यादा नानाखेड़ा, हरीफाटक चौराहा, हरि फाटक पुल, जंतर-मंतर, गधा पुलिया, लोहे का पुल, गुदरी चौराहा सहित दौलतगंज चौराहे पर जाम की स्थिति निर्मित होती है । शनिवार शाम इन सभी मार्गों पर 10-10 मिनट में जाम लगता रहा। ऐसे में वाहन चालक कई देर तक जाम में फंसे रहे।

**महिला कारीगर की आवश्यकता है**
हैंडमेड ज्वैलरी बनाने हेतु शीघ्र 4 महिला कारीगर की आवश्यकता है।
समय :- 2 से 7 बजे तक (3 से 4 घंटे रोज)
वेतनः- कार्य करने पर निर्भर (10 हजार+)
ऐसी महिला कारीगर की आवश्यकता है जो एंब्रॉयडरी, सिलाई, बुनाई जैसे काम में कार्यरत हो ।।
संपर्क सुबह 10 से शाम 6 तक केवल
कॉल 7424877834

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**आवश्यकता है**
कागज पत्तल बनाने हेतु पुरुष एवं महिलाओं की
पेपर ग्लास मशीन ऑपरेटर की पैकिंग हेतु महिलाओं की हेल्पर हेतु लड़को की
शीघ्र संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 इंडस्ट्रियल एरिया मक्सी रोड प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**कृषि भूमि बेचना है**
• उज्जैन से मात्र 16 किमी पर 5 बीघा ग्राम आँवलिया में मात्र 22 लाख रुपये बीघा
• 25X60 का प्लॉट बेचना है एमपी नगर में
• 13X50 का मकान बेचना है मक्सी रोड एम आर 5 रोड पर
• 17X30 तीन मंजिला मकान बेचना है मेन रोड पर सांदीपनी नगर एम आर 5 रोड पर
मो. 9301388290, 9340903559

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**अमरूद बेचना है**
अमरूद का बगीचा जवासिया कुमार, लालपुर, उज्जैन में चार बीघा में करीब 400 अमरूद के पेड़ अच्छी बहार आई फल बेचना है।
: संपर्क :
7746856444

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**आवश्यकता**
गैस एजेंसी पर ऑफिस कार्य हेतु महिला/पुरूष की
कंप्यूटर का ज्ञान आवश्यक
गैस एजेंसी के अनुभवी को प्राथमिकता
शीघ्र संपर्क करे
मंगलमूर्ति गैस एजेंसी नजर अली मार्ग, ललूजी एंड सस के सामने, उज्जैन
संपर्क: 9425093658

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज ब्रीफ

### गभार्धान के माध्यम से गोवंश की उन्नत नस्ल तैयार-बघेल

**उज्जैन।** भारत सरकार के केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और दुग्ध उत्पादन व पंचायती राज मंत्रालय के राज्यमंत्री डॉ.एसपी सिंह बघेल ने शुक्रवार को मत्स्य पालन, पशुपालन और दुग्ध उत्पादन व पंचायती राज विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली। केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. बघेल ने गौवंश के अभियान के तहत चयनित गौवंशों में कृत्रिम गभार्धान के कार्यों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए जिससे दुग्ध उत्पादन बढ़ाया जा सके। उक्त कार्य के लिए उन्होंने जिला पंचायत, जनपद पंचायत और सरपंचों की बैठक लेकर विशेषज्ञ के माध्यम से कृत्रिम गभार्धान के माध्यम से 90 प्रतिशत गोवंश प्राप्त होने के उपाय बताए। केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. बघेल ने निर्देश दिए कि सांडों के बधियाकरण को प्राथमिकता दें, जिससे पशुओं से होने वाली घटनाओं में कमी आ सके। उन्होंने कहा कि जिले में कहीं भी सिंथेटिक दूध का विक्रय नहीं हो इसका ध्यान रखा जाए। केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. बघेल ने निर्देश दिए कि जिला पंचायत के माध्यम से गांवों में कम्युनिटी हाल का निर्माण कराया जाए। जिससे ग्रामीणों को सभी प्रकार के आयोजन करने में सुविधा मिलेगी। बैठक के दौरान राज्यमंत्री डॉ. बघेल ने ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री दुर्घटना बीमा कराने और 70 वर्ष के ग्रामीण जनों को आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए ।बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि गांव में मंगल भवन बनाए गए है। ऐसे भवन का उपयोग ग्रामीण जन द्वारा किया जा सके। इससे ग्रामीणों को योजना का लाभ मिल सकें। कलेक्टर सिंह ने जिले में आयुष्मान कार्ड की यथास्थिति की जानकारी दी। राज्यमंत्री डॉ. बघेल ने मत्स्य विभाग के अधिकारी से भी जिले में किए जा रहे मछली पालन की जानकारी ली।बैठक में पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा जानकारी दी कि क्षीर धारा ग्राम के चयन की तीन वर्षीय रणनीति तैयार की गई है। इसमें उन्नत पशुपालकों की उपलब्धता एवं पशुपालन की विभिन्न विधाओं में उनकी जागरूकता, पशुओं में टीकाकरण का स्तर, उन्नत नस्ल के गिर, साहीवाल और मुर्रा पशुओं की संख्या व टैगिंग के स्तर पर कार्य किया जा रहा है। उपलब्ध पशुओं में उच्च नस्ल से गर्भधारण कराने के साथ ही पशुओं की जानकारी भारत पशुधन पोर्टल पर प्रविष्टि की जा रही है। मंत्री डॉ. बघेल ने कहा कि दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए गोवंश की ओर ध्यान देते हुए पशुपालकों व किसानों को पशुओं में कृत्रिम गभार्धान के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। दुग्ध संघ के माध्यम से जानकारी दी गई कि जिले में 150 नई दुग्ध समितियां गठित की गई है। वहीं दुग्ध उत्पादन भी पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष बढ़कर 2 लाख 20 हजार लीटर के संकलन पर पहुंच गया है।

### राधास्वामी सतसंग घर में मनाया बसंत पंचमी पर्व

**उज्जैन।** राधास्वामी सतसंग घर शक्करवासा(नागझिरी) में बसंत पंचमी पर्व हर्ष उल्लास और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर सतसंग घर को रंगीन रोशनी फूलो एक रांगोली से भव्य रूप से सजाया गया। बसंत पंचमी का राधास्वामी मत में विशेष महत्व है। 15 फरवरी सन 1861 को बसंत पंचमी के दिन इस मत के प्रथम आचार्य, परम पुरु पुरुष पूरन धनी स्वामीजी महाराज ने इस मत की नीव रखी तथा उसी दिन सार्वजनिक सतसंग का शुभारंभ हुआ । 20 जनवरी 1915 को बसंत पंचमी के दिन ही दयालबाग आगरा की नींव रखी गयी। जो कि राधास्वामी मत का मुख्यालय है।

### अपेक्स कान्वेंट स्कूल में मनाया बसंत उत्सव

**उज्जैन।** अपेक्स कान्वेंट स्कूल में शुक्रवार को वसंत उत्सव मनाया गया इस मौके पर सीनियर हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर *विजय गर्ग द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलकर पूजा की गई उन्होंने स्टाफ एवं बच्चों को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए बच्चों को सेहत से संबंधित बातों पर प्रकाश डाला एवं बच्चों से अपने भारत देश के विषय में जनरल नॉलेज के सवाल पूछे जिनके उत्तर बच्चों द्वारा मिलने पर उन्हें उपहार स्वरूप गिफ्ट दिए इस अवसर पर स्कूल प्रिंसिपल कल्पना शर्मा के साथ पूरे टीचर स्टाफ एवं संचालक उपस्थित थे

दर्शन से लेकर भस्म आरती और दान तक, सब कुछ वेबसाइट पर

# महाकाल मंदिर अब पूरी तरह हुआ डिजिटल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

देशभर में धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। उज्जैन का श्री महाकालेश्वर मंदिर भी इससे अछूता नहीं है। हर दिन हजारों श्रद्धालु बाबा महाकाल के दर्शन के लिए उज्जैन पहुंचते हैं। भीड़, लंबी कतारें, जानकारी की कमी और बुकिंग को लेकर भ्रम ये सभी समस्याएं लंबे समय से श्रद्धालुओं के सामने रही हैं। इन्हीं चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति ने एक बड़ा और दूरदर्शी कदम उठाया है। मंदिर की नई आधिकारिक वेबसाइट www.shrimahakaleshwar.mp.gov.in लॉन्च कर दी गई है। इस एक प्लेटफॉर्म के जरिए अब दर्शन, पूजन, भस्म आरती, अतिथि निवास बुकिंग और ऑनलाइन दान जैसी सभी सेवाएं उपलब्ध होंगी।



### शीघ्र दर्शन बुकिंग का आसान प्रोसेस

महाकाल मंदिर में शीघ्र दर्शन की मांग सबसे ज्यादा रहती है। नई वेबसाइट पर इसका प्रोसेस बेहद सरल रखा गया है, ताकि हर उम्र का व्यक्ति इसे आसानी से समझ सके। शीघ्र दर्शन बुक करने के लिए श्रद्धालु को सबसे पहले वेबसाइट के होम पेज पर जाना होगा। वहां शीघ्र दर्शन के विकल्प पर क्लिक करना होगा। इसके बाद मोबाइल नंबर दर्ज कर सबमिट करना होगा। मोबाइल पर आए ओटीपी को वेरीफाई करने के बाद श्रद्धालु अपनी जरूरी जानकारी भरकर उपलब्ध स्लॉट में से अपना समय चुन सकते हैं। इस प्रक्रिया के पूरा होते ही बुकिंग कन्फर्म हो जाती है। श्रद्धालु को न तो लाइन में लगने की चिंता रहेगी और न ही किसी तरह की अव्यवस्था का सामना करना पड़ेगा।

### नई सरकारी वेबसाइट से क्या-क्या सुविधाएं मिलेंगी

महाकाल मंदिर की इस डिजिटल पहल का सबसे बड़ा फायदा यह है कि श्रद्धालुओं को अलग-अलग प्लेटफॉर्म या दलालों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। एक ही वेबसाइट पर सभी जरूरी सेवाएं एक जगह मिलेंगी। इस वेबसाइट पर होम पेज पर जाते ही श्रद्धालुओं को साफ तौर पर ये विकल्प दिखाई देंगे शीघ्र दर्शन, भस्म आरती बुकिंग, विशेष पूजन, अतिथि निवास बुकिंग, ऑनलाइन दान, सरकारी डोमेन gov.in पर बनी यह वेबसाइट साइबर सुरक्षा के लिहाज से भी मजबूत मानी जा रही है। इससे फर्जी वेबसाइट और ठगी की आशंका काफी हद तक कम हो जाएगी।

### भस्म आरती और पूजन बुकिंग अब पूरी तरह ऑनलाइन

महाकाल मंदिर की भस्म आरती देश-विदेश में प्रसिद्ध है। इसे देखने और इसमें शामिल होने की इच्छा हर श्रद्धालु की होती है, लेकिन सीमित संख्या के कारण यह हमेशा आसान नहीं होता। नई वेबसाइट के जरिए भस्म आरती बुकिंग को पूरी तरह ऑनलाइन और पारदर्शी बना दिया गया है। श्रद्धालु अब पहले से उपलब्ध तारीख और स्लॉट देखकर बुकिंग कर सकते हैं। इसी तरह विशेष पूजन, रुद्राभिषेक और अन्य धार्मिक अनुष्ठानों की जानकारी भी वेबसाइट पर साफ शब्दों में दी गई है। इससे न सिर्फ श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी, बल्कि मंदिर प्रशासन को भी व्यवस्थाओं को बेहतर तरीके से संभालने में मदद मिलेगी।

### भक्त निवास परियोजना: 672 करोड़ की बड़ी योजना

महाकाल मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए ठहरने की सुविधा हमेशा एक बड़ा सवाल रही है। इसे ध्यान में रखते हुए श्री महाकालेश्वर भक्त निवास परियोजना पर तेजी से काम किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, यह परियोजना लगभग 672 करोड़ रुपये की लागत से 18.65 एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही है। इस विशाल परियोजना में करीब 3,000 कमरे, भोजनालय, पार्किंग और अन्य आधुनिक सुविधाएं शामिल होंगी। नई वेबसाइट के जरिए श्रद्धालु न सिर्फ अतिथि निवास की बुकिंग कर सकेंगे, बल्कि इस परियोजना के लिए दान भी दे सकेंगे। जो लोग कमरों के निर्माण या अन्य सुविधाओं में सहयोग करना चाहते हैं, उनके लिए भी यह पोर्टल एक आसान माध्यम बनेगा।

# शांति की ओर बढ़ता तराना : खुलने लगे बाजार

## रैपिड एक्शन फोर्स और अतिरिक्त पुलिस बल तैनात

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन/तराना

तराना में गुरुवार शाम से मचे उपद्रव के बाद अब यह शहर धीरे-धीरे शांति की ओर आगे बढ़ रहा है। आज सुबह बाजारों में आवाजाही भले कम रही, लेकिन मुख्य बाजारों के साथ ही गली मोहल्ले की दुकाने खुलने लगीं। इन दुकानों के खुलने से माहौल सामान्य होता नजर आया। डीआईजी नवनीत भसीन, कलेक्टर रोशन सिंह और एसपी प्रदीप शर्मा ने पुलिस बल के साथ तराना क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। अधिकारियों ने संवेदनशील इलाकों का भ्रमण कर हालात का जायजा लिया और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। पूरे क्षेत्र मे प्रशासन ने रैपिड एक्शन फोर्स और अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया है। कलेक्टर रोशन कुमार सिंह और रढ प्रदीप शर्मा खुद तराना पहुंचे। पुलिस ने अब तक 25 लोगों को हिरासत में लिया है। अधिकारियों का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है और शांति भंग करने के लिए जिम्मेदार किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।





### 2 दिन से चल रहे तनाव के बाद तराना रहा शान्त

तराना ।विगत दो दिनों से नगर में हो रहे विवाद के बाद शनिवार को नगर में शांति रही दिन में कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। हालांकि रोजमर्रा की जरूरत वाले जिचो कि दुकान खुली रही। नगर के प्रमुख मार्गों पर पुलिस बल मुस्तेद रही पुलिस बल चप्पे चप्पे पर नजर रखी हुई है ।गलियों वह चौराहों पर पुलिस कर्मी तैनात है। प्रशासन द्वारा पेट्रोलिंग भी की जा रही है। वहीं ड्रोन कैमरा से निगरानी भी की जा रही है साथ ही नगर में अधिकारियों के दौर भी चल रहे हैं। तराना में उपद्रव के बाद पुलिस इंटरनेट मीडिया पर नजर बनाई हुई है।। सांप्रदायिकता तनाव फैलाने वाले मैसेज वालों पर साइबर सेल कार्रवाई कर रही है ।गड़बड़ी करने वाले लोगों पर कार्यहवी की जाएगी। लोग भड़काऊ मैसेज ना करें और नहीं आने वाले मैसेज को फॉरवर्ड करे। विधायक महेश परमार ने कहा कि तराना भगवान तिलभांडेश्वर की, माता अहिल्या की नगरी है यह सौहार्द भाईचारे में रहने की परंपरा है ।यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। शहर का अमन चेन भाईचारा बना रहे कानून अपना काम करें हमारा पूरा सहयोग है। पूर्व भाजपा विधायक ताराचंद गोयल ने कहा कि प्रशासन अपना काम कर रहा है शान्ति अपील की है। तिल भाण्डेश्वर मंदिर के महंत मोहन भारती महाराज जूना अखाड़ा ने अपील की है कि हमारे तरह नगर की अति प्राचीन परंपरा शांति सामंजस और स्वाद में रहने की है उसी का पालन करें प्रशासन अपना काम करेगा अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलेगी।

## कानीपुरा में बनाया जाएगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, वर्कऑर्डर जारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कानीपुरा पीएम आवास मल्टी के पास नया स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाया जाएगा। यह परिसर 1.703 हेक्टेयर क्षेत्र में विकसित होगा। मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र अधोसंरचना निर्माण योजना के तहत यह प्रोजेक्ट तैयार किया है। हाल ही में भूमि पूजन हुआ। निर्माण एजेंसी को वर्कऑर्डर जारी कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया निर्माण कार्य इसी माह शुरू होगा। इस प्रोजेक्ट की कुल लागत 3.47 करोड़ रुपए है। निर्माण दो चरणों में होगा। पहले चरण में बाउंड्रीवॉल और 200 मीटर लंबा सिंथेटिक रनिंग ट्रैक बनेगा। दूसरे चरण में इनडोर स्टेडियम बिल्डिंग, ओपन गार्डन एरिया, डेकोरेटिव वेलकम वॉल, स्ट्रीट लाइटिंग और बैडमिंटन कोर्ट तैयार किया जाएगा।

इस परिसर का उद्देश्य शहर के युवाओं और खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाएं देना है। नगर निगम ने बताया, शासन स्तर पर पहले ही स्थान तय हो चुका था। अब निर्माण की स्वीकृति मिल गई है। काम जल्द पूरा किया जाएगा। परिसर में मल्टीपरपज खेल क्षेत्र, जिम्नेशियम और मलखंभ जैसी खेल सुविधाएं भी होंगी।

बाहर से आने वाले खिलाड़ियों के लिए होस्टल ब्लॉक का प्रावधान किया है, जिससे उन्हें रहने और अभ्यास करने में आसानी होगी। आगंतुकों और खिलाड़ियों के लिए पर्याप्त पार्किंग की सुविधा भी दी जाएगी। सुरक्षा के लिए गार्ड रूम और परिसर के अंदर उचित व्यवस्था की जाएगी। जल निकासी के लिए परिसर में पीछे की ओर नाला बनाया जाएगा और भविष्य में विस्तार के लिए रिजर्व लैंड भी छोड़ा जाएगा।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश के लिए परीक्षा 7 फरवरी को

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

खाचरौद तहसील के बुरानाबाद स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं और 11वीं में प्रवेश परीक्षा 07 फरवरी शनिवार को सुबह 10 बजे से आयोजित की जाएगी। प्रवेश परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिए है। विद्यार्थी ऑनलाइन लिंक के माध्यम से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते है ।जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य के अनुसार खाचरौद तहसील के बुरानाबाद स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 9वीं के लिए 689 और 11वीं के लिए 216 परीक्षार्थी पंजीकृत है। कक्षा 9वीं के लिए सरस्वती शिशु मंदिर खाचरौद एवं कक्षा 11वीं के लिए पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय बुरानाबाद खाचरौद को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षार्थियों को 07 फरवरी को सुबह 10 बजे पहुंचना अनिवार्य है।




## तिरंगे से सजा कार्तिक मेला ग्राउंड...



**उज्जैन।** गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह इस बार कार्तिक मेला ग्राउंड पर आयोजित किया जा रहा है। पिछले एक सप्ताह से मेला ग्राउंड को राष्ट्रीय पर्व के लिए तैयार किया जा रहा था जो मुख्य समारोह के लिए तैयार हो चुका है। कुछ तैयारी शेष बची हैं। जिसे रविवार को पूरा कर लिया जाएगा। ध्वजारोहण मंच के साथ ही दो अतिरिक्त मंच भी आसपास बनाए जा रहे हैं। ताकि पुराने शहर में पहली बार हो रहे राष्ट्रीय पर्व को भव्य बनाया जा सके। समारोह स्थल को तिरंगे ध्वज से सजाया गया है। समारोह स्थल पर ही परेड में शामिल होने वाली झांकियां का निर्माण भी किया जा रहा है। शनिवार को मुख्य समारोह की परेड की फाइनल रिहर्सल भी पूरी कर ली गई है।

## महाकाल मंदिर में इस वीकेंड 5 लाख भक्तों के आने का अनुमान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में शनिवार, रविवार व सोमवार को गणतंत्र दिवस पर तीन दिन में करीब पांच लाख भक्तों के महाकाल दर्शन करने आने का अनुमान है। मंदिर प्रशासन द्वारा इस वीकेंड को महाशिवरात्रि की रिहर्सल के रूप में देख रहा है। श्रद्धालुओं को कम समय में भगवान महाकाल के दर्शन कराने के लिए व्यापक तैयारी की जा रही है। भीड़ वाले इन दिनों में भक्तों को भगवान महाकाल की भस्म आरती के चलायमान दर्शन भी होंगे। मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया महाशिवरात्रि पर 44 घंटे मंदिर के पट खुलेंगे रहेंगे।

# महाकाल में पीएमश्री पर्यटकों के लिए वीआईपी दर्शन शुरू, जारी किए निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन स्थित श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग देश ही नहीं, बल्कि दुनिया भर के श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। हर दिन लाखों भक्त भगवान महाकाल के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। इसी आस्था और पर्यटन को एक साथ मजबूत करने की दिशा में मंदिर प्रशासन ने एक अहम फैसला लिया है। पीएमश्री हेली पर्यटन सेवा के तहत यात्रा करने वाले पर्यटकों को अब महाकाल मंदिर में वीआईपी दर्शन की सुविधा दी जाएगी।

इस फैसले से न केवल दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी, बल्कि मध्य प्रदेश के धार्मिक पर्यटन को भी नई गति मिलने की उम्मीद है। मंदिर प्रशासन ने इस व्यवस्था को सुव्यवस्थित और पारदर्शी बनाने के लिए स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं, ताकि सामान्य श्रद्धालुओं की व्यवस्था भी प्रभावित न हो।





महाकाल मंदिर प्रशासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार, पीएमश्री हेली पर्यटन सेवा के माध्यम से उज्जैन पहुंचने वाले पर्यटकों को अब प्रोटोकॉल दर्शन के तहत भगवान महाकाल के दर्शन कराए जाएंगे। इसके लिए प्रति श्रद्धालु 250 रुपये का निर्धारित शुल्क रखा गया है। इस शुल्क के भुगतान के बाद पर्यटकों को नियत मार्ग से शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से दर्शन की सुविधा मिलेगी।

### मंदिर प्रशासन के आदेश, कर्मचारियों की अलग-अलग शिफ्ट की तैनाती

महाकाल मंदिर के प्रशासक प्रथम कौशिक ने सोमवार को इस संबंध में औपचारिक आदेश जारी कर दिए हैं। आदेश के मुताबिक, उप प्रशासक के नेतृत्व में कर्मचारियों की अलग-अलग शिफ्टों में ड्यूटी लगाई गई है। ये कर्मचारी सुबह छह बजे से रात दस बजे तक पीएमश्री हेली सेवा से आने वाले श्रद्धालुओं को दर्शन कराएंगे।

### पिछले वर्ष 20 नवंबर से शुरू पीएमश्री हेली पर्यटन सेवा का किया विस्तार

गौरतलब है कि 20 नवंबर को महाकाल मंदिर के आंगन से पीएमश्री हेली पर्यटन सेवा की शुरूआत की गई थी। इस सेवा के तहत श्रद्धालुओं और पर्यटकों को हेलीकॉप्टर के माध्यम से ओंकारेश्वर, पचमढ़ी, बांधवगढ़ जैसे धार्मिक, प्राकृतिक और वन्य क्षेत्रों की यात्रा कराई जा रही है।



## न्यूज-कॉलम



## नेपानगर के शेख हारून को विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से सम्मानित

**बुरहानपुर।** नेपानगर के शेख हारून को 70वें रेल सप्ताह पुरुस्कार समारोह 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। शेख हारून रेल्वे सुरक्षा बल में सहायक उपनिरीक्षक हैं और ठाणे (मुंबई) में कार्यरत हैं। शेख हारून ने नेपानगर के उत्कृष्ट विद्यालय नेपा.उच्चतर माध्यमिक शाला से पढ़ाई की और 2006 से रेलवे सुरक्षा बल में सेवारत हैं। उन्होंने कटनी, खंडवा, मुम्बई, भुसावल में पदस्थ रहकर अपनी सेवाएं दी हैं। शेख हारून को यह पुरस्कार उनके उत्कृष्ट सेवा, कर्तव्यनिष्ठा और सर्वोच्च समर्पण के लिए दिया गया है। उन्होंने 1992 से 2025 तक के 68 जटिल प्रकरणों का निपटारा किया है, जिन्हें पहले असंभव माना जाता था।नेपानगर वासियों के लिए यह गौरव की बात है कि शेख हारून जैसे प्रतिभाशाली युवक ने नेपानगर का नाम रौशन किया है। शेख हारून के परिवार और नेपानगर वासियों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## जलूद में संकल्प से समाधान अभियान के तहत लगा शिविर

**मंडलेश्वर ।** महेश्वर जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत जलूद में शुक्रवार को भारत सरकार एवं राज्य सरकार की मंशा अनुरूप 'संकल्प से समाधान अभियान' का आयोजन किया गया। 'नर सेवा ही नारायण सेवा है' के मूल मंत्र को चरितार्थ करते हुए इस विशेष शिविर में ग्राम पंचायत के पात्र हितग्राहियों को विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने की मुहिम चलाई गई। कार्यक्रम में स्थानीय सरपंच व जनप्रतिनिधियों सहित समस्त विभागीय अधिकारियों ने सक्रिय रूप से सहभागिता कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। शिविर की शुरूआत में अतिथियों ने शासन की योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार पर जोर दिया ताकि अंतिम छोर के व्यक्ति तक लाभ पहुँच सके। इस महत्वपूर्ण अवसर पर पंचायत जलूद सरपंच श्रीमती गोदावरी आलोक चौहान, सचिव परमानन्द पांडे, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि कमल कानूड़े, विनोद बिल्लोरे , जितेंद्र मकवाने सहित पंचायत एवं प्रशासन का अमला उपस्थित रहा। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयों का वितरण किया, वहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शांति कानूड़े, अनिता श्रीवास्तव एवं सुनीता ने महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं की जानकारी साझा की। संकल्प से समाधान अभियान के तहत अधिकारियों ने विभिन्न आवेदनों का मौके पर ही निपटारा भी किया, जिससे ग्रामीणों को दफ्तरों के चक्कर काटने से मुक्ति मिली।

## सद्भावना मंच ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती मनाई



**खंडवा।**देश की आजादी के महान नायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती आज के अवसर पर माली कुआं स्थित सद्भावना मंच कार्यालय में स्मरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सदभावना मंच सदस्य कमल नागपाल ने बताया कि कार्यक्रम में संस्थापक प्रमोद जैन ने नेताजी के जीवन, त्याग और बलिदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने च्तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूँगाज्ज का नारा देकर देशवासियों में आजादी की अलख जगाई।आजाद हिंद फौज के गठन से उन्होंने ब्रिटिश शासन की नींव हिला दी।इस मौके पर सद्भावना मंच सदस्यों ने नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।सदस्यों ने देशभक्ति से ओत प्रोत गीत भी प्रस्तुत किए।सद्भावना मंच के संस्थापक प्रमोद जैन,पूर्व डीएसपी आनंद तोमर,सुरेन्द्र गीते,त्रिलोक चौधरी,राधेश्याम शाक्य,जी डी श्राफ,योगेश गुजराती,ललित चौरे,मुरली कोडवानी,सुनील सोमानी ,अनूप शर्मा,रामनाथ सराफ,अर्जुन बुंदेला,राजेश खांडे और अजय मंडलोई आदि उपस्थित रहे।

## 77 वां गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाएगा

**बड़वानी।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर 26 जनवरी को 77 वां गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाएगा। जिला मीडिया प्रभारी सुनील भावसार ने बताया कि 26 जनवरी, सोमवार को बड़वानी जिला भाजपा कार्यालय पर प्रातः 8 बजे भाजपा जिला अध्यक्ष अजय यादव राष्ट्रीय ध्वज को फहराएंगे। इस अवसर पर जिले के प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश भाजपा महामंत्री डॉ. सुमेरसिंह सोलंकी, खरगौन-बड़वानी लोकसभा सांसद गजेंद्र सिंह पटेल, पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेमसिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष बलवंत सिंह पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष अश्विनी निक्कू चौहान, जिला महामंत्री भागीरथ कुशवाह सहित जिला पदाधिकारी, जनप्रतिनिधगण, मोर्चा अध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। गणतंत्र दिवस को लेकर तैयारियां की जा रही है व भाजपा कार्यालय पर रंग बिरंगी रौशनी कर तिरंगे से सजाया जा रहा है।

## प्रधानमंत्री के केरल (तिरुवनंतपुरम) से आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

**बड़वानी।** 23 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के केरल (तिरुवनंतपुरम) से आयोजित कार्यक्रम का सीधा लाइव प्रसारण एलईडी स्क्रीन के माध्यम से नगर पालिका सभागृह, बड़वानी में किया गया। कार्यक्रम में पीएम स्वनिधि योजनांतर्गत ऋण वितरण, क्रेडिट कार्ड के प्रोत्साहन/शुभारंभ का सीधा प्रसारण दिखाया गया। उक्त अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष महोदया अश्विनी निक्कू चौहान, उपाध्यक्ष सुभाष भावसार द्वारा हितग्राही लक्ष्मी अहीरवाल, संतोष बाई, अशफाक मंसूरी, सबीना मुबारिक,को ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए गए।

# पीएम श्री विद्यालय पिपरी में बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर वार्षिक आनंद उत्सव का आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बाग



ग्राम पंचायत पिपरी के पीएम श्री एकीकृत शा.हाई स्कूल पिपरी मे बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर वर्षिक आनंद उत्सव/सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सर्वप्रथम श्री दयाराम पटेल सरपंच प्रतिनिधि श्री राजू मंडलोई श्री प्रेमसिंह जमरा जनप्रतिनिधि श्री राजमल जमरा एवं विधालय के समस्त स्टाफ के द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया।

कार्यक्रम मे विद्यार्थियों के द्वारा उत्साह पूर्वक भाग लेकर लोक नृत्य खेलकूद देश भक्ति गीत नाटक एकल नृत्य भाषण की रंगा रंग प्रस्तुति देकर सांस्कृतिक कार्यक्रम को उत्साह उमंग और उल्लास के साथ मनाया गया। संस्था के प्रभारी प्राचार्य श्री जगदीश अलावा के द्वारा संबोधित करते हुए कहा आज हम सभी के लिए अत्यंत हर्ष और गर्व का विषय है कि बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर बसंत उत्सव/सांस्कृतिक कार्यक्रम को उत्साह पूर्वक मनाया जा रहा है । विद्यालय एक पवित्र स्थान होता जहाँ पढाई के साथ साथ ज्ञान संस्कार अनुशासन और आत्मविश्वास का निर्माण होता है।

हमारा उद्देश्य ऐसे नागरिक तैयार करना है जो ज्ञानवान होने के साथ-साथ संवेदनशील और राष्ट्रभक्त हो। सभी विधार्थी को कहना चाहूगां कि मेहनत अनुशासन और आत्मविश्वास को अपना साथी बनाइए और सपने बडे देखिए और उन्हें पूरा करने का साहस रखिए। सभी अतिथियों अभिभावकों शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों को बसंत पंचमी और वार्षिक उत्सव की शुभकामनाएं देता हूँ।

कार्यक्रम का संचालन श्री सालमसिंह अनारे ने किया आभार श्री रामसिंह बघेल द्वारा युक्त किया गया । इस अवसर पर श्री भारतसिंह भवर श्रीमती अंगुरबाला भवर श्री दिनेश कुंभकार श्री केलसिंह मंडलोई श्रीमती रेशम चौहान श्रीमती चतरी बघेल श्रीमती मंगा बघेल श्री सुनील चौहान श्री योगेश जाधव श्रीमती मधु सिसोदिया श्री धरमसिंह गेहलोत श्री चुनीलाल बघेल श्री मुकामसिंह रावत आदि उपस्थित थे।

# रुड़की में शल्पी मोहम्मद बिलाल खत्री ने बिखेरे बाग प्रिंट के रंग

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बाग



सोसायटी फॉर द प्रमोशन ऑफ इंडियन क्लासिकल म्यूजिक एंड कल्चर अमंग्स्ट यूथ (स्पिक मैके) द्वारा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की में आयोजित 'विरासत 2026' कार्यशाला में मध्य प्रदेश की प्रसिद्ध हस्तशिल्प कला 'बाग प्रिंट' का जलवा रहा। 22 से 25 जनवरी तक चलने वाले इस सांस्कृतिक समागम में बाग (म.प्र.) के प्रतिष्ठित मास्टर क्राफ्ट्समैन और नेशनल व इंटरनेशनल अवार्डी मोहम्मद बिलाल खत्री ने युवाओं को इस प्राचीन कला की बारीकियों से रूबरू कराया।

कार्यशाला के शुरूआती दिनों (22-23 जनवरी) में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक लकड़ी के पारंपरिक ठप्पों (ब्लॉक्स) और प्राकृतिक रंगों का उपयोग कर सुंदर डिजाइन तैयार किए। बिलाल खत्री ने विद्यार्थियों को सिखाया कि कैसे प्राकृतिक संपदा का उपयोग कर कपड़े पर अमिट छाप छोड़ी जाती है।

24 जनवरी को छात्रों ने बाग प्रिंट की सबसे जटिल प्रक्रियाओं– 'विचलिये' और 'भट्टी' का व्यावहारिक अनुभव लिया। विचलियेः कपड़े को बहते पानी में धोने की विशेष प्रक्रिया। भट्टीः कपड़े को धावड़ी के फूल और अलीजरीन के साथ उबालकर रंगों को पक्का करने की पारंपरिक विधि।

मोहम्मद बिलाल खत्री ने बताया, "स्पिक मैके का मूल उद्देश्य देश की लुप्त होती प्राचीन कलाओं का संरक्षण और विस्तार करना है। द्वद्वञ्ज रुड़की के छात्रों ने जिस दिलचस्पी के साथ इस पुश्तैनी हुनर को सीखा, वह सराहनीय है।" कार्यशाला के अंतिम दिन (25 जनवरी) को छात्रों को विभिन्न प्रकार के कपड़ों और उन पर बाग प्रिंट की उपयोगिता के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर की कार्य योजना-2026 के अनुसरण में अब्दुल कादिर सिद्धकी शासकीय उर्दु कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुरहानपुर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि न्यायाधीश/सचिव श्री प्रेमदीप सांकला ने उपस्थित बालिकाओं को राष्ट्रीय बालिका दिवस की शुभकामनाएं दी और संविधान में उल्लेखित प्रावधानों के बारे में बताया। उन्होंने पास्को एक्ट, भ्रुण हत्सा, यौन शोषण विषय पर भी जागरूक किया। शिविर में द्वितीय आयोजन जिला दिव्यांग पुनर्सवास केन्द्र सामाजिक न्याया एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग जिला बुरहानपुर में दिव्यांगजनों के हितार्थ किया गया, जहां श्री सांकला ने दिव्यांग के हक और अधिकारी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर जनजागृति संस्था बुरहानपुर, जिला प्रशासन सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग बुरहानपुर, रोटरीक्लब बुरहानपुर, जायंट्स ग्रुप ऑफ इंदौर एवं सेवा प्रदाता महावीर सेवा सदन कोलकाता की संपूर्ण टीम उपस्थित रही।

# जिले में शैक्षणिक सुधार हेतु प्री-बोर्ड परीक्षा परिणामों की समीक्षा बैठक संपन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी



कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागृह, बड़वानी में जिले के प्री-बोर्ड परीक्षा परिणामों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर में कहा कि हर एक बच्चा महत्वपूर्ण है, उसकी प्रगति और उसे शिक्षा प्रदान करना हमारी प्राथमिकता हैं।

बैठक के दौरान प्री बोर्ड परीक्षा परिणामों में जिन विद्यालयों का प्रदर्शन निम्न हैं वह प्रति छात्रवार अनुसार विश्लेषण करे, उनकी उत्तर पुस्तिका का अवलोकन कर देखे कि बच्चा कहा गलती कर रहा हैं कहा सुधार की आवश्यकता हैं।

विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा के पिछले वर्षों के प्रश्न पत्र और मॉडल पेपर्स का सघन अभ्यास कराया जाए। अगले 15 दिन में सुधार करे ताकि मुख्य बोर्ड परीक्षा का परिणाम बेहतर हो सके। उनके लिए अनिवार्य रूप से श्उपचारात्मक कक्षाएंश संचालित की जाएं। कठिन विषयों जैसे गणित, विज्ञान और अंग्रेजी जैसे विषयों के लिए विशेष अभ्यास सत्र आयोजित करे। शिक्षक व्यक्तिगत रूप से छात्रों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें।

बैठक के दौरान संयुक्त कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी एवं समस्त प्राचार्य उपस्थित रहे।

# एक सप्ताह में चोरी का पता लगाएं पुलिस अन्यथा ब्लॉक कांग्रेस करेंगी बड़ा आंदोलन

### डोडाचूरा तस्करों को पकड़ने जैसी तत्परता चोरी को ट्रेस करने में भी दिखाए पुलिस

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नारायणगढ़



नगर में प्रजापति समाज के बंशीलाल प्रजापत एवं शिला चौहान के घर मे दिनदहाड़े हुई लाखो रुपये की चोरी का पुलिस एक सप्ताह में पता लगाएं अन्यथा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बड़ा आंदोलन करेंगी।ज्ञात हो 20 जनवरी को दोपहर में प्रजापत समाज के बंशीलाल प्रजापत एवं शिला चौहान के घर अज्ञात चोरों ने चोरी को अंजाम देते हुवे लाखो रुपये की चोरी को अंजाम दिया।चोरों ने नगदी व जेवर सहित लगभग 6 से 7 लाख रुपये पर हाथ साफ किया। 4 दिवस बाद भी चोरी का पता नही चलने पर मोहल्ला वासियों के साथ पीड़ित परिजन शनिवार को थाने पहुंचे व समाजनो के साथ एक ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के नाम एक ज्ञापन सौपकर चोरी का जल्द पता लगाने की मांग की।

इधर चोरी की घटना की जानकारी मिलने व पुलिस द्वारा चोरी के 4 दिन बाद भी पता नही लगाने को लेकर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजेश मालेचा,पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा भी कांग्रेसजनों के साथ थाने पर पहुंचे जहां ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजेश मालेचा ने भी एक ज्ञापन थाना प्रभारी भारत भाबर को सौपकर चोरी का एक सप्ताह में पता लगाने की मांग की चोरी ट्रेस नही होने पर थाने का घेराव कर बड़े आंदोलन की चेतावनी भी दी। इस मौके पर कांग्रेस नेता एवं पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि प्रजापति परिवार मजदूरी पर ही आश्रित है बड़ी मुश्किल से पेट काटकर इन्होंने कुछ राशि बचत की थी जिसे भी चोर दिनदहाड़े चोरी कर लेगये यह पुलिस प्रशासन के लिए भी बड़ी चुनोती है,पुलिस का अपराधियों पर खोप नही है।शर्मा ने कहा कि पुलिस जिस तरह से डोडाचूरा वालो को पकड़ने में तत्प्रता दिखाती है उसी प्रकार की तत्परता इस चोरी को ट्रेस करने में भी दिखाए।

जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष बाबुखा मेवाती ने कहा कि भाजपा सरकार में चोरों के हौसले बुलंद है कोई सुरक्षित नही है दिनदहाड़े चोर चोरियां कर रहे है पुलिस मूक दर्शर्क बनी हुई है।

जिला कांग्रेस के महामंत्री अजित कुमठ ने कहा कि चारो ओर अराजकता का माहौल है पुलिस का भय नाम मात्र का भी नही रह गया है पहले रात में चोरियां होती थी पर अब दिन में चोरियां होने लगी है यह चिंता का विषय है नगर में पहले भी कई बड़ी चोरियां हुई जिसका पुलिस आजतक कोई पता नही लगा पाई।

चोरी होने पर पीड़ित गरीब परिवार का रो रो कर बुरा हाल है चोरों को पकड़ने को लेकर महिला रोते हुवे थाना प्रभारी के पेर पकड़ कर पैरों में बैठ गई व चोरों का पता शीघ्र लगाने की मांग करती रही मौजूद कांग्रेसजनों ने महिला को व पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। इस मौके पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष दिलीप यादव,मंडलम अध्यक्ष कैलाश बंगारिया, विधानसभा यूथ कांग्रेस उपाध्यक्ष राहुल अहीर,नगर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सुनील दिवाणीया,नरेंद्र डाका,बलवंत सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# लायन्स क्लब खण्डवा ने मूक बधिर दिव्यांग आश्रम में किया रेफ्रिजरेटर भेंट

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खण्डवा

लायन्स क्लब खण्डवा द्वारा मूक बधिर दिव्यांग आश्रम लालचौकी में लायन डॉ दिलीप हिन्दुजा के सहयोग से रेफ्रिजरेटर प्रदान किया गया।नारायण बाहेती ने बताया कि लायन्स क्लब खण्डवा व लियो क्लब खण्डवा द्वारा समय-समय पर आश्रम में सेवागतिविधिया की जाती है। सेवा गतिविधियो के दौरान क्लब सदस्यों ने होस्टल में खाद्य सामग्री को सुरक्षित रखने व ठंडे पानी के लिए फ्रिज की आवश्यकता महसूस की।लायंस क्लब खण्डवा के पूर्व अध्यक्ष डॉ दिलीप हिन्दुजा के सहयोग से बड़ा फ्रिज प्रदान किया गया।

बालको के साथ विभिन्न खेलो का आनंद लिया गया।इस अवसर पर अध्यक्ष लायन आशा उपाध्याय, सचिव लायन ओमप्रकाश अग्रवाल कोषाध्यक्ष लायन पवन लाड़, रीजन चेयरपर्सन लायन राजीव मालवीय, झोन चेयरपर्सन लायन अणिमा उबेजा, डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन लायन नारायण बाहेती,लायन गुरमीत सिंघ उबेजा, व लायन डॉ दिलीप हिंदूजा, लायन उमाशंकर उपाध्याय, लायन घनश्याम वाधवा, लायन वसीम कुरैशी,साथ ही युवा ऊर्जा के प्रतीक लियो क्लब से लियो रूपाली सोलंकी, लियो प्रिया कारले, लियो मनीष लाड़, लियो शिवम राजपूत, लियो अपूर्व उपाध्याय के साथ पिंटू कुशवाह उपस्थित रहे। होस्टल अधीक्षिका अंजलि शिंदे व स्टाफ ने फ्रिज की सौगात के लिए धन्यवाद दिया।घनश्याम वाधवा ने कार्यक्रम का प्रभावी संचालन किया कार्यक्रम के अंत में गुरमीतसिंह उबेजा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## गोमाबाई रोड अल्कलॉइड कॉलोनी के पास महिला से चैन स्नैचिंग घटना

**नीमच।** शहर में बदमाशों के हौसले ऐसे बुलंद दिख रहे हैं की एसपी द्वारा चोरी की 10 घटनाओं का खुलासा करने के महज दो घंटे बाद ही शहर में एक और चैन स्नेचिंग की घटना को बदमाशो ने अंजाम दे दिया। एक और पुलिस जहां क्षेत्र में सुरक्षा व चोरी की वारदातों को रोकने का पर लगातार प्रयास कर रही है। वहीं बदमाश अपने कारनामों से बाज नहीं आ रहे हैं । आज शाम को फरी यादी अरुणा जैन, निवासी विजय टॉकीज क्षेत्र, जो अपनी सहेली के साथ स्कूटी से जा रही थीं। इसी दौरान पल्सर बाइक पर सवार बदमाश ने लक्ष्मी चाट अलकॉलयड कॉलोनी के सामने पता पूछने के बहाने उन्हें रोका और सोने की चैन मय पेंडल झपटकर मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आरोपी ने ब्राउन रंग का जैकेट पहन रखा था। वारदात के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। जबकि एसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में 10 चोरी की घटनाओं का खुलासा किया, जिसके दो घंटे बाद हुई इस घटना ने अपराधियों के बेखौफ रवैये को भी उजागर कर दिया।

# माणिक्य स्मारक वाचनालय में बसंत पंचमी पर हुआ माँ सरस्वती का पूजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

विद्या की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती के प्राकट्य दिवस बसंत पंचमी पर नगर की प्राचीनतम सक्रिय संस्था माणिक्य स्मारक वाचनालय में 23 जनवरी शुक्रवार को माँ सरस्वती का पूजन पंडित जितेंद्र उपाध्याय ने मंत्रोच्चार के साथ संपन्न करवाया ।

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष दिनेश पालीवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि बसंत पंचमी भारत में हिन्दुओं का प्रसिद्ध त्योहार है। इस दिन विद्या की देवी सरस्वती की पूजा की जाती है। यह पूजा सम्पूर्ण भारत में बड़े उल्लास के साथ की जाती है। बसंत पंचमी के पर्व से ही 'बसंत ऋतु' का आगमन होता है। प्रतिवर्ष बसंत पंचमी पर माणिक्य स्मारक वाचनालय में विराजित सरस्वती जी की पूजा हर्षोल्लास से की जाती है जिसमे वाचनालय के अध्यनरत समस्त छात्र छात्रायें भी शामिल होती है।

संस्था के सचिव भूपेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि इस अवसर पर माँ सरस्वती के पूजन के साथ ही लेखन सामग्री का भी पूजन किया गया एवं उपस्थित अध्ययनकताओं को प्रसाद स्वरूप मिठाई का वितरण किया गया ।

संस्था के कार्यकारिणी सदस्य प्रेमांशु जैन ने बताया कि इस अवसर पर संस्था के डॉ राधेश्याम पटेल,गणेश गुरबानी,जितेंद्र उपाध्याय,मोहन शर्मा, प्रेमांशु जैन,मनीषा पाटिल,सीमा भावसार,अरुणा दुबे,राजेन्द्र राठौड़, अशोक पालीवाल,पीयूष शाह,प्राची भगत उपस्थित रहे।

## पेयजल आपूर्ति में लापरवाही बरतने पर नगर परिषद सोनकच्छ के उपयंत्री निलंबित


**उज्जैन,।** मध्यप्रदेश शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त श्री संकेत भोंडवे ने नगर परिषद सोनकच्छ जिला देवास के उपयंत्री जितेंद्र मारू को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने संबंधी आदेश जारी कर दिए हैं। ज्ञात हो कि संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास श्री राजीव निगम द्वारा सोनकच्छ में गत दिवस पेयजल आपूर्ति की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि शासन के निर्देशों के उपरांत भी पेयजल की आपूर्ति तथा पेयजल के यंत्रों के संधारण में गंभीर लापरवाही बरती जा रही है। संयुक्त संचालक श्री निगम ने आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास के अनुमोदन एवं आदेशानुसार उपयंत्री जितेंद्र मारू को निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग उज्जैन रहेगा।

## हल्दी कुमकुम कार्यक्रम में सुहागन महिलाओं को भेंट किए सिंदूर के पौधे



**बुरहानपुर –** बुरहानपुर जिले के नेपानगर स्थित फॉरेस्ट कॉलोनी में मकर संक्रांति के उपलक्ष में हल्दी कुमकुम कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत एकत्रित हुई महिलाओं का सम्मान कर भेंट स्वरूप सुहाग का प्रतीक सिंदूर का पौधा भेंट दिया गया हल्दी कुमकुम कार्यक्रम का आयोजन फॉरेस्ट कॉलोनी निवासी मंगला महाजन एवं चंचल महाजन के द्वारा अपने निवास पर किया गया। जिसमें नगर की सभी सम्माननीय महिलाएं सम्मिलित हुई जिन्हें सिंदूर एवं शमी के पौधों का वितरण कर पर्यावरण संरक्षण हेतु संदेश दिया इस दौरान मंगला महाजन, चंचल महाजन, मीना चौहान, काजल चौहान, सोनी ससाने, पल्लवी श्रीमाली, आम्रपाली गोपाल, रिंकी चौहान, अनीता चौधरी, ज्योत्सना करकरे, ललिता उपाध्याय, रुचिका जैन, वानखेड़े मैडम, शिल्पा वानखेडे आदि उपस्थित थे।

## नसीहत की खुशबू



एक चमड़ा रंगने वाला संयोग से इत्र के बाजार में पहुंच गया। इत्रों की तेज खुशबू उसके दिमाग में घुसी और वह चकराकर गिर पड़ा। लोग उसके चारों तरफ जमा हो गए। किसी ने उसके दिल पर हाथ रखा, तो किसी ने गुलाब का अर्क लाकर छिड़का। वे क्या जानें कि इसी खुशबू ने उसकी यह हालत बनाई है।

आखिर जब किसी तदबीर से उसे होश न आया, तो उसके भाई-बंदों को खबर दी गई। चमड़ा रंगने वाले का एक भाई बड़ा फितरती व होशियार था। किस्सा सुनते ही वह दौड़ा-दौड़ा आया। कुछ सड़ी हुई चीज आस्तीन में छिपाए रोता-पीटता उस तक पहुंचा। लोगों से कहा, मुझे मालूम है कि यह बीमारी क्यों पैदा हुई और वजह मालूम हो, तो बीमारी का उपचार आसान हो जाता है। वह समझ गया था कि उसके भाई के दिमाग की एक-एक नस में बदबू तह-ब-तह बसी हुई है। वह दशकों से सुबह से शाम तक बदबू के बीच रहता है, इसलिए बहुत मुमकिन है कि इत्र की खुशबू ने इसको बेहोश कर दिया हो। उस नौजवान ने सबको हटा दिया, ताकि उसके इलाज को कोई देखने न पाए, जैसे कोई भेदी खुसफुस करता है, उसी तरह मुंह उसके कान के पास ले गया और सड़ी हुई चीज उसके नाक पर रख दी। जैसे ही वह बदबू बेहोश के दिमाग तक पहुंची, उसका असर पड़ना शुरू हो गया। थोड़ी देर गुजरी और उस मुर्दे से इंसान में हरकत पैदा हुई। वह उठकर बैठ गया। दोस्तो, कहने का अर्थ यह है कि जिसको नसीहत की खुशबू से फायदा न हो, समझ लो कि वह गुनाहों की बदबू सूंघने का आदी हो गया है।



सम्पादकीय

# अविवेकपूर्ण रवैया

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने ट्वंटी-20 विश्व कप के अपने मैचों को भारत से श्रीलंका स्थानांतरित कराने को लेकर जो अड़ियल रुख अपनाया और इसके लिए जिस तरह से सुरक्षा कारणों का हवाला दिया, उस पर केवल हंसा ही जा सकता है। इस संदर्भ में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के रुख की सराहना की जानी चाहिए। आईसीसी ने बांग्लादेश की मांग को खारिज करने के साथ ही पर्याप्त धैर्य का परिचय दिया और बीसीबी को अपने फैसले पर गौर करने की सलाह दी। आईसीसी ने साफ कहा कि बांग्लादेश टीम को भारत में ही अपने सारे तय मैच खेलने पड़ेंगे। इस फैसले के बाद पड़ोस की अंतरिम सरकार के खेल मंत्री आसिफ नजरुल की प्रतिक्रिया समाधान के बजाय विवाद बढ़ाने वाली ही रही। नजरुल का कहना था, हमें आईसीसी से इंसाफ नहीं मिला। उम्मीद है, वह हमारी सुरक्षा संबंधी चिंताओं पर गौर करेगी और श्रीलंका में खेलने के हमारे अनुरोध को स्वीकार करेगी। सच्चाई यह है कि इस पूरे खित्ते में अंतरराष्ट्रीय खेलों के आयोजन के लिए अगर सबसे सुरक्षित कोई देश है, तो वह भारत है। नजरुल शायद भूल रहे हैं कि उनके देश के कट्टरपंथियों से जान बचाकर भागने वाले मुस्लिमों को भी सबसे सुरक्षित पनाहगाह भारत ही लगता है।

शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद ढाका में सत्ता पर काबिज कट्टरपंथियों का रुख न सिर्फ अपने देश के अल्पसंख्यकों के खिलाफ रहा, बल्कि नई दिल्ली के प्रति भी सौहार्दपूर्ण नहीं रहा है। वहीं, भारत सरकार ने धीरज का परिचय देते हुए पड़ोसी देश को हर मुमकिन मदद का भरोसा दिया, मगर क्रिकेट का ताजा विवाद बताता है कि ढाका कहीं और से निर्देशित हो रहा है। यह छिपी हुई बात नहीं है कि बीजिंग और इस्लामाबाद कई दशकों से ढाका को भारत के आभामंडल से बाहर निकालने की मंशा पाले बैठे थे। भारत की उदार मदद और लोकतांत्रिक व्यवस्था की खूबियों ने उनके मनसूबों को कामयाब नहीं होने दिया। अब जब बांग्लादेश राजनीतिक अस्थिरता का शिकार हो चला है, तो चीन और पाकिस्तान को अपने पत्ते खेलने का अवसर हाथ लग गया है। बांग्लादेश का निजाम संभाल रहे लोग अपने एक के बाद दूसरे अविवेकपूर्ण फैसलों से अपनी ही प्रतिभाओं का नुकसान पहुंचा रहे हैं। वे अपने पूर्व क्रिकेटरों की चिंताओं तक की अनदेखी कर रहे हैं। बांग्लादेश के पूर्व कप्तान अशरफुल हक के बयान से ही इसकी तस्दीक हो जाती है।

## मालेगांव में बदलती जनसांख्यिकी और निकाय चुनाव परिणाम

# जनसांख्यिकीय घनत्व बिगड़ने की कथित धर्मनिरपेक्ष दलों को चेतावनी

पिछले लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने महाराष्ट्र के नासिक जिले के नगर मालेगांव में वोट जिहाद होने का आरोप लगाया था,वह अब एक प्रामाणिक सच्चाई के रूप में सामने आ गया है। फडणवीस के इस आरोप से तथाकथित धर्मनिरपेक्ष दल तिलमिला उठे थे, लेकिन अब निकाय चुनाव में उसी मालेगांव में इस्लाम पार्टी,समाजवादी पार्टी और एआईएमआईएम के गठबंधन ने अपना परचम तो फहराया ही,कथित सेकुलर दलों को भी किनारे लगा दिया। कांग्रेस ने भी महज तीन वे सीटें जीती हैं,जिन पर मुस्लिम उम्मीदवार चुनाव लड़े थे। यहां नई नई अस्तित्व में आई इस्लाम पार्टी ने 35,सपा ने 5 एआईएमआईएम ने 21 सीटें जीती हैं। शिवसेना (शिंदे) को 18 और भाजपा को मात्र दो सीटें मिली हैं। ये परिणाम मालेगांव में जनसांख्यिकीय घनत्व बिगड़ने के कारण संभव हुए हैं। जिसकी चेतावनी फडणवीस ने तो दी ही थी, टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेंज (टिस्स ) ने भी दी थी। टिस्स की इस रिपोर्ट ने मुंबई में एक सर्वेक्षण करके कहा था कि 1961 में मुंबई की आबादी सिर्फ 8 प्रतिशत थी,जो 2011 में बढ़कर 21 प्रतिशत हो गई और 2051 तक यह आबादी 30 प्रतिशत पहुंच जाएगी। तब यह आबादी कई दलों के राजनीतिक समीकरण बिगाड़ने में सक्षम होगी। इस रिपोर्ट की प्रासंगिकता मालेगांव निकाय चुनाव में साबित हो गई है। वर्तमान में मालेगांव में 78 प्रतिशत आबादी है,इसी बूते उसने 75 प्रतिशत सीटें जीत ली हैं। मसलन 'जिसकी जितनी संख्या भारी,उसकी उतनी शासन में हिस्सेदारी' ।



प्रमोद भार्गव
(दैनिक अवन्तिका)

जनसँख्यात्मक घनत्व के परिप्रेक्ष्य में दो तरह की चुनौतियां सामने आ रही हैं, एक प्रजनन के जरिए मुस्लिमों की बढ़ती आबादी और दूसरे घुसपैठ के जरिए सीमावर्ती राज्यों में मुस्लिमों की बढ़ती आबादी! प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसे सीमावर्ती इलाकों में घुसपैठियों की मदद से जनसांख्यिकीय घनत्व बदलने की साजिश बता रहे हैं, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है। ये हालात इसलिए चिंताजनक हैं, क्योंकि अब बिगड़ता जनसंख्यात्मक घनत्व भारत का राजनीतिक भविष्य तय करने की ओर बढ़ रहा है। पश्चिम बंगाल, असम और पूर्वोत्तर राज्यों में स्थानीय बनाम विदेशी नागरिकों का मसला एक बड़ी समस्या बन गया है। जो यहां के सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक जीवन को लंबे समय से झकझोर रहा है। असम के लोगों की शिकायत है कि बांग्लादेश और म्यांमार से बड़ी संख्या में घुसपैठ करके आए मुस्लिमों ने उनके न केवल आजीविका के संसाधनों को हथिया लिया है, बल्कि कृषि भूमि पर भी काबिज हो गए हैं। इस कारण राज्य का जनसंख्यात्मक घनत्व बिगड़ रहा है। लिहाजा यहां के मूल निवासी बोडो आदिवासी और घुसपैठियों के बीच जानलेवा हिंसक झड़पें भी होती रहती हैं। नतीजतन अवैध और स्थाई नागरिकों की पहचान के लिए सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर एनआरसी यानी राष्ट्रीय नागरिकता पत्रक बनाने की पहल हुई। इस निर्देश के मुताबिक 1971 से पहले असम में रह रहे लोगों को मूल नागरिक माना गया है। इसके बाद के लोगों को अवैध नागरिकों की सूची में दर्ज किया गया है। इस सूची के अनुसार 3.29 करोड़ नागरिकों में से 2.89 करोड़ लोगों के पास नागरिकता के वैध दस्तावेज हैं। शेष रह गए 40 लाख लोग फिलहाल अवैध नागरिकों की श्रेणी में रखे गए हैं। इस तरह के संवेदनशील मामलों पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। दरअसल घुसपैठिए अपनी नागरिकता सिद्ध नहीं कर पाते हैं, तो यह उन राजनीतिक दलों को वजूद बचाए रखने की दृष्टि से खतरे की घंटी है, जो मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करते हुए घुसपैठ को बढ़ावा देकर अवैध नागरिकता को वैधता देने के उपाय करते रहे हैं। इस संदर्भ में मालेगांव एक सबक है। यह सबक भाजपा से कहीं ज्यादा उन दलों के लिए है,जो सेकुलर का डंका पीटते हुए आबादी नियंत्रण कानून और समान नागरिक संहिता का विरोध करके खुद के पैरों पर तो कुल्हाड़ी मार ही रहे हैं, देश की संप्रभुता और अखंडता को भी खतरे में डाल रहे हैं।

मालेगांव में हुई गोलबंदी ने तय कर दिया है कि भविष्य में मुस्लिम नेता और नेतृत्व वाले दलों को ही मुस्लिम मतदाता,मतदान के लिए धुवीकृत होंगे।इस संदर्भ में मालेगांव एक मॉडल के रूप में पेश आया है,जिसका भविष्य में विस्तार भी हो सकता है?दरससल यहां इस्लाम पार्टी,सपा और असदूद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम गठबंधन बनाकर चुनाव लड़ीं और 75 फीसदी सीटें जीतने में सफल रहीं। अतएव कल विस्तृत होने वाली यह चुनौती कांग्रेस, सपा, राजद,आप, तृणमूल और कम्युनिस्ट पार्टियों को कहां लाकर खड़ा कर देंगी,इस परिणाम में अंतर्निहित इस चेतावनी का अहसास करने की जरूरत इन दलों को है? मुस्लिमों की बढ़ती आबादी जहां उत्तर,मध्य,पश्चिम और दक्षिण भारत को प्रभावित करेगी,वहीं घुसपैठ पुर्वोत्तर भारत के राजनीतिक समीकरण बिगाड़ देगी।इसलिए इन दलों को वर्तमान से कहीं ज्यादा भविष्य पर दृष्टिपात करने की जरूरत है।

आज असम और बंगाल में अवैध घुसपैठ का मामला सबसे ज्यादा गर्म है।इसलिए मोदी जहां घुसपैठ के प्रखर विराधी के रूप में पेश आ रहे हैं, वहीं ममता बनर्जी घुसपैठियों के समर्थन में आ खड़ा होती हैं।2026 में असम और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव होने हैं,इस कारण भी यह मुद्दा गरमाया हुआ है। दरअसल असम 1951 से 1971 के बीच राज्य में मतदाताओं की संख्या अचानक 51 प्रतिशत बढ़ गई। 1971 से 1991 के बीच यह संख्या बढ़कर 89 फीसदी हो गई। 1991 से 2011 के बीच मतदाताओं की तादात 53 प्रतिशत बढ़ी। 2001 की जनगणना के आंकड़ों के हिसाब से यह भी देखने में आया कि असम में हिंदू आबादी तेजी से घटी और मुस्लिम आबादी तेजी से बढ़ी है। 2011 की जनगणना में मुस्लिमों की आबादी और तेजी से बढ़ी। 2001 में जहां यह बढ़ोत्तरी 30.9 प्रतिशत थी, वहीं 2011 में बढ़कर 34.2 प्रतिशत हो गई। जबकि देश के अन्य हिस्सों में मुस्लिमों की आबादी में बढ़ोत्तरी 13.4 प्रतिशत से 14.2 फीसदी तक ही हुई।

## इन्फ्लुएंसर का इन्फ्लुएंजा

शहर के उस वीरान और धूल भरे सरकारी मुहल्ले में, जहाँ हवा भी रिश्वत लिए बिना खिड़की के भीतर नहीं आती थी, भीखम सिंह 'भौंरा' का घर एक पुरानी कचहरी जैसा दिखाई देता था। भीखम सिंह जी उम्र के उस पड़ाव पर थे जहाँ व्यक्ति को अपनी याददाश्त से ज्यादा अपनी शुगर की रिपोर्ट पर भरोसा होता है। वे जीवन भर 'आदर्शवाद' के उस खंभे को पकड़े रहे, जो अंदर से दीमक खा चुका था। उनके घर में मेजपोश से लेकर पर्दों तक पर ऐसी अनुशासनप्रियता थी कि मक्खी भी बैठने से पहले 'अनापत्ति प्रमाण पत्र' ढूंढती थी। एक दोपहर, उनके पुराने लंगोटिया यार और जिला शिक्षा विभाग के रिटायर्ड शेर ठाकुर ज्वाला सिंह उनके घर पधारे। ज्वाला सिंह जी का व्यक्तित्व ऐसा था जैसे किसी प्राइमरी स्कूल का वह मास्टर, जिसकी छड़ी की गूंज से आज भी पुराने छात्र रात को सोते समय सिहर जाते हैं। ज्वाला सिंह जी ने सोफे पर बैठते ही कमरे के वातावरण को अपनी तीखी नजरों से स्कैन किया और सीधे 'अटैक' मोड में आ गए। क्यों भाई भीखम, सुना है आजकल तुम्हारा छोरा गुलकंद बड़ा भारी 'इन्फ्लुएंसर' बन गया है? मोबाइल के उस कांच के टुकड़े में मुँह घुसाकर दिन-भर क्या ज्ञान बांटता रहता है? हमारे जमाने में ज्ञान मंदिर में मिलता था या मार में, पर ये आजकल का 'डिजिटल ज्ञान' तो मुझे कतई गुड़ में मिली मिट्टी जैसा लग रहा है।₹ ज्वाला सिंह ने अपनी मूंछों को वह चिर-परिचित ताव दिया, जो तहसील में पटवारियों का बीपी बढ़ाने के लिए मशहूर था। भीखम सिंह ने चाय का प्याला आगे बढ़ाते हुए एक लंबी और ठंडी सांस ली, जो फेफड़ों से कम और उनकी हारती हुई उम्मीदों से ज्यादा निकल रही थी। ₹ज्वाला भाई, जमाना अब 'रील्स' का है। गुलकंद कहता है कि वह 'सोशल एक्टिविज्म' कर रहा है। वह कैमरे के सामने खड़ा होकर चिल्लाता है कि 'सिस्टम को नंगा करना' ही असली देशभक्ति है। मुझे तो डर लगता है कि कहीं सिस्टम को नंगा करते-करते वह खुद अपनी मर्यादा की चादर न फाड़ ले। ज्वाला सिंह ने चाय की चुस्की ऐसे ली जैसे वह किसी भ्रष्ट क्लर्क का स्पष्टीकरण पी रहे हों और बोले, यही तो रोना है! ये जो तू इसे 'एक्टिविज्म' कह रहा है न, ये असल में 'व्यवहार की बदहजमी' है। मैंने सुना है कल वो बाजार के बीचों-बीच खड़ा होकर राह चलते लोगों को गालियां दे रहा था और कह रहा था कि यह 'प्रैंक' है, यानी सामाजिक शोध है।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 25 जनवरी 2026 रविवार
सूर्योदय - 07:12 सूर्यास्त 18:05
माघ मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 16:30 से 18:00 तक
तिथि - सप्तमी 23:11 उपरांत अष्टमी
नक्षत्र - रेवती 13:36 उपरांत अश्विनी
योग - सिद्ध 11:46 उपरांत साध्य
करण - गर
चन्द्रमा - मीन में है। 13:36 पर मेष में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - सावान मास 05 तारिख

**मेष-** वाणी पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवेक से कार्य करें। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा।

**वृषभ-** स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी।

**मिथुन-** बुरी खबर प्राप्त हो सकती है। दौड़धूप अधिक होगी। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**कर्क-** काम में मन नहीं लगेगा। बाहर जाने की योजना बनेगी। परिवार के साथ समय मनोरंजन में व्यतीत होगा।

**सिंह-** विवाद को बढ़ावा न दें। हल्की हंसी-मजाक करने से बचें। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी।

**कन्या-** भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। नए मित्र बनेंगे। कोई बड़ा कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। यात्रा मनोरंजक रहेगी।

**तुला-** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**वृश्चिक-** तनाव रहेगा। व्यापार ठीक चलेगा। यात्रा में विशेष सावधानी रखें। किसी भी व्यक्ति के उकसाने में न आएं।

**धनु-** मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। किसी मनोरंजक कार्यक्रम का हिस्सा बन सकते हैं। किसी व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

**मकर-** वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। कानूनी अड़चन दूर होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**कुंभ-** यात्रा मनोरंजक रहेगी। मनोरंजन के साधन प्राप्त होंगे। तीर्थदर्शन की योजना बनेगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी।

**मीन-** घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। परिवार के साथ रहने का अवसर प्राप्त होगा। लाभ होगा। मित्रों का सहयोग व साथ मिलेगा।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

समसामयिक

# कटखना कुत्ता और आदमी

गाहे बगाहे कभी कभी कुत्तों पर बहस छिड़, जाती है। ' कुत्ता ' वास्तविक जीव है और ' कुत्ता ' प्रतीकात्मक शब्द भी है जो पुरुष और महिलाओं के बीच प्रवृत्ति को लेकर इस्तेमाल कर लिया जाता है । कुत्ते के काटने पर चौदह इंजेक्शन लगते हैं किन्तु आदमी जब कुत्ता बनकर काट लें तो इसके लिए कोई दवाई नहीं। सभी दिलासा देने लगते हैं या श्रद्धांजलि के लिए आतुर हो उठते हैं । कुत्ता और कुत्ताई प्रवृत्ति जब बेलगाम हो उठती है तो न्यायालय को सक्रिय होना पड़ता है ।



डा. घनश्याम बटवाल
(दैनिक अवन्तिका)

एक और आवारा कुत्ता है तो दूसरी ओर कुत्ते का आदमी जो पतंग की माफिक चाईनीज मांजा की डोर लेकर घूम रहा होता है । कुत्ते का काम है खाने को नहीं मिले तो पीछे लपक लेना मानो कोई नेता हो।

कुत्ता व आवारा पशु प्रेमी कुत्तों का पक्ष लेते हैं चाहे काटे या आदमी मर जाए। यूं कुत्ता बेचारा स्वामी भक्त होता है किन्तु आदमियों के बीच रहकर कटखना बन गया है। कुछ कुत्ते स्वामी भक्त होते हैं। इसलिए वह अपने स्वामी के लिए हर समय नेतानुमा जीभ लपलपाते रहता हैं। समाज में कुत्ते और कुत्तापन हमेशा रहा है और र?हेगा। न्यायालय द्वारा कुत्तों के काटने पर राज्यों से मुआवजा देने के संकेत का समाचार पढ़ मित्र मुझसे बोला , ' अरे यार ! ये राज कोष खाली क्यों करो ।'

' इसके अलावा कटखने कुत्ते नियंत्रण के लिए क्या किया जा सकता है ? '

यह सुन मित्र बोला , ' सरपंच -सचिव - पंच , पार्षद - अध्यक्ष - सी० एम० ओ, निगमाध्यय - आयुक्त सब सरकारी खजाने से मानदेय - वेतन लेते हैं अतः वार्ड ग्राम, नगर , शहर में किसी भी नफे नुकसान की जवाबदारी सबसे पहले इनकी है क्योंकि इनको मानदेय वेतन ही इसीलिए मिलता है कि ये सुव्यवस्था बनाए रखें । कहीं कुत्ता काटता है , आवरा पशु मारता है तो इन लोगों पर तत्काल जुमार्ना ठोकना चाहिए ताकि अपने आप समस्या का समाधान करने के लिए तत्पर हो उठेंगे। '

मैंने कहा, ' यदि आदमीमें कटखना कुत्तापन आ जाए और वो काटता फिरे तो क्या करना चाहिए। ' वो बोला फिर तो भगवान से प्रार्थना करो , या नोटों की गड्डियां उसके मुंह के आगे डाल दो जिसके पास कुछ नहीं है शरीर नुचवाओऔर पीड़ा भोगो जैसे कि आवारा कुत्तों व पशुओं

## रोज मलाई चखना फिर

खाना खाकर आना खास
कल रखना है हमें उपवास
नेता जी का मैसेज आया
पी.ए. तो हो गया उदास
मैं सोचा कल चखना है
माल मलाई छकना है
ज्यादा माल आ गया तो
गाड़ी पीछे रखना है
खाना खाकर बैठेंगे
तो कैसे पैसे ऐंठेंगे
पेट हमारा तन जायेगा
तो वहां कहां पर लेटेंगे
नेता बोला फिक्र न कर
जिव्हा अपनी वक्र न कर
अपनी सबसे सेटिंग है

अभी किसी से जिक्र न कर
यह उपवास बहाना है
असली खेल पुराना है
सेटिंग तुमको मालूम है
अपना नाम जमाना है
एक बार सब जम जाये
ऊपर वाला नम जाये
फिर तो मौज तुम्हारी है
व्रत उपवास थम जाये
माल रोज तुम छकना फिर
व्रत उपवास न रखना फिर
पब्लिक पीछे आयेगी
तो रोज मलाई चखना फिर


प्रफुल्ल शुक्ला 'सरकार'

# आंखों की जलन और थकान को दूर करेंगी ये टिप्स

ज्यादातर लोग घंटों मोबाइल और लैपटॉप के आगे बैठकर काम करते हैं। इन दिनों हर चीज ऑनलाइन हो गई। इसका सबसे ज्यादा असर हमारी आंखों पर पड़ता है। हमारी आंखें बेहद संवेदनशील होती है। ऐसे में इनका खयाल रखना बेहद जरूरी होता है। प्रदूषण की वजह से, बहुत देर तक स्क्रीन पर बैठना, नींद की कमी, पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं पीना, कॉटेकट लेंस का इस्तेमाल समते कई कारणों की वजह से आंखों में जलन और थकान महसूस होती है। इससे आपके आंखों की खूबसूरती ही कम नहीं होती है बल्कि अन्य कामों को करने में भी परेशानी होती है। ऐसे में कई लोग आंखों की जलन से छुटकारा पाने के लिए ड्रॉप का इस्तेमाल करते हैं। आप चाहें तो इसकी जगह घरेलू उपाय भी कर सकते हैं। आइए जानते हैं उन उपायों के बारे में।

### ठंडा सेक

ठंडा सेक आंखों की जलन को कम करने में मदद करता है। इसके लिए आपको बर्फ के कुछ टुकड़ों को कॉटन के कपड़े में लेपटकर रखना है और फिर उस कपड़े को आंखों पर कुछ देर के लिए रखना है। ऐसा करने से आंखों को आराम मिलेगा।



### खीरे का टुकड़ा

आंखों की सूजन और जलन को कम करने के लिए खीरे से बहेतर कुछ नहीं हैं। आपको खीरे के दो टुकड़े काटकर फ्रिज में ठंडा होने के लिए रख दें। जब खीरा ठंडा हो जाएं तो उसे अपनी आंखों पर करीब 10 मिनट तक के लिए लगाएं रखें। ऐसा करने से आपकी आंखों को आराम मिलेगा।

### टी बैग्स

चायपत्ति में टेनिक एसिड होता है जो आंखों को आराम देने का काम करता है। इसके लिए आप ग्रीन और ब्लैक टी बैग का इस्तेमाल कर सकती हैं। जब टी बैग अच्छी तरह से ठंडा हो जाएं तो जलन वाले हिस्से पर रखें। इससे आपको जल्दी आराम मिलेगा।

### गुलाब जल

आंखों की थकान और जलन को दूर करने के लिए गुलाब जल का इस्तेमाल कर सकते हैं। आप चाहें तो गुलाब जल में डूबाकर रूई का पैच बनाते हुए आंखों पर लगाकर लेट सकते हैं। इसके अलावा आंखों में एक से दो बूंद गुलाब जल डालकर रिलेक्स कर सकते हैं।

### आलू

आंखों की थकान और जल को दूर करने के लिए आलू का इस्तेमाल कर सकते हैं। खीरे की तरह आलू को भी पतला सा काटकर फ्रिज में रख दें और ठंडा होने के बाद आंखों पर लगाकर लेट जाएं। ऐसा करने से आंखों के डार्क सर्कल्स भी कम होंगे।


धर्म-आस्था

# कर्म को पूजा समझकर करना ही सच्चा धर्म

धर्म वही है-- जिसे धारण किया जा सके। नदी का धर्म-प्यासे को पानी पिलाना , वृक्ष का धर्म है-राहगीर को छाया देना, और शिक्षक का धर्म है-- विद्यार्थियों को सही ज्ञान की शिक्षा प्रदान करना अर्थात कर्तव्य का ही दूसरा नाम है---धर्म। ₹कार्य ही पूजा है₹ इसका आशय भी यही है, कि व्यक्ति अपने कर्म का निर्वहन निष्ठापूर्वक, कर्तव्य भावना के साथ करे तो यह भी धर्म से कम नहीं है।



डॉ. बी.आर. नलवाया,
(दैनिक अवन्तिका)



कर्म को पूजा या उपासना समझकर करना ही सच्चा धर्म है। जो भी काम (कर्म) आपको मिला है, हो सकता है ,आपकी रुचि के अनुरूप न हो परन्तु काम के अनुरूप यदि आप अपनी रुचि बना लेंगे तो उसमें आनंद प्राप्त होगा। एक सफाई कर्मी- उसका नाम संतोष से पूछा गया, ₹तुम नहा-धोकर यह सफाई का काम क्यों करते हो। बाद में नहा लिया करो ₹ संतोष ने जवाब दिया -- ₹आप बिना नहाएं पूजा कर सकते है ? नहीं न, तो यह काम ही मेरी पूजा है।₹ कितनी सुन्दर बात है। काम को ही पूजा मान लिया तो फिर उसका सुफल भी अवश्य मिलेगा, काम को पूरे मन से करने में भी आनंद है। जो संतोष मिलता है वह । अनुपम है। आधे-अधुरे मन से किया गया कार्य कभी सफल नहीं होता है। अपने मन से काम में खो जाने पर ही सच्चे सुख से आनंद आता है।

हर कोई हर काम नहीं कर सकता । लोहार सुनारी नही कर सकता है, न सुनार लोहारी कर सकता है। सही व्यक्ति को सही काम ही मिलना चाहिए। हर काम को करने का समय होता है। अलग-अलग समय पर अलग-अलग कर्म अलग-अलग धर्म का निर्माण करते हैं ।

निष्काम भाव से कर्म करते रहना ही सबसे बड़ा धर्म है। गीता में कहा गया है, ₹कर्म करते रहो फल की इच्छा मत करो।₹ पर ऐसा होता कहाँ है ? सारे काम फल की इच्छा से ही किए जाते है। दान-पुण्य इसलिए कि स्वर्ग में सीट आरक्षित रहेगी। नेकी का काम इसलिए कि उससे लोकप्रियता मिले, प्रचार, यश-कीर्ति , प्रशंसा मिले ।

धर्म की रक्षा करना और उसको धारण करना श्रेष्ठ माना गया है, क्योंकि जीवन का ध्येय धर्म व कर्म होना चाहिए। सारे संसार में सनातन धर्म ही एक ऐसा धर्म है, जिसमें विश्व कल्याण की भावना छुपी हुई है। राम ने जात-पात नहीं मानकर मानवता का संदेश दिया है। लेकिन कुछ विधर्मी ताकते जात-पात के नाम पर धर्म को तोड़ने का प्रयास कर रही है। ऐसे में हमें जातिवादी नहीं राष्ट्रवादी बना होगा। दूसरी और यह भी शाश्वत सत्य है ,कि व्यक्ति कितना भी धन कमाले, वह केवल धरती पर ही चलता है। मृत्यु के बाद साथ केवल धर्म जाता है--- धन नहीं। इसलिए जीवन में अच्छे कर्मो से धर्म इकट्?ठा करें, धन नहीं। धर्म सुरक्षित है। तो राष्ट्र और समाज सुरक्षित है। मानव जीवन दुर्लभ है, इसलिए सदैव श्रेष्ठ और सदैव अच्छे कर्म करना ही धर्म है '

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2200-2990 चना काबली- 5191-8391, चना बड़ा- 46811-5530, बटला- 2812, मसूर- 5601, तिल्ली- 5681-8711, सोयाबीन- 2631-5841, मैथीदाना- 4064-4541, मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्ड- 1,52,200, रवा- 1,52,000 चांदी- टंच- 3,10,000 पाट- 3,09,000।

## उज्जैन किराना
### अशोक कुमार भगवानदास
152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

# कायस्थ समाज, सरस्वती शिशु मंदिर एवं सामाजिक संस्थाओं ने मनाई नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती

## नेताजी सुभाष जयंती पर निकली आकर्षक झांकी







दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर

सुभाषचन्द्र बोस जयंती पर कायस्थ महासभा शुजालपुर द्वारा नेताजी सुभाषचन्द्र बोस चोराहे पर नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण कर जयंती मनाई। कायस्थ महासभा शुजालपुर के अध्यक्ष.शैलेन्द्र सक्सेना, सवरक्षक.रमेशचंद्र सक्सेना, सचिव. संतोष सक्सेना, कोषाध्यक्ष. राघवेन्द्र श्रीवास्तव, हेमन्त सक्सेना, मीडिया प्रभारी. मनोज सक्सेना, हरदेवप्रसाद सक्सेना,रमेशचन्द्र सक्सेना, संतोष सक्सेना,हरिश्चन्द्र सक्सेना, ओमप्रकाश सक्सेना, सुरेशचंद्र श्रीवास्तव, कमल श्रीवास्तव, गौरव सक्सेना, नरेन्द्र सक्सेना, ज्योति सक्सेना आदि उपस्थित थे। युवा इकाई अध्यक्ष गौरव सक्सेना ने बताया की प्रतिवर्ष अनुसार 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर भी नेताजी सुभाषचन्द्र बोस चोराहे पर कायस्थ समाज द्वारा प्रातः 8.45 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा सभी ने गणतंत्र दिवस पर उपस्थित होने की अपील की है।

### सुसनेर

नगर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को बसंत पंचमी उत्सव एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पार्षद मीना शर्मा रहीं, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्षद स्नेहा परमार ने की। कार्यक्रम में विशेष रूप से विद्यालय के पूर्व छात्र संजय जी शर्मा उपस्थित रहे। जिन्होंने अपने प्रेरक उद्बोधन में भैया-बहनों को संस्कार, अनुशासन एवं चरित्र निर्माण के महत्व पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। उनके विचारों से विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति एवं नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता देखने को मिली।

इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य सुनील सोनी, वरिष्ठ आचार्य भैरू सिंह, रामबाबू त्रिवेदी सहित समस्त आचार्य परिवार की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन सीमा राठौर दीदी ने कुशलता पूर्वक किया। स्वागत उद्बोधन बुलबुल दीदी एवं महक राठौर द्वारा प्रस्तुत किया गया। वहीं अतिथियों का परिचय ममता कानूदीया द्वारा कराया गया। कार्यक्रम के अंत में आचार्य परिवार एवं समस्त भैया-बहनों द्वारा यज्ञ में आहुति दी गई तथा कल्याण मंत्र के साथ कार्यक्रम का विधिवत समापन किया गया। आयोजन में विद्यालय परिवार, छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों की सहभागिता उल्लेखनीय रही।

### राजगढ़-ब्यावरा

राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर में गुना नाका स्थित बायपास तिराहे पर आज अखिल भारतीय कायस्थ समाज के चित्रांश बंधुओ द्वारा देश पर अपना सर्वस्व न्योछावर कर देने वाले अमर शहीद नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य में माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर कायस्थ समाज के पूर्व अध्यक्ष अशोक सक्सेना ने अमर शहीद नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अपनी उग्र विचारधारा से देश को आजादी दिलाने वाले अमर शहीद नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने आजाद हिंद फौज की स्थापना की और अंग्रेजों को नाको चने चवाए वहीं अखिल भारतीय कायस्थ परिषद के पदाधिकारी अरुण सक्सेना ने आजादी के पूर्व अंग्रेजों के दांत खट्टे कर देने वाले और तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा जैसे नारे से देश को आजादी दिलाई ऐसे अमर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए आपने कहा कि स्थानीय प्रशासन और सत्ता में बैठे जिम्मेदार लोगों की अनदेखी के कारण आज अमर शहीद नेताजी सुभाषचंद्र बोस प्रतिमा स्थल पर साफ सफाई की व्यवस्था नहीं की गई प्रतिमा स्थल पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो रहा है जिम्मेदार लोगों का इस और कोई ध्यान नहीं है इसको लेकर अखिल भारतीय कायस्थ समाज ने इसकी निंदा की तथा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नारायण सिंह पवार, अनुविभागीय अधिकारी और मुख्य नगर पालिका अधिकारी को प्रतिमा स्थल की साफ सफाई और दुरुस्तीकरण को लेकर ज्ञापन सौपा जायेगा। यदि फिर भी जिम्मेदार लोगों के कानों पर जू नहीं रेंगी तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी। इस अवसर पर अशोक सक्सेना अरुण सक्सेना मुकेश सक्सेना कुलदीप सक्सेना राजेश सक्सेना अविनाश सक्सेना दीपक सक्सेना दिलीप ललित श्रीवास्तव भटनागर सतीश सक्सेना वासु सक्सेना नवीन सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

### कानड़

स्थानीय नेताजी सुभाष पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल कानड़ द्वारा नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयन्ती के उपलक्ष्य में शानदार झाँकी नगर के प्रमुख मार्गो से निकाली गई। झाँकी में खुली जीप में नेताजी सुभाष के वेष में विवेक उपलावदिया ,घोड़े पर सवार रानी लक्ष्मीबाई के वेष में सेजल तोमर व शिवाजी के वेष में त्रिलोकचंद्र पड़िहार आकर्षण के केन्द्र रहे । झाँकी में हाथों में तलवार लिए वीरांगनाएं व सैनिक मार्च पास्ट करते हुए चल रहे थे। रैली के दौरान पुलिस प्रशासन का भी सराहनीय सहयोग रहा । रैली के पश्चात विद्यालय में छात्रों द्वारा आकर्षक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाबूलाल बीजापारी उपस्थित थे। अध्यक्षता कानड़ थाना प्रभारी राजकुमार दांगी ने की। विशेष अतिथि के रूप में भाजपा कानड़ मण्डल अध्यक्ष अन्तरसिंह दोलतपुर ,भाजपा जिला मंत्री कविता शर्मा ,पार्षद विजयलक्ष्मी माली , भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ जिला संयोजक विजय गोयण ,भाजपा किसान मोर्चा मण्डल अध्यक्ष दयाराम खजूरिया, व्यापारी भरत संगवालिया उपस्थित थे। सरस्वती वंदना गरिमा त्रिवेदी , जैविका शर्मा, अवनी दुबे ने प्रस्तुत की। अतिथि परिचय प्राचार्य कृष्णचंद्र शर्मा ने कराया। कार्यक्रम में छात्रों ने एक से बढ़कर एक देशभक्ति रिकाडेक्शन , नाटक, भाषण प्रस्तुत किए। कक्षा 2ल्ली के छात्र गर्वित खजूरिया द्वारा प्रस्तुत डांस, जय भवानी रिकाडेक्शन आकर्षण का केंद्र रहे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र/छात्राएं व पालकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का शानदार संचालन दीपक बोस ने किया व आभार प्रधानाध्यापक राधेश्याम बरेठा ने माना।



## अनुशासन,परिश्रम एवं आत्मविश्वास अपनाने का संदेश दिया

### पीएमश्री कन्या विद्यालय में विदाई समारोह हुआ

**शुजालपुर।** पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शुजालपुर मंडी में कक्षा 12वीं की छात्राओं के सम्मान में कक्षा 11वीं की छात्राओं ने विदाई समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 11वीं की छात्राओं ने स्वागत गीत, मनमोहक नृत्य,गायन एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से कक्षा 12वीं की छात्राओं को भावपूर्ण विदाई दी। इसी क्रम में कक्षा 12वीं की सीनियर छात्रा परी राणा ने अपनी टीम के साथ अत्यंत मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी, जिसे उपस्थित सभी शिक्षकों एवं छात्राओं ने खूब सराहा। प्राचार्य अल्पना राणा ने छात्राओं को आशीर्वचन देते हुए अनुशासन,परिश्रम एवं आत्मविश्वास को जीवन में अपनाने का संदेश दिया तथा छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह के दौरान कक्षा 12वीं की छात्राओं ने अपने विद्यालयीन जीवन की स्मृतियाँ साझा कीं, जिससे भावुक क्षण भी देखने को मिले। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं को स्मृति चिह्न प्रदान किए गए।

## स्वामित्व योजना का मानदेय नहीं मिलाने पर ज्ञापन सौपा



**शुजालपुर।** म प्र पटवारी संघ जिला शाजापुर ने शुक्रवार को स्वामित्व योजना के मानदेय के लिए कलेक्टर के नाम अनुविभागीय अधिकारी शुजालपुर को ज्ञापन सौंपा गया। जिलाध्यक्ष हरिओम हनोतिया ने बताया कि ज्ञापन में मुख्य मांग शाजापुर जिले के सम्पूर्ण ग्रामों का स्वामित्व योजना का कार्य पूर्ण हुए लगभग1 वर्ष हो गया उसके बाद भी 54 ग्राम के पटवारियों को स्वामित्व योजना का मानदेय प्रति ग्राम 7500 रुपए भुगतान नहीं किया गया। सर्वाधिक ग्राम मोमन बडोदिया और शाजापुर विकासखंड के शेष हैं। जिनकी ग्रामवार सूची का उल्लेख ज्ञापन मे किया गया। स्वामित्व योजना के मानदेय का जबतक भुगतान नहीं होता तब तक लघु सिचाई के कार्य से विरत रहने की बात कही गई। ज्ञापन के दौरान अनुभाग शुजालपुर के सभी तहसीलों के अध्यक्ष एवं जिला कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे।

## तार्किक विसंगति वाले मतदाताओं की पुन: सुनवाई पर बीएलओ ने जताई आपत्ति



**सुसनेर।** लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी (तार्किक विसंगति) वाले मतदाताओं की सुनवाई प्रक्रिया निरस्त करने सहित अन्य मांगों को लेकर रक्फ़ कार्य में लगे समस्त कर्मचारी एवं बीएलओ ने तहसीलदार कार्यालय में को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि रक्फ़ कार्य के दौरान प्रत्येक मतदान केंद्र पर 100 से 400 तक तार्किक विसंगति वाले मतदाताओं का बीएलओ द्वारा डोर-टू-डोर संपर्क कर सत्यापन कर निराकरण किया जा चुका है, जिसकी सतत मॉनिटरिंग बीएलओ सुपरवाइजर द्वारा की गई। इसके बावजूद पुनः नोटिस जारी कर सुनवाई की प्रक्रिया अपनाना अनुचित बताया गया। कर्मचारियों ने बताया कि आगामी माह में परीक्षाएं भी संचालित होना हैं तथा जिले में अब तक रक्फ़ कार्य में लगे कर्मचारियों को ई-अटेंडेंस से मुक्त नहीं किया गया है।ई-अटेंडेंस के कारण पिछले दो माह से वेतन का भुगतान विलंब से हो रहा है। वहीं बीएलओ मानदेय पिछले 16 माह से लंबित है तथा सर्वे कार्य के लिए निर्धारित विशेष मानदेय का भुगतान भी अब तक नहीं किया गया है। ज्ञापन के माध्यम से समस्त लंबित भुगतान शीघ्र कराने एवं अनावश्यक सुनवाई प्रक्रिया समाप्त करने की मांग की गई। इस अवसर पर दिनेश कुमार मेहता, हरिनारायण, जगदीश पाटीदार, रामगोपाल शर्मा, दीपक माली सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

## श्री दर्शन सागर दिगंबर जैन ज्ञान मंदिर में मां सरस्वती का प्रकट उत्सव श्रद्धा से मनाया

**सुसनेर।** श्री दर्शन सागर दिगंबर जैन ज्ञान मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल में प्रतिवर्षानुसार माघ शुक्ल पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती का प्रकट उत्सव श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के पूजन से हुई, जिसे विद्यालय के प्राचार्य दिनेश जैन एवं शिक्षकों द्वारा संपन्न कराया गया। इसके पश्चात सरस्वती वंदना एवं आराधना की गई, जिसमें सभी भैया-बहनों ने सहभागिता की। प्राचार्य दिनेश जैन ने मां सरस्वती के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। शिक्षक प्रतीक राठौर ने उत्सव के महत्व की जानकारी दी। इस अवसर पर बहन रितिक जैन ने भी अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया।

## बोलासा मंडल का सम्मेलन आज राम श्याम गार्डन में

**चंदेसरा।** समीपस्थ ग्राम बोलासा मंडल का हिंदू सम्मेलन 25 जनवरी को स्थानीय राम श्याम गार्डन चंदेसरा में रखा गया है जिसमें हिंदू जागरण मंच के द्वारा सनातन को नई दिशा. ऊर्जा. चेतना प्रदान करने हेतु सर्व हिंदू समाज द्वारा सनातन संस्कृति धर्म एकता विरासत संरक्षण एवं सामुदायिक विकास की दिशा में आवश्यक कदम है इस अवसर पर सर्व हिंदू समाज के महात्माओं एवं संतों के आशीर्वाद एवं व्याख्यान का लाभ प्राप्त कर समाज में नई ऊर्जा का संचार होगा।

### बसंत पंचमी पर परमार समाज छात्रावास में हुआ आयोजन

## सामूहिक विवाह सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन किया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर



बसंत पंचमी के अवसर पर राजा भोज परमार समाज छात्रावास राणोगंज पर माँ सरस्वती,वाघदेवी एवं राजा भोज की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पूजन अर्चन कर बसंत उत्सव कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परमार समाज के अध्यक्ष ओमप्रकाश परमार दद्दू ने की।

उन्होंने उपस्थित समाजजनों को राजा भोज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए वीर योद्धा राजा भोज की जयंती एवं बसंत पंचमी की शुभकामनाएँ दी। उन्होंने कहा की महाराज राजा भोज यह नाम इतिहास में अमर है, ज्ञान,कला, युद्धकला और न्याय का प्रतीक है। राजा भोज का जन्म लगभग 980 ईस्वी में उज्जैन में हुआ था। उनका जन्मदिन बसंत पंचमी को माना जाता है, जो उनके जन्म की तिथि है। राजा भोज परमार वंश के एक प्रतापी शासक थे, जिन्होंने 1010 से 1055 ईस्वी तक मालवा पर शासन किया था। वह एक महान विद्वान, कवि और कलाकार थे, जिन्होंने संस्कृत और प्राकृत भाषा में कई ग्रंथ लिखे थे। उनकी शासन व्यवस्था बहुत ही सुव्यवस्थित थी, जिसमें प्रजा को सच्चा न्याय और जीने का अधिकार मिला था। इस अवसर पर समाज के द्वारा आयोजित किए जाने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम मे बाबूलाल परमार,गौरीशंकर परमार,कपिल परमार,दीपक परमार,शैलेन्द्र परमार, राजाराम परमार,अशोक परमार,मनोहर परमार, केशरसिंह परमार, खुशीलाल परमार, माखनसिंह परमार, गुलाबसिंह परमार, प्रहलादसिंह परमार, सुरेश परमार, देवेंद्र परमार, राहुल परमार, भोजराज परमार सहित बडी संख्या मे समाजजन उपस्थित रहे। 401

## श्रीमद भागवत महापुराण कथा का विशाल भंडारे के साथ समापन

**कानड़।** नैन्याखेड़ी अहिर शिवगढ़ रोड पशुपतिनाथ आश्रम पर चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान गंगा का 23 जनवरी शुक्रवार को सातवें दिन विशाल भंडारे के साथ समापन हुआ।कथावाचक वैदिक पंडित लखन शर्मा ने कथा के अंतिम दिन विभिन्न प्रसंगों पर का उल्लेख करते हुए सातवें दिन राजा परीक्षित के प्रसंग को सुनाया और कृष्ण की अलग-अलग लीलाओं का वर्णन करते हुए भगवान के सोलह हजार एक सौ आठ विवाह का वर्णन किया। कथा व्यास शर्मा ने बताया कि मित्रता कैसे निभाई जाए यह भगवान श्री कृष्ण सुदामा जी की मित्रता से समझ सकते हैं। दिखावे के लिए मित्रता नहीं होनी चाहिए, मित्रता सच्ची और समर्पण भाव की होनी चाहिए।दोस्ती ऐसी निस्वार्थ होनी चाहिए जो मित्रता के लिए अपना भी समर्पण कर दे ऐसी ही मित्रता भगवान श्री कृष्ण और सुदामा की थी जिसका उदाहरण आज भी लोग देते है। दोस्ती की मिसाल देते हुए श्री व्यास लखन शर्मा ने बताया कि सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने सखा सुदामा मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे। उन्होंने कहा कि सुदामा द्वारिकाधीश के महल का पता पूछा और महल की ओर बढ़ने लगे द्वार पर द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया।

## गैस एजेंसी का नियमित निरीक्षण किया

**रुनिजा।** कलेक्टर द्वारा दिये गये निर्देशानुसार जिले में संचालित गैस एजेंसी का नियमित निरीक्षण किया जाकर 23.01.2026 को भाटपचलाना बड़नगर स्थित महावीर इंडेन ग्रामीण वितरक गैस एजेंसी की आकस्मिक जांच श्रीमती शालू वर्मा जिला आपूर्ति नियंत्रक उज्जैन एवं श्री रविन्द्र सिंह सेंगर खाद्य आपूर्ति अधिकारी बड़नगर उज्जैन द्वारा की गई। गैस गोदाम में रखे सिलेंडर का भौतिक सत्यापन करने पर ऑनलाइन ,ऑफलाइन स्टॉक(स्टॉक रजिस्टर) से अंतर पाए जाने से गैस एजेंसी संचालक दीपक रूनवाल के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया । गैस गोदाम में रखे सिलेंडरो को जप्त कर गोदाम को सील किया गया । जप्त सिलेंडर की अनुमानित राशि 13,18,602 रुपए होना पाई गई । गैस एजेंसी एवं अन्य प्रतिष्ठानों में घरेलु सिलेंडर का दुरुपयोग की निरंतर कार्यवाही जिले में जारी है।

## वसंत पंचमी हर्षौल्लास से मनाते हुए किया वसंत ऋतु का स्वागत

**कानड़।** नगर स्थानीय न्यू सहारा पब्लिक हाई स्कूल,कानड में वसंतऋतु के आगमन पर बसंत पंचमी पर्व बड़े ही हर्षौल्लास के साथ किया गया,कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया इसके पश्चात सरस्वती वंदना विद्यालय की शिक्षिका रानी तिवारी एवं आशा कुंभकार द्वारा बच्चो को कराई गई इसके पश्चात प्राचार्य विजय कुमार पाठक द्वारा मां शारदे के प्राकट्योत्सव एवं वसंत पंचमी का महत्व बताया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सचिन शर्मा,अमित पाठक,मालती शर्मा,रचना शर्मा,पूजा तिवारी,भूमिका माली, रितिका यादव,आदि उपस्थित थे

## जाहिर सूचना का खण्डन

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि श्री सुर्य परमार एडवोकेट 39/20, मंगलम परिसर बडनगर जिला उज्जैन के द्वारा दिनांक 20/01/2026 को प्रकाशित जाहिर सुचना का मेरे पक्षकार श्रीमती अंतिमबाला पिता स्व. दयाराम जी निवासी भागोरा तहसील व जिला इंदौर के द्वारा का खंडन।

आपके पक्षकार राजकुमार पोरवाल पिता गोविंद जी पोरवाल जाति पोरवाल निवासी 107/1 सुभाष पथ बडनगर जिला उज्जैन के द्वारा भुमि सर्वे न. 71/1/4/1/1/1/2 रकबा 0.1329 हैं. मे से जिसकी लम्बाई उत्तर दक्षिण बरूख पूर्व दिशा 51 फिट बरूख पश्चिम दिशा 39 फिट तथा चोडाई पुर्व पश्चिम बरूख उत्तर दिशा 40 फिट, बरूख दक्षिण दिशा 30 फिट कुल क्षेत्रफल 1532.34 वर्गफीट याने 142.35 वर्गमीटर स्थित रूनिजा रोड कस्बा बडनगर जिला उज्जैन को कय करने हेतु जाहिर सुचना का प्रकाशन किया गया था परन्तु उपरोक्त भुमि न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश महोदय, वरिष्ठ खण्ड बडनगर (श्रीमान रिचा गॉयल बंसल साहब) के न्यायालय के प्रकरण क फ्ळरअ184/2025 पर दर्ज होकर स्वत्व से संबधित प्रश्न के निर्धारण हेतु विचारनीय है। यदि उक्त भुमि को किसी भी प्रकार से आपके पक्षकार द्वारा कय किया गया हो तो मेरे कार्यलय में 05 दिवस में दस्तावेज प्रदान करे। उक्त वाद के विचाराधीन रहते हुऐ उक्त भुमि का यदि कोई कय या विक्रय करता है तो उक्त जाहीर सुचना के खण्डन के पश्चात उसके समस्त परिणामो का दायित्व संबंधित केता या विक्रेता रहेगा। दिनांकः-25 01.2026

**सुनिल राठौड एड़वोकेट**
**कार्यालय - व्यास कोलॉनी बड़नगर**
**मोबाईल नंबर- 7067515552**

## न्यायालय तहसीलदार तहसील महिदपुर जिला उज्जैन

**क्र./री./2025/** **महिदपुर दिनांक-23.01.2026**
**प्र. क्र.-2201/31-6/2025-26-1019**

## विज्ञप्ति

एतद द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेघराज पिता सेवाराम द्वारा ग्राम ढाबलावेणी स्थित भूमि सर्वे क्रं 43 रकबा 2.04 हेक्टर पर भूमिस्वामी दासुमल पिता सेवाराम के स्थान पर फौती नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो वह न्यायालय में मेरे समक्ष उपस्थित होकर दिनांक 06-02-2026 के पूर्व अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा एवं आदेश कर दिया जावेगा।

**तहसीलदार तहसील महिदपुर जिला-उज्जैन**

## कार्यालय नगर पालिक उज्जैन

**कमांक-86/2026** **उज्जैन दिनांक-23/01/26**

## केविएट सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, नगर तथा ग्राम नियोजन द्वारा प्रावधानित सांदिपनी चौराहे से उद्यन मार्ग तक चौड़ीकरण के सम्पादन हेतु नगर निगम उज्जैन को निर्माण एजेंसी नियुक्त किया गया है। माननीय निगम परिषद् का ठहराव क्रमांक 38 दिनांक 26-06-2025 की अनुशंसानुसार स्थल पर कार्य किया जा रहा है। सडक चौड़ीकरण में बाधक अतिक्रमण / अवैध निर्माण को हटाया जा रहा है। सडक चौडीकरण में बाधक अतिक्रमण / अवैध निर्माण के विरूद्ध कोई हितबद्ध/भवन स्वामी/भूमि स्वामी पर एक पक्षीय निशेधाज्ञा प्राप्त न कर सके इस हेतु माननीय उच्च न्यायालय में नगर पालिक निगम उज्जैन द्वारा केविएट आवेदन प्रस्तुत किया जा रहा है। जो सूचित हो।

**आयुक्त, नगर पालिक निगम उज्जैन**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अनवर पटेल (ANAWAR PATEL) पिता अजीम जी (AJEEM JEE) जाति मुस्लमान निवासी ग्राम-जांदला तह. बड़नगर जिला उज्जैन। पूर्व में मेरा नाम अनवर (ANAVAR) पिता अजीम जी (AJEEM JEE) था। चूकि अब मेरा नाम अनवर पटेल (ANAWAR PATEL) पिता अजीम जी (AJEEM JEE) हो चुका है। अतः मेरे सभी कागज़ों में वर्तमान में यही नाम लिखा हुआ है। अब मुझे मेरे सही नाम अनवर पटेल (ANAWAR PATEL) के नाम से जाना जायें। दिनांक - 24.01.2026

**अनवर पटेल पिता अजीम जी निवासी ग्राम-जांदला तह. बड़नगर जिला उज्जैन (म.प्र.) 456771 मो. 9827562586**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शेहजाद पटेल (SHEHAJAD PATEL) पति अनवर (ANAVAR) जाति मुस्लमान निवासी ग्राम-जांदला तह. बड़नगर जिला उज्जैन। पूर्व में मेरा नाम शेहजाद बी (SHEHAJAD BI) पति अनवर (ANAVAR) था। चूंकि अब मेरा नाम शेहजाद पटेल (SHEHAJAD PATEL) पति अनवर (ANAVAR) हो चुका है। अतः मेरे सभी कागजों में वर्तमान में यही नाम लिखा हुआ है। अब मुझे मेरे सही नाम शेहजाद पटेल (HAS के नाम से जाना जायें। दिनांक - 24.01.2026

**शेहजाद पटेल पति अनवर**
**निवासी ग्राम-जांदला तह. बड़नगर जिला उज्जैन (म.प्र.) 456771**
**मो. 9827562586**

## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार एस.एम.एफ.जी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड उज्जैन (म.प्र.) की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन म्यु. क्रमांक 1/665 पुराना भाग, म्यु. न. 20/7 के बाद का भाग, नया क्रमांक 40/5 का भाग एवं वर्तमान म्यु. क्रमांक 20/1 स्थित नजरअली मार्ग पथ क्रं. 02 इमली वाली गली वार्ड न. 24 उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 39.25 वर्गमीटर है। जिसके पूर्व मे- हस्तीमल जैन का भवन, पश्चिम मे- सामान्य मार्ग 10 फीट चैडा, उत्तर मे- गली, दक्षिण मे- तेजबाई का भवन स्थित है। उक्त सम्पत्ति हमिदा खातुन पति मुश्ताक अहमद कुरैशी, मुख्तियार अहमद, अशफाक अहमद, इश्तियार अहमद एवं अबरार अहमद पिता मुश्ताक अहमद कुरैशी ने इसके पूर्वस्वामी से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक 3178 दिनांक 07/11/2001 को क्रय कि। एवं हमिदा खातुन आदि ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु एस.एम.एफ.जी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड में आवेदन किया हैं तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति बंधक करने जा रहे हैं, तथा पक्षकार की जानकारी के अनुसार उक्त संपत्ति से संबंधित पूर्व का मुल विक्रय पत्र क्रमांक 202 दिनांक 16/04/1982 का कही गुम हो गया है जिसकी सुचना पुलिस थाना माधव नगर उज्जैन में दिनांक 23/01/2026 को दर्ज करवा दी गई । अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर एस.एम.एफ.जी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार एस.एम.एफ.जी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी । सूचित हो ।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मोबाइल न. 9301860352**

न्यूज-कॉलम

## जावद विधानसभा क्षेत्र का डुंगरपुर गांव सड़क मार्ग में उपेक्षा का शिकार

**नीमच।** नीमच जिला अंतर्गत जावद विधानसभा क्षेत्र का डुंगरपुर गांव से उमर गांव तक सड़क मार्ग डामरीकरण निर्माण के लिए लगभग एक वर्ष से स्विकृत पड़ा है, लेकिन विधायक व प्रशासनिक अफसरों की अनदेखी से वहां के आदिवासी रहवासीयों को कच्ची सड़क मार्ग से काफी मुश्किलो का सामना करना पड़ता है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए ग्राम पंचायत डुंगरपुर के उप सरपंच मोहन भील ने शासन से मांग की है तत्काल सड़क मार्ग पर डामरीकरण निर्माण किया जाय।

## दर्शन करने गये युवक की मोटरसाइकिल चोरी

**मन्दसौर।** जिले के सुवासरा का एक युवक मंदसौर पशुपतिनाथ मंदिर दर्शन करने आया। वह अपनी मोटरसाइकिल को मंदिर के मुख्य गेट के सामने खड़ी कर दर्शन करने गया जब लोट के आया तो पता चला के उसकी मोटरसाइकिल कोई अज्ञात व्यक्ति चुराकर ले गया। घटना की रिपोर्ट नईआबादी थाने मंदसौर पर फरियादी राहुल पिता श्यामलाल बागरी निवासी सुवासरा ने की है कि उसकी उक्त घटना स्थल से मोटरसाइकिल नं. एमपी 14 एमवाय 8513 चोरी हो गई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी की धारा में प्रकरण दर्ज किया।

## पीजी कॉलेज में पी-एच.डी. प्री-सबमिशन वायवा संपन्न

**मन्दसौर।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंदसौर में वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक एवं पूर्व प्राचार्य शोध निदेशक डॉ. बी. आर. नलवाया के मार्गदर्शन में शोधार्थी एवं महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग में सहायक प्राध्यापक योगेश कुमार पटेल का पी-एच.डी. प्री-सबमिशन वायवा सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। श्री पटेल ने मंदसौर जिले के उद्यमिता विकास में नियामक संस्थाओं के योगदान का अध्ययन विषय पर अपने शोध प्रबंध का प्रभावी प्रस्तुतीकरण किया, जिसे विद्वत परिषद द्वारा सराहा गया। वायवा प्रक्रिया के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जे.एस. दुबे, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. गुप्ता सहित वाणिज्य विभाग, प्रबंध विभाग सहित अन्य विभागों के प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।

## 27 जनवरी को सभी बैंक कर्मी हड़ताल पर रहेंगे

**मन्दसौर।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के 5 दिवसीय बैंकिंग सप्ताह की मांग को लेकर पिछले 3 वर्षों से आयबीए, वित्त मंत्रालय भारत सरकार से बात चल रही है, किंतु बातचीत एवं आश्वासन से आगे कोई ठोस निष्कर्ष नहीं निकल सका। पिछले महीने इसी संदर्भ में यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस ने 27 जनवरी को अखिल भारतीय हड़ताल का विधिवत नोटिस दिया, पिछले 2 दिन से वित्त मंत्रालय, आईबीए, मुख्य श्रम आयुक्त, सभी बैंक के अधिकारियों के साथ यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के सभी 9 यूनियन संगठन पदाधिकारियों के साथ हुई चर्चा में कोई निष्कर्ष नहीं निकल सका, और वित्त मंत्रालय, आईबीए एवं मुख्य श्रम आयुक्त हड़ताल को टालने में विफल रहे। इसलिए सभी राष्ट्रीयकृत बैंक एवं कुछ निजी बैंक कर्मियों को मजबूर होकर हड़ताल पर जाने का निर्णय लेना पड़ा।

## 1020 किलोग्राम मछली जप्त, पिकअप वाहन चालक गिरफ्तार

**मंदसौर।** जिले के भानपुरा थाना क्षेत्र के लेदी चौराहा से आगे ग्राम औसारा की तरफ आम रोड़ पर पुलिस ने दो आरोपियों के कब्जे से अवैध रूप से 1020 किलोग्राम मछली ले जाते हुए मय बोलेरो पिकअप क्र. आरजे 53जीए 2230 के साथ पकड़ा। जब्त मछली की कीमत करीब 1 लाख 20 हजार रुपये बताई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस प्रकरण में आरोपी जयसिंह (32) पिता गोपाल बैरवा निवासी काशी थाना देवली जिला टोंक राज. के खिलाफ बीएनएस की धारा 303 (2) व 5 फिशरीज एक्ट में प्रकरण दर्ज किया।


**सूचना**

समाचार पत्र में समाचार प्रकाशन व विज्ञापन के लिए संपर्क करें

मोबा. 7771090777, 7773077762


# स्वयं का आत्ममंथन करें, स्वयं के अंदर बेस्ट को खोजे और अपने करियर का चुनाव करे : एएसपी खाखा

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम।



मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् के जनहितैषी अभियान ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश के अंतर्गत सैलाना विकासखंड में सेक्टर-स्तरीय ग्रामोत्सव का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। नवाकुंर संस्था भागीरथ रूरल अवेयरनेस थिंकर्स फाउंडेशन द्वारा विकासखंड के प्रतिभावान विद्यार्थियों को उनके शैक्षणिक एवं सामाजिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

ग्रामोत्सव के अंतर्गत करियर परामर्श व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राकेश खाखा, विशेष अतिथि थाना प्रभारी पिंकी आकाश, कार्यक्रम अध्यक्ष शासकीय महाविद्यालय सैलाना के प्राचार्य डॉ. आर.पी. पाटीदार, विशिष्ट अतिथि जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय एवं विकासखंड समन्वयक रतनलाल चरपोटा की गरिमामयी उपस्थिति रही।

बसंत पंचमी व नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम माँ सरस्वती की वंदना एवं पूजन के साथ नेताजी सुभाषचंद्र बोस को माल्यार्पण किया गया। अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर ग्रामोत्सव का विधिवत उद्घाटन किया। इसके पश्चात नवांकुर संस्था के हरीश सिलावट द्वारा अतिथि स्वागत उद्बोधन किया गया व विकासखण्ड समन्वयक रतनलाल चरपोटा द्वारा कार्यक्रम की रुपरेखा रखी गयी।

जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय ने जन अभियान परिषद की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि परिषद निरंतर ग्रामीण क्षेत्रों में नेतृत्व विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक चेतना को सशक्त बनाने की दिशा में कार्य कर रही है।

कॉलेज की छात्राओं द्वारा एकल व सामुहिक राष्ट्र भक्ति गीत के पश्चात मुख्य अतिथि एएसपी श्री राकेश खाखा ने विद्यार्थियों को करियर मार्गदर्शन को लेकर अपने व्यक्तिगत जीवन के अनुभव साझा किए। विद्यार्थियों को स्वयं का आत्ममंथन कर ,स्वयं के अंदर के व्यक्तित्व को पहचानकर अपने भविष्य के लिए अपना करियर चुनने की सलाह दी। उन्होंने चर्चित पुस्तक "सीक्रेट स्टोरीज" से जुड़े अनुभव भी साझा किए। उन्होंने कहा कि लक्ष्य स्पष्ट हो तो कठिन परिस्थितियाँ भी सफलता की सीढ़ी बन जाती हैं। युवाओं को आत्मविश्वास, अनुशासन और निरंतर परिश्रम को जीवन का आधार बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर.पी. पाटीदार ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस के जीवन पर प्रकाश डालते हुए, स्वतंत्रता आंदोलन में विशेष भुमिका का उल्लेख किया । जन अभियान परिषद के ग्रामोदय अभियान को ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने वाला सशक्त प्रयास बताया। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया।

# पेयजल की शुद्धता की नियमित जांच तथा पानी की टंकी की सफाई नियमित रूप से करवाये : कलेक्टर

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम



कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह द्वारा पेयजल व्यवस्था के लिए पी एच ई एवं जल निगम के कार्यों की समीक्षा की गई एवं आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री वैशाली जैन, ई ई पी एच ई श्री भूरिया, जल निगम के अधिकारी उपस्थित थे ।

बैठक में कलेक्टर ने जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले में स्वीकृत एकल ग्राम नलजल योजनाओं की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि सभी ग्रामीण क्षेत्रों म में एसडीओ पीएच ई जाकर जांच करे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि ऐसे हैण्डपम्प जिनका पानी पीने योग्य नहीं उन्हें रेड आईल पेन्ट कर चिन्हित करवायें एवं आमजन को इसकी जानकारी दी जाए ताकि कोई भी हैण्डपम्प का पानी पीने के लिए उपयोग नहीं करे।

जल निगम के कार्य पूर्ण होने के बाद रोड को पुनः वैसे ही मरम्मत करवायें जैसे वह पूर्व स्थिति में थी। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जो योजनाएं पूर्ण हो गई है उनको ग्राम पंचायत को जल समिति के समक्ष में कार्य पूर्ण होने के बाद ही हैण्डओवर किया जाए। गणतंत्र दिवस पर होने वाली विशेष ग्राम सभाओ मे जल समिति की बैठक अनिवार्य रूप से करवाये।

कलेक्टर ने बैठक में पेयजल की शुद्धता की नियमित जांच तथा पानी की टंकी की सफाई नियमित रूप से करवाई जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि ब्लाक स्तर पर बैठक आयोजित कर पानी की टंकी की सफाई के संबंध में सफाई करने वाले कर्मचारियों को जानकारी प्रदाय की जाए।



## गणतंत्र दिवस समारोह की अंतिम रिहर्सल की गई

**रतलाम।** गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह के भव्य आयोजन के लिए की गई तैयारियों एवं परेड की अंतिम रिहर्सल 24 जनवरी को स्थानीय पोलो ग्राउंड पर की गई। रिहर्सल में मुख्य अतिथि एएसआई मदनलाल सांखला ने ध्वजारोण कर परेड की सलामी ली। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार, अपर कलेक्टर डॉ. शालिनी श्रीवास्तव, एसडीएम रतलाम ग्रामीण श्री विवेक सोनकर एवं कमिशनर नगर निगम श्री अनिल भाना सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान पुलिस बल, स्काउट, एस ए एफ, एनसीसी, शौर्य दल द्वारा अंतिम रूप से मुख्य समारोह के लिए परेड की रिहर्सल की गई। स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए पूर्व अभ्यास किया गया।

# साहित्य से जुड़कर ही व्यक्ति को मिलती है असली संतुष्टि-टीआई श्री राठौर



## अ.भा. साहित्य परिषद ने बसंत काव्य गोष्ठी आयोजित की

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मंदसौर

अखिल भारतीय साहित्य परिषद द्वारा बसंत काव्य गोष्ठी और सरस्वती पूजन का आयोजन किया । मुख्य अतिथि शहर थाना प्रभारी पुष्पेंद्र राठौर ने कहा कि बसंत पंचमी प्रकृति और संस्कृति के मिलन का पर्व है।

उन्होंने साहित्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, व्यक्ति अपनी उपलब्धियों से समाज में एक रुतबा तो हासिल कर लेता है, लेकिन उस रुतबे को असली संतुष्टि और सुकून साहित्य से जुड़कर ही प्राप्त होता है। वरिष्ठ पत्रकार घनश्याम बटवाल ने कहा कि माँ सरस्वती की वीणा से ही सात सुरों और नौ रसों की उत्पत्ति हुई है। वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश जोशी ने बसंत को उल्लास और शांति का प्रतीक बताया।

इस दौरान गोष्ठी में नरेन्द्र त्रिवेदी ने सुगंध पुष्पों की मिले, होते ही भिनसार, नरेन्द्र भावसार लो फिर आ गया बसंत, तुम्हारी कुल्हाड़ियों के खिलाफ्ज, नंदकिशोर राठौर च्शब्द रस पहचान, मन की उड़ान, भाये तो बसंत है, चंदा डांगी च्आई खुशियों की बौछार, बहेगी साहित्य की रसधार, दीपिका किशोरी च्श्वेत हंस आसीन वह, श्वेताम्बर नित धारच्, ईश्वर डांगी च्हे शारदे तू हमें स्वर दे माँ, करुणा कर हमें वर दे माँ सुनाया। कार्यक्रम में आशीषसिंह मण्डलोई, नरेन्द्रसिंह राणावत, अजय डांगी, राजेन्द्र तिवारी, अजीजउल्लाह खान, राजकुमार अग्रवाल, श्रीमती स्वाति रिछावरा, सुरेन्द्र शर्मा आदि उपस्थित थे। संचालन नरेन्द्र भावसार ने किया एवं आभार नन्दकिशोर राठौर ने माना।

# 1.40 करोड़ की लागत से डामरीकरण और सीसी रोड कार्यों का हुआ भूमिपूजन

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मन्दसौर



नगरपालिका परिषद मंदसौर शनिवार को नई आबादी और उत्कर्ष विद्यालय क्षेत्र में लगभग 1.40 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले डामरीकरण, सीसी रोड और नाला निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया।

वार्ड क्र. 9 नई आबादी में लगभग 70 लाख रु. की लागत से डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन किया गया। यह कार्य गुप्ता कचोरी चौराहे से श्री गोपाल कृष्ण पाटिल के निवास तक, भारत प्लाजा से डॉ. विरेन्द्र गांधी के अस्पताल तक एवं गुप्ता कचोरी से पोस्ट ऑफिस चौराहे तक किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा सांसद श्री सुधीर गुप्ता एवं राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर ने की। कार्यक्रम में आभार पार्षद निलेश जैन ने व्यक्त किया

इसी प्रकार मुख्यमंत्री अधोसंरचना एवं विकास योजना के अंतर्गत वार्ड क्र. 12 में उत्कर्ष विद्यालय से होटल भगत पैलेस तक सीसी रोड और आर.सी.सी. नाला निर्माण कार्य का भी भूमिपूजन किया गया। लगभग ७० लाख की लागत वाले इस कार्य के दौरान राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि यह सड़क काफी समय से प्रतीक्षित थी, जिसके बनने से क्षेत्र का आवागमन सुगम होगा। कार्यक्रम में आभार पार्षद सुनीता अशोक भावसार ने माना। इन कार्यक्रमों में भाजपा नेता विजय सुराणा, शिवपाल सिंह राणा, पारस मावर, समाजसेवी बलवंत सिंह नारंग आदि की उपस्थिति रही।

## सांस्कृतिक गौरव के संदेश के साथ विशाल वाहन रैली का आयोजन

**नीमच।** खंडेलवाल वैश्य समाज नीमच द्वारा आज रविवार 25 जनवरी को समाज की एकता एवं सांस्कृतिक गौरव के संदेश के साथ विशाल वाहन रैली का आयोजन किया जा रहा है। रैली के साथ संत सुंदरदास तिराहा (मार्ग) का अनावरण भी सम्पन्न होगा। उक्त जानकारी देते हुवे संगठन मंत्री व प्रवक्ता विवेक खण्डेलवाल ने बताया कि वाहन रैली दोपहर 4 बजे श्री गोधाम बालाजी मंदिर से प्रारंभ होकर ब्रह्माकुमारी, पुरानी नगर पालिका, गुरुद्वारा चौराहा, टैगोर मार्ग, फव्वारा चौक, बारादरी, नया बाजार, तिलक मार्ग, अग्रसेन चौराहा, चौकन्ना बालाजी, स्टेशन रोड, रेलवे फाटक, हनुमान नगर, फतेह चौक, रेलवे पुलिया के नीचे से कृष्णा नगर होते हुए सिद्धिविनायक गेट के बाहर पहुँचेगी। इसके पश्चात संत सुंदरदास तिराहा (मार्ग) का अनावरण मुख्य अतिथि विधायक दिलीपसिंह परिहार, भाजपा जिलाध्यक्ष एवं सभापति वंदना खण्डेलवाल, नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति चौपड़ा द्वारा होगा।

# गणतंत्र दिवस समारोह परम्परांगत गरिमा के साथ मनाया जाएगा

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ नीमच



जिले में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह परम्परांगत गरिमा के साथ मनाया जाएगा। मुख्य समारोह जिला मुख्यालय नीमच के शा.बा.उ.मा. विद्यालय क्रं.-2 नीमच पर आयोजित होगा। समारोह में विभिन्न विभागों के उत्कृष्ट कर्मचारियों को पुरस्कारों का वितरण भी किया जाएगा।

इस मौके पर विभिन्न विभागों द्वारा शासकीय योंजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति पर आधारित झांकियां निकाली जाएगी। नीमच में गणतंत्र दिवस समारोह में प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ध्वजोत्तोलन कर भव्य परेड की सलामी लेगी। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में जिले में गणतंत्र दिवस समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

गणतंत्र दिवस 26 जनवरी पर जिले के सभी शासकीय कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थाओं मे प्रातः 8 बजें झण्डा वंदन किया जाएगा। मुख्य समारोह में प्रातः 9 बजे प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री तथा जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ध्वजोत्तोलन कर, आयोजित भव्य परेड की सलामी लेंगी तथा प्रदेश की जनता के नाम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के गणतंत्र दिवस संदेश का वाचन करेगें। परेड में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल नीमच,सशस्त्र पुलिस बल,जिला पुलिस बल के जवानों और वन विभाग, नगर सेनाएंव एन.सी.सी.सीनियर डिवीजन स्काउट की टुकडी भी शामिल होगी।

इस अवसर पर नगरपालिका ,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी,कृषि,आदिम जाति कल्याण, लोक निर्माण,लोक स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण,जिला पंचायत, उद्यानिकी, जल संसाधन,ग्रामीण यांत्रिकी, महिला एंव बाल विकास विभाग सहित विभिन्न 14 विभागों द्वारा विकास गतिविधियों योजनाओं पर आधारित आकर्षक झांकियां भी निकाली जाएगी। गणतंत्र दिवस पर विकासखंड, ग्राम पंचायत स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएगें और स्कूली बच्चों की प्रभात फैरी निकाली जायेगी।

अपर कलेक्टर श्री बी.एस.कलेश ,ए.एस.पी. श्री नवलसिंह सिसोदिया की उपस्थिति में गंणतत्र दिवस समारोह की तैयारियों की फुल ड्रेस रिहर्सल( अंतिम पूर्वाभ्यास) शनिवार को शा.बा. उ.मा.वि. क्रं.-2 नीमच के मैदान पर किया गया। इस अंतिम पूर्वाभ्यास में सभी टुकडियों ने भव्य मार्च पास्ट परेड प्रस्तुत की तथा विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग देश भक्ति पूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।



## सनावदा में आनंद उत्सव खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**पिपलिया मंडी।** 23 जनवरी को प्रातः 11 बजे माध्यमिक विद्यालय सनावदा में आनंद उत्सव खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ ग्राम पंचायत सनावदा में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष सामंत सिंह शक्तावत मंडल पिपलिया मंडी एवं कमलेश पाटीदार बालागुड़ा जनपद सदस्य एवं महिला बाल विकास शिक्षा और स्वास्थ्य समिति सदस्य जनपद पंचायत मल्हारगढ़ व पूर्व भाजपा मंडल कोषाध्यक्ष मंडल पिपलिया मंडी प्रकाश पाटीदार सरपंच प्रतिनिधि सांसद आदर्श ग्राम पंचायत बालागुड़ा पंकज पाटीदार जनपद सदस्य वार्ड क्रमांक 1 जनपद पंचायत मल्हारगढ़ श्रीमती पपीता आशीष पाटीदार सरपंच ग्राम पंचायत सना दा लाल सिंह शक्तावत सचिव सांसद आदर्श ग्राम पंचायत बालागुड़ा दशरथ आर्य सचिव ग्राम पंचायत उमरिया कमल दास बैरागी सचिव ग्राम पंचायत बरखेड़ा जयसिंह तंवर सिंह शक्तावत सहायक सचिव ग्राम पंचायत सनावदा नरेंद्र सिंह शक्तावत ग्राम पंचायत उमरिया उप सरपंच प्रतिनिधि ईश्वर लाल धनगर ग्राम पंचायत सनावदा भाजपा कार्यकर्ता फकीरचंद धनगर नेमीचंद जैन पंच प्रजापत व समस्त पंचगण एवं नन्हे मुन्ने बच्चे विद्यालय के व समस्त विद्यालय का स्टाफ गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## भड़भड़िया फंटे पर ट्राले ने बाइक को कुचला, दो युवकों की दर्दनाक मौत

**नीमच।** शहर के बाहरी क्षेत्र में बाईपास हाईवे बाईपास पर भड़भडिया फंटे पर बुधवार शाम को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया । जिसमें एक तेज रफ्तार ट्राले ने बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक ट्राले के नीचे दब गए, जिससे मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना में मृतक- य क सरवानिया निवसी गोविंद रेगर 22 वर्ष एवं सोहन सिंह निवासी सरवानिया एक ही मोटरसाइकिल पर सवार थे । जिनकी दुर्घटना में दुखद मौत हो गई।ग्रामीण प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्राला नंबर एन एल 01ए एच 0720 तेज गति में था और सामने से आ रही बाइक नंबर आर जे 09 2 एम 5550 को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक ट्राले के नीचे फंस गए। सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची। फंसे युवकों को न जैसीबी मशीनों और एक क्रेन की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशनचलाकर कड़ी मशक्कत के बाद शव निकाल कर जिला अस्पताल पहुंच गए । पुलिस ने युवकों के शव को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिए। वहीं परिजनों ने दुर्घटना में मृतक मजदूर युवको के परिवार को आर्थिक सहायताक देने की प्रशासन से मांग की।

## गणतंत्र दिवस की फुल ड्रेस रिहर्सल संपन्न, 16 प्लाटूनों ने दिखाया अनुशासन

### कलेक्टर और एसपी ने तैयारियों का लिया जायजा



**मन्दसौर।** आगामी 26 जनवरी को आयोजित होने वाले जिलास्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए शनिवार को राजीव गांधी शासकीय महाविद्यालय के क्रीड़ा परिसर में फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल संपन्न हुई। 26 जनवरी को मुख्य समारोह प्रातः 9 बजे से आयोजित किया जाएगा। शनिवार को सुबह ठीक 9 बजे आयोजित फाइनल रिहर्सल का अवलोकन कलेक्टर अदिती गर्ग और एसपी श्री विनोद कुमार मीना ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान अपर कलेक्टर एकता जायसवाल, जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन और एएसपी तैरसिंग बघेल भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था और सुरक्षा मानकों का बारीकी से निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।रिहर्सल के दौरान कुल 16 प्लाटूनों ने अत्यंत अनुशासित और समन्वित परेड का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं, जिनमें राष्ट्रप्रेम और एकता की झलक दिखाई दी।

## 12 किलो अफीम की तस्करी में आरोपी को 12 वर्ष का कारावास और जुर्माना

**मन्दसौर।** अतिरिक्त विशेष न्यायालय (एनडीपीएस एक्ट) मंदसौर ने अवैध मादक पदार्थ अफीम की तस्करी के मामले में आरोपी रामनिवास मालवीय (50) निवासी मेलानखेड़ा (नीमच) को दोषी पाते हुए 12 वर्ष के सश्रम कारावास और डेढ़ लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन मीडिया प्रभारी बलराम सौलंकी ने बताया कि घटना दिनांक 24 दिसंबर 2018 को नारकोटिक्स सेल इंदौर (प्रकोष्ठ मंदसौर) की टीम ने मुखबिर की सूचना पर बोतलगंज के पास नाकाबंदी की थी। पुलिस ने एक सफेद रंग की सेंट्रो कार आरजे 14सीजी 4456 को रोककर तलाशी ली, जिसमें से 12 किलोग्राम अवैध अफीम बरामद हुई। पुलिस ने कार चालक रामनिवास मालवीय पिता मोहनलाल मालवीय निवासी-मेलानखेड़ा जिला नीमच को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध धारा 8/18, 25, 29 एनडीपीस एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय में पेश किया गया था।

## गणतंत्र दिवस की संध्या पर होगा भारत पर्व का आयोजन

**रतलाम।** राज्य शासन के निदेर्शानुसार जिले में गणतंत्र दिवस 26 जनवरी की संध्या पर लोकतंत्र के लोक उत्सव भारत पर्व का आयोजन किया जाएगा। गणतंत्र दिवस की संध्या पर सायं 7 बजे से गुलाब चक्कर में भारत पर्व कार्यक्रम में देश भक्ति गीत, लोकनृत्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां होंगी। 'इभारत पर्वइ्ड कार्यक्रम के दौरान गुलाब चक्कर में जनसम्पर्क विभाग द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी।

## ऐतिहासिक स्थलों पर रोशनी की जाएगी

**रतलाम।** राज्य शासन ने 26 जनवरी 2026 गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में समस्त शासकीय भवनों एवं महत्त्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थलों पर 25 एवं 26 जनवरी को रात्रि में प्रकाश की व्यवस्था करने के दिशा-निर्देश दिये है।



## युवा शक्ति से राष्ट्र निर्माण के संकल्प हेतु एबीवीपी ने किया कार्यक्रम आयोजित

**ब्यावरा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला राजगढ़ की लखनवास इकाई द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर एक प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरित होकर युवाओं में राष्ट्रनिर्माण, चरित्र निर्माण एवं सामाजिक दायित्व की भावना जागृत करने के उद्देश्य से नगर के विभिन्न विद्यालयों जैसे पीएमश्री, ज्ञान ज्योत विद्या मंदिर, गुरुकुल पब्लिक स्कूल,ऋषभ कॉन्वेंट स्कूल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में नगरमंत्री राकेश सोंधिया उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र की असली ताकत है और स्वामी विवेकानंदजी के आदर्शों को अपना कर ही सशक्त, समरस और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण संभव है। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक एवं राष्ट्रीय दायित्वों में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया, पीएम श्री विद्यालय में बसंत पंचमी के अवसर पर सरस्वती माता की भव्य आरती तथा सामूहिक वंदना की गई वक्ता ने स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में एबीवीपी के कार्यकताओं एवं स्थानीय विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही। सभी उपस्थित युवाओं ने राष्ट्रसेवा और समाजहित में कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन लखनवास इकाई के नगरमंत्री कान्हा सोंधिया ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापित किया कार्यक्रम में अभाविप कार्यकर्ता चेतन, अनमोल,विशाल एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## यज्ञ की सफलता के लिए ध्वज पूजन कर स्थापित किया



**कायथा।** श्री औंकारेश्वर महादेव मंदिर के सामने यज्ञ की सफलता के लिए ध्वज पूजन शुक्रवार को किया गया, यज्ञ की सफलता निर्विघ्नं संपन्नता और क्षेत्र मे सुख शांति की कामना के साथ विधिवत ध्वज पूजन कर स्थापित किया गया, इस अवसर पर यज्ञ समिति के सदस्य नगर के गणमान्यजन उपस्थित थे । श्री औंकारेश्वर महादेव मंदिर के पुजारी पंडित भुवनेश चंद्र त्रिवेदी ने बताया कि ध्वज पूजन कर स्थापित कर क्षेत्र में समृद्धि स्थान के अधिष्ठाता देवता की अनुमति से यज्ञ अनुष्ठान निर्विघ्नं संपन्न होता है। यज्ञ 9 फरवरी से प्रारंभ होकर 15 फरवरी महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर पूर्णाहुति के साथ समापन होगा, यज्ञ समिति द्वारा आग्रह किया गया है कि इस पुनित अवसर पर दान दर्शन कर पुण्य लाभ लेवे।

## व्हायईएफ ने किया नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवाई वितरण शिविर का आयोजन



**बड़नगर।** नगर में व्यापार करने के साथ-साथ जन सेवा का भाव भी प्रत्येक व्यापारी में जागृत हो एवं प्रत्येक व्यापारी जन सेवा में भी अग्रणी रहकर राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाये इस संकल्प को लेकर नगर में लगातार सेवा कार्य कर रही यंग इंटरप्रेन्योर फोरम (व्हायईएफ) टीम ने स्थानीय ठक्कर बप्पा नगर में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवाई वितरण शिविर का आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या में नगर के युवा उद्यमियों ने हिस्सा लिया। शिविर में नगर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. फखरुद्दीन सैफी, डॉ.अंशुल गुप्ता एवं डॉ. विजयसिंह भाटी ने अपनी सेवाएं दी। चिकित्सकों द्वारा रहवासियों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के साथ-साथ स्वास्थ्य जागरूकता हेतु मार्गदर्शन किया गया। इस अवसर पर कृष्णकांत गोयल, नितेश गोधा, विनायक कोठारी, राजेंद्र अग्रवाल, अंकित खाबिया, अभिषेक कुशवाह, हर्षित जैन, डॉ. अर्पित शर्मा, नीलेश नीमा, दीपक कल्याणी, पंकज सिंधल, हेमंत परमार, राहुल जैन, आदित्य गोलेचा, हार्दिक छाजेड़ आदि उपस्थित थे।

## शहर कांग्रेस ने किया रैली का स्वागत

**शुजालपुर।** क्षत्रिय राजपूत सम्राट राजा भोज के जन्मोत्सव पर वाहन रैली निकाली गई, जिसका विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा से स्वागत हुआ। वहीं शुजालपुर सिटी हॉस्पिटल चौराहे पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष रईस पठान के नेतृत्व में पुष्प वर्षा कर रैली का स्वागत किया गया। इस अवसर पर सोशल मीडिया प्रदेश महासचिव विष्णु शर्मा,कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग जिला अध्यक्ष हसन रजा कुरैशी,असंगठित कामगार कांग्रेस प्रदेश सचिव विशाल शर्मा, अमीन खां अख्तियारपुर,अरविंद यादव,रमेश राजपूत, मनीष परमार,दिनेश कामदार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आम जनता के लिए हेलमेट की अनिवार्यता, कर्मचारी बिना सुरक्षा के पहुंच रहे दफ्तर

# तहसील परिसर, थाना, नपा, जनपद कार्यालय में कही भी हेलमेट में नहीं दिखे कर्मचारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।



सडक पर आम आदमी बिना हेलमेट के मोटर साइकिल चलाता मिले तो उसका तुरंत चालान काट दिया जाता है। यातायात नियम तोडने पर उसे आर्थिक और मानसिक प्रताडना का शिकार होना पडता है। वहीं दूसरी ओर सभी सरकारी कार्यालयों में बिना हेलमेट के अधिकारी-कर्मचारी वाहनों से पहुंच रहे हैं, लेकिन उनपर कोई वैधानिक कार्रवाई नहीं होती।

प्रदेश स्तर पर जारी किए मुख्य सचिव के आदेश के पालन की स्थिति देखने के लिए हमने सरकारी दफ्तरों का जायजा लिया तो चौकाने वाले हालात दिखाई दिए। एक भी सरकारी कर्मचारी बाइक पर हेलमेट पहने नहीं दिखा। इनमें महिला कर्मचारी भी शामिल थीं। पिछले 5 सालों की बात करे तो तहसील में सैकडों सडक हादसे हुए है। इनमें अनगिनत लोग घायल हुए है और दर्जनों लोगों ने अपने प्राण गंवाए हैं। सडक हादसों में सबसे अधिक मौत मोटर साइकिल दुघटना में होती है। इसकी मुख्य वजह होती है बिना हेलमेट बाइक चलाना। इस बात की गंभीरता को देखते हुए ही बुधवार को मुख्य सचिव ने प्रदेश के सभी शासकीय सेवकों के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य किया है। बाकायदा इसके लिए सभी कमिश्नर और कलेक्टर को आदेश जारी करने के निर्देश दिए हैं। हेलमेट की अनिवार्य करने के पीछे उद्देश्य प्रदेश में वाहन दुर्घटनाओं से होने वाली मौत के आंकडों में कमी लाना है। इसके लिए दोपहिया वाहन चालकों को जागरूक करने के निर्देश दिए हैं। आदेश के पालन में धरातल पर क्या स्थिति है इसका जायजा लेने के लिए हमने सरकारी कार्यालयों को अवलोकन किया। तहसीलदार, एसडीएम संयुक्त कार्यालय भवन, जनपद पंचायत, नगरपालिका, पुलिस थाना, आदि का जायजा लिया तो लापरवाही वाले हालात नजर आए। बडी संख्या में कर्मचारी बाइक से दफ्तर तो पहुंचे, लेकिन किसी ने भी हेलमेट नहीं पहना था। शासकीय सेवक बिना हेलमेट के दिखाई दिए।

#### पुलिसकर्मी भी नही पहनते

पुलिस विभाग हेलमेट नहीं पहनने को लेकर आम लोगों के चालान बना रहा है। लेकिन थाने में पदस्थ पुलिसकर्मी भी बिना हेलमेट के ही अपनी ड्यूटी पर पहुंच रहे है। यही स्थिति पुलिस थाना में बाइक से अपनी ड्यूटी करने पहुंचे 99 फीसदी कर्मचारियों की रही तो नगर पालिका मे तो किसी के पास हेलमेट दिखाई ही नहीं दिया। 100 फीसदी बिना हेलमेट के आए।

#### जिनके पास हैं वे उपयोग नहीं करते

एसडीएम कार्यालय, जनपद पंचायत में सुबह 10 से लेकर 11.45 बजे तक दो दर्जन से ज्यादा कर्मचारी पहुंचे। ज्यादातर या यूं कहे कि 95 फीसदी कर्मचारी बिना हेलमेट के ही वाहन चलाते हुए पहुंचे। जो इक्का-दुक्का कर्मचारी हेलमेट के साथ पहुंचे उनमें से भी किसी ने इसे पहनकर बाइक चलाने की बजाय बाइक पर ही टांग रखा था।

#### बोले जिम्मेदार

सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश किया जाएगा कि वह हेलमेट का उपयोग दो पहिया वाहन चलाते समय आवश्यक करें। यदि वह ऐसा नहीं करते है तो अंतिम चेतावनी जारी कर उन्हें विरुद्ध चालानी कार्रवाई करवाई जाएगी।

**रोहित बम्हौरे, एसडीएम, सारंगपुर।**

### राम मंदिर की द्वितीय वर्षगांठ पर नगर में निकली

## भव्य शोभायात्रा में शामिल हुए हजारों राम भक्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ कानड़



भगवान श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या भगवान राम लला का भव्य मंदिर निर्माण की 22 जनवरी को द्वितीय वर्षगांठ नगर में बड़े ही धूमधाम से मनाई गई।नगर की सभी मंदिरों में फूलों एवं विद्युत रोशनी से मंदिरों को सजाया गया और प्रभु श्री राम की आरती की गई। अलसुबह प्रभात फेरी निकाल गई जिसमें नगरवासी मौजूद थे वही नगर के कनकेश्वर महादेव मंदिर में भगवान श्री राम की महाआरती हुई आरती के पूर्व मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया साथ ही भगवान श्री राम लक्ष्मण और माता सीता और हनुमान जी का दिव्य एवं आकर्षक श्रृंगार किया गया वही शाम 7 बजे से प्रभात फेरी कीर्तन मंडल एवं महिला मंडल द्वारा पुराना बस स्टैंड स्थित कनकेश्वर महादेव मंदिर से भगवान रामलला एवं हनुमान जी की पूजा अर्चना कर श्री राम दरबार की भव्य शोभायात्रा डीजे ढोल धमाके के साथ प्रारंभ हुई जो नगर के प्रमुख मार्ग से निकली। यात्रा का जगह-जगह धर्म प्रेमी जनों व जनप्रतिनिधियों द्वारा पुष्प वर्षा कर एवं प्रभात फेरी कीर्तन मंडल एवं महिला मंडल का पुष्प वर्षा व सरोफा बांधकर स्वागत सम्मान किया गया। यात्रा का नगर में जगह बग्गी में विराजित भगवान रामलला की तस्वीर की पूजा अर्चना एवं आरती की गई।इस भव्य शोभायात्रा के साक्षी युवा बच्चे युवतियां और पुरुष एवं महिलाएं श्री राम के भजनों पर नाचते झूमते हुए इस शोभायात्रा में कदम ताल मिलाकर चल रहे थे। श्री राम लला की शोभायात्रा नगर के ठाकुर मोहल्ला स्थित चमत्कारिक भूतेश्वर महादेव शिव डेरा मंदिर पर पहुंचा जहां भगवान श्री राम लला महा आरती एवं प्रसाद वितरण के पश्चात इस भव्य शोभायात्रा का समापन हुआ। सुरक्षा की दृष्टि से का थाना प्रभारी राजकुमार दांगी के नेतृत्व में पुरी पुलिस टीम शोभायात्रा में पूरे समय मौजूद रहे।





## बिजली विभाग ने बकायादारों से की 24 लाख रुपये की जब्ती

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खिलचीपुर

जिला राजगढ़ के विधुत वितरण केंद्र खिलचीपुर एक संभाग जीरापुर अंतर्गत आज बुधवार को ग्राम दिलावरी में बिजली बिल उपभोक्ताओं पर बकाया राशि होने के कारण 8 नम्बर उपभोक्ताओं पर कुल बकाया राशि 16 लाख रुपए के विरुद्ध एक 100 केवीए ट्रांसफार्मर जप्त किया गया। वहीं ग्राम देवरी में दो नंबर उपभोक्ताओं पर 3.67 लाख रुपए बकाया के विरुद्ध मोटर जप्त की गई। इसी के तहत ग्राम गुमानी पूरा के दो नंबर उपभोक्ताओं पर कुल राशि 4.98 लाख रुपए बकाया राशि होने के कारण दो मोटर जप्त की गई। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड खिलचीपुर एक द्वारा सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि राज्य शासन की समाधान योजना में 100% सरचार्ज माफी योजना का अधिक से अधिक उपभोक्ता लाभ लेवे वह विद्युत बिलों में राहत प्राप्त करें।

## मां बिजासन मेले का टेटवाल ने किया शुभारंभ

**सारंगपुर।** बसंत पंचमी के पावान पर्व पर मां बिजासन धाम भैंसवा माताजी में लगने वाले परंपरागत माघ मेले का झंडा चोक पर माता बिजासन के ध्वज का पूजन कर क्षेत्रीय विधायक राज्य मंत्री गौतम टेटवाल द्वारा किया गया उसके उपरांत मेला कैंप पर विधिवत ध्वज फहराया। राज्य मंत्री गौतम टेटवाल द्वारा माता बिजासन की पूजन अर्चन कर माता बिजासन से निर्विघ्न मेला सम्पन्ना कराने के लिए प्रार्थना की। यह मेला रियासती काल से विविध प्रकार के व्यापार के लिए प्रख्यात हैं।

### सुधाकर राव देशमुख ने देहदान का अनूठा संकल्प लिया

## देहदान की घोषणा करते हुए अपना पंजीयन पत्र भरा



**शुजालपुर।** नगर के वरिष्ठ समाजसेवी, मराठा समाज के सक्रिय व लगभग 50 वर्षों से प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से जुड़े हुए सुधाकर राव देशमुख पिता स्व. विनायक राव देशमुख ने बसंत पंचमी के अवसर पर अनूठी पहल के तहत नेकी की दीवार मिर्ची बाजार पर देहदान की घोषणा करते हुए, उज्जैन आर डी गार्डी कॉलेज के लिए अपना पंजीयन पत्र भरा। परिजन बेटे बहु प्रवीण प्राजक्ता देशमुख,प्रीति अतुल देशमुख,प्रिया प्रशांत देशमुख नागपुर,पोते पोती भूमिका,पृथ्वीराज देशमुख की सहर्ष सहमति से इस प्रकिया से सुधाकरराव अत्यंत संतुष्ट एवं हर्षित हुए। ज्ञात रहे कि मरणोपरांत देह मेडिकल कॉलेज को चिकित्सकों को बीमारियों के इलाज के लिए रिसर्च में प्रयोग होगी। देहदान के लिए आयोजित कार्यक्रम में अभिनंदन जैन,प्रशांत मिश्रा,संतोष राजपूत,सर्वेश पोखरना,दीपक गोयल,अमित राठी, डॉ अयान शर्मा, ग्रीष्मा शाह, वीणा गोयल, परमजीत कौर खालसा,राजकुमारी अग्रवाल,संध्या धारीवाल, कोमल देशमुख,रूपल शाह,चारुल शाह आदि उपस्थित रहे।

### शुजालपुर में हुए विभिन्न आयोजन, उच्चशिक्षा मंत्री ने सीएम राइज में की पूजा अर्चना

# बसंत पंचमी विद्या, विवेक व संस्कार के जागरण का प्रतीक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



बसंत पंचमी के पावन अवसर पर शुजालपुर में विभिन्न कार्यक्रमआयोजित हुए। जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर में हिंदी विभाग एवं भारतीय ज्ञान परंपरा के संयुक्त तत्वावधान में बसंत पंचमी सरस्वती पूजन सूर्यकांत त्रिपाठी निराला, सुभाष चंद्र बोस, वराहमिहिर, राजा भोज की जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ विद्या भारती मध्यक्षेत्र पूर्णकालिक कार्यकता सत्यनारायण शर्मा, जन भागीदारी समिति अध्यक्ष आलोक खन्ना, डॉ.प्रवीणा धारीवाल उपस्थित रहे,अध्यक्षता प्राचार्य डॉ.राजेश कुमार शर्मा ने की। स्वागत भाषण डॉ.आनंद कुमार अजनोदिया ने दिया। विषय विशेषज्ञ शर्मा ने बसंत पंचमी उत्सव मनाने के पीछे के उद्देश्य को, निराला, सुभाष चंद्र बोस, राजाभोज की जीवन यात्रा पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि बसंत पंचमी भारतीय ज्ञान परंपरा में विद्या विवेक और संस्कार के जागरण का प्रतीक है उन्होंने निराला को सामाजिक एवं राष्ट्रीय चेतना का कवि नेताजी सुभाष चंद्र बोस को राष्ट्रभक्ति और त्याग का प्रेरणा स्त्रोत तथा राजा भोज को सुशासन और ज्ञान संरक्षण का आदर्श बताया। प्राचार्य डॉ.शर्मा ने बसंत पंचमी तथा वराह मिहिर की जीवनी तथा उनके वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला। जन भागीदारी समिति अध्यक्ष आलोक खन्ना ने कहां कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में सांस्कृतिक चेतना राष्ट्रीय गौरव एवं बौद्धिक विकास को सुदृढ़ करते हैं। महाविद्यालय के डॉ. संजय कुमार प्रजापति ने भी अपनी कविता पीली धूप में खिली हैं सम्पूर्ण धराए आई बसंत की फिर बहार, सरस्वती माँ आई आज हमारे आँगन,लेकर ज्ञान और संस्कार का वाचन किया। इस उपलक्ष में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भी अपनी स्वरचित रचना का वाचन किया।आभार डॉ. सुनील कुमार मित्तल ने माना।

#### सी एम राइज में मंत्री रहे मौजुद

माँ शारदा सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित माँ सरस्वती पूजन कार्यक्रम मे उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, जिला महामंत्री विजय बैस, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी,संस्था प्राचार्य रजनीश त्रिवेदी, उप प्रचार्य मुकेश नेमा समस्त स्टॉफ व बच्चों ने सहभागिता कर पूजन अर्चन किया। मंत्री ने विद्यादायिनी माँ सरस्वती जी के पूजन एवं प्रकृति के कण कण में नव चेतना, नव उल्लास और नव ऊर्जा का संचार करने वाले पावन पर्व बसंत पंचमी पर बच्चों को संदेश दिया।

#### बार एसोसिएशन में भी आयोजन

बार एसोसिएशन शुजालपुर में भी सरस्वती पूजन एवं सुभाष चंद्र बोस के जयंती अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। बार परिसर में पहली बार यह आयोजन हुआ। समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता रमेशचंद्र राजपूत ने की। इस अवसर पर बार एसोसिएशन अध्यक्ष कैलाश यादव ने बसंत पंचमी पर सरस्वती पूजन का महत्व बताते हुए सुभाष चंद्र बोस के व्यक्तित्व पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम को कमल किशोर तिवारी, धन सिंह मेवाडा सहित अन्य अधिवक्ताओं ने भी संबोधित करते हुए बसंत पंचमी की शुभकामनाएं दी।



## नायब तहसीलदार की शिकायत पर 4 लकड़ी तस्कर गिरफ्तार

**इंगोरिया।** उज्जैन_बड़नगर मार्ग पर ग्राम चिकली से दिनांक 17 नवंबर 2025 को सड़क किनारे लगे यूकेलिप्टस के 38 पेड़ काट कर चोरी की वारदात की गई थी। इस संबंध में 20 जनवरी 2026 को नायब तहसीलदार टप्पा इंगोरिया द्वारा अवैध रूप से 38 पेड़ काट कर चोरी कर ले जाने वाले आरोपियों के खिलाफ चोरी का अपराध थाने पर पंजीबद्ध करवाया था। अपराध की विवेचना के दौरान पुलिस ने दिनांक 23 जनवरी 2026 को इस प्रकरण में आरोपी शहजाद पठान पिता छोटेखा निवासी मतांगना, भय्यू शाह पिता रसूल अली निवासी मतांगना, सोहेल पिता हाफिज निवासी मतांगना और विक्रम पिता राजाराम निवासी मतांगना को गिरफ्तार कर पूछताछ की। आरोपियों ने काटे गए 38 पेड़ चोरी कर सोहेल की आयशर गाड़ी क्रमांक एम पी 13 जी बी / 6145 में भरकर शहजाद के खेत पर छुपाकर रखना बताया। आरोपियों से पुलिस ने पेड़ काटने में उपयोग की गई करवत और कुल्हाड़ी तथा छुपाकर रखी यूकेलिप्टस की 40-50 टन लकड़ी को उक्त आयशर गाड़ी सहित जप्त किया गया।

## सुभाषचंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष में पथ संचलन निकाला



**भौंरासा।** नगर के निजी विद्यालय के भैया,बहिनो द्वारा 23 जनवरी को आजाद हिंद फौज के संस्थापक, महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाषचंद्र बोस जी की जयंती के उपलक्ष में विशाल पथ संचलन निकाला गया, उक्त संचलन में घोष वाहिनी, पताका वहिनी, शस्त्र (तलवार) वाहिनी, आदि सम्मिलित थे, नगर में पथ संचलन के साथ भैया / बहिनो द्वारा योग, समता, व्यायाम, आदि का प्रदर्शन किया। उक्त संचलन विद्यालय प्रांगण से प्रारंभ होकर स्थानीय आजाद चौक, बड़ा हनुमान चौक, रपट चौराहा, छोटा हनुमान चौक, बस स्टैंड, अन्नपूर्णा चौक आदि मुख्य मार्गो से होते हुए पुनः विद्यालय प्रांगण में आकर संपन्न हुआ, संचलन का नगर में कई जगह विभिन्न मंचों से पुष्प वर्षा का स्वागत किया गया। उक्त संचलन में गणेश शिक्षण समिति का समस्त पदाधिकारीगणो पुलिस प्रशासन, पूर्व छात्र परिषद, आदि का विशेष सहयोग रहा।

## गायत्री परिजनों ने विधिविधान से बसंत पंचमी पर्व मनाया



**खाचरोद।** बसंत पंचमी पर्व पर स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ सह रचनात्मक जनजागरण केन्द्र पर सप्त कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन आयोजित किया गया जिसमें परिजनों द्वारा बढ़-चढ़कर भागीदारी की गई और वंदनीय माता जी की जन्म शताब्दी वर्ष व अखंड दीप के सौ वर्ष पूर्ण शांतिकुंज हरिद्वार में पूर्ण होने पर उत्सव मनाया? गया साथ ही इस अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ पर गुरू देव के सभी आत्मीय परिजनों व मात्र शक्तियो द्वारा गुर देव माता भगवती देवी शर्मा तथा गायत्री माता का व गुरु देव के वांग्मयो का पुजन किया गया व गायत्री परिवार के सेवक श्री कन्हैयालाल जी सेन (धर्मोत्तर) के प्रयासों से युगऋषि परम् पूज्य गुरुदेव, माताजी.. गायत्री परिवार लॉस एंजिल्स. कैलिफोर्निया द्वारा एक अलमारी एक टेबल एक कुर्सी प्रदान की गई विधिवत पूजन कर वांग्मय स्थापित किए गए। बढ़ी संख्या में आत्मीय परिजनों एवं महिला मंडल की उपस्थिति थी।अंत में प्रशाद वितरण के बाद शांति पाठ के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ। सभी परिजनों ने वसंत पंचमी की एक दुसरे बधाई दी गई।


## तापमान बढ़ने पर सर्दी से राहत

**सारंगपुर।** सारंगपुर में जनवरी माह के तीसरे सप्ताह में मौसम का मिजाज तेजी से बदलता नजर आ रहा है। आमतौर पर इस समय पडने वाली कडाके की सर्दी इस बार नदारद है। दिन और रात के तापमान में लगातार बढोतरी दर्ज की जा रही है, जिससे सर्दी की विदाई जैसा माहौल बन गया है। तेज धूप और थमी हुई हवाओं ने ठंड के असर को काफी हद तक कम कर दिया है। क्षेत्र में बीते कुछ दिनों से तापमान लगातार उछाल पर है।

OMAXE
Turning dreams into reality

# 77TH
## REPUBLIC DAY SPECIAL

OMAXE प्रथम



# OMAXE PRATHAM

## 77TH REPUBLIC DAY | 77 GIFTS ON PLOT BOOKING*

strategic location | future growth | high value

Limited Period Offer | T&C Apply*




**38** YEARS OF TRUST
8 STATES | 31 CITIES

**RERA NO. P-IND-24-5105**

**Indore Zonal Office:** FF-58, Orbit Mall, A.B. Road, Indore (M.P.)
**Ujjain Regional Office:** 2nd Floor, Shivansh Business Park, Opposite Ashrey Hotel, Dewas Road, Freeganj Ujjain (M.P.)
**Ratlam Regional Office**: Plot No. 25/3 (Fakhry Heights), 1st Floor, Mhow Road, Ratlam (M.P.)

**8302 222 333 | WWW.OMAXE.COM**

**Disclaimer.** This advertising material or information hereof on this project or any product (unit) of the company is solely for informational purposes and the viewer has not relied on this information for making any booking/purchase any plot of the Company and fully understands and agrees that the information(s) the project/projects (unit) may undergo such changes or updates as may be required. Accordingly, all this shall not constitute as advertising, marketing, booking, selling or an offer for sale or invitation to purchase a unit in any project by the Company. The Company or any officer shall not be liable for any consequence of any action taken by the viewer relying on such material/information. The viewer is advised to seek information on the project/projects before booking of any product from the company office/website **www.omaxe.com,** MPRERA **office/website https://rera.mp.gov.in**

# इंदौर एयरपोर्ट पर उड़ानें निरस्त

## यात्रियों को भारी परेशानी, स्टार एयर की मुंबई-गोंदिया की 4 फ्लाइट कैंसिल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर विमानतल पर शुक्रवार को मुंबई, गोंदिया और दिल्ली रूट के यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्टार एयर ने इंदौर-मुंबई-गोंदिया मार्ग की अपनी सभी चार उड़ानों को अचानक निरस्त कर दिया, वहीं एयर इंडिया की दिल्ली-इंदौर रूट की चार उड़ानें भी लगातार छठे दिन रद्द रहीं। उड़ानें निरस्त होने से नाराज यात्रियों ने एयरपोर्ट पर हंगामा भी किया।

विमानतल सूत्रों के अनुसार स्टार एयर ने 15 जनवरी से इंदौर से मुंबई और गोंदिया के बीच उड़ानों का संचालन शुरू किया था। निर्धारित समय के अनुसार फ्लाइट शाम 5.50 बजे मुंबई से इंदौर पहुंचकर 6.20 बजे गोंदिया जाती थी। वहीं गोंदिया से रात 9.30 बजे इंदौर पहुंचकर 10 बजे मुंबई के लिए रवाना होती थी। लेकिन शुक्रवार को कंपनी ने इन सभी चार उड़ानों को निरस्त कर दिया। इसके पीछे कोई ठोस कारण न बताकर केवल ऑपरेशनल कारण बताए गए।




### एयरपोर्ट पर हंगामा यात्रियों में नाराजगी

जब इन उड़ानों में बुकिंग करा चुके यात्री एयरपोर्ट पहुंचे और उन्हें फ्लाइट कैंसिल होने की जानकारी मिली तो उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए हंगामा किया। बाद में कंपनी अधिकारियों ने यात्रियों को रिफंड और रि-बुकिंग का विकल्प देकर शांत कराया। सबसे ज्यादा परेशानी गोंदिया जाने वाले यात्रियों को हुई, क्योंकि इंदौर से मुंबई के लिए वैकल्पिक उड़ानें उपलब्ध हैं, लेकिन गोंदिया के लिए यह एक मात्र सीधी उड़ान है।

### दिल्ली रूट की उड़ानें भी रद्द

स्टार एयर के साथ-साथ एयर इंडिया की दिल्ली-इंदौर रूट की सुबह और दोपहर में संचालित होने वाली कुल चार उड़ानें भी शुक्रवार को निरस्त रहीं। ये उड़ानें 21 जनवरी से रोजाना रद्द की जा रही हैं।

### 27 जनवरी से मिलेगी राहत

अधिकारियों के अनुसार दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड के दौरान होने वाले एयर शो की तैयारियों के चलते एयरपोर्ट पर कुछ समय के लिए उड़ानों पर रोक लगाई गई है। इसी कारण ये फ्लाइट्स 26 जनवरी तक निरस्त रहेंगी। 27 जनवरी से दिल्ली-इंदौर की उड़ानों का संचालन फिर से शुरू कर दिया जाएगा, जिससे यात्रियों को राहत मिलेगी।

# डीएवीवी की वार्षिक परीक्षाएं 5 मार्च से 15 जून तक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय (डीएवीवी) ने स्नातक वार्षिक परीक्षाओं का टाइम टेबल जारी किया है। सबसे पहले यूजी थर्ड ईयर की परीक्षाएं 5 मार्च से शुरू होंगी, जबकि यूजी सेकंड ईयर की परीक्षाएं 16 अप्रैल से आयोजित की जाएंगी। फर्स्ट और फोर्थ ईयर का टाइम टेबल अभी जारी होना बाकी है। फर्स्ट ईयर की परीक्षाएं 8 या 9 मई से शुरू होने की संभावना है।

डीएवीवी पिछले कुछ समय से परीक्षा नीति में बदलाव कर रहा है। अब विश्वविद्यालय परीक्षाओं से न्यूनतम डेढ़ माह पहले टाइम टेबल जारी कर रहा है। इसे नीति के तहत सेकंड ईयर का टाइम टेबल करीब पौने तीन माह पहले ही घोषित कर दिया गया था।

विश्वविद्यालय में 5 मार्च से 15 जून तक अलग-अलग वार्षिक परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। इन परीक्षाओं में करीब सवा दो लाख छात्र शामिल होंगे। सबसे पहले यूजी थर्ड ईयर की परीक्षाएं होंगी। फोर्थ ईयर की परीक्षाएं भी मार्च में ही आयोजित की जाएंगी, जिसका टाइम टेबल जल्द जारी किया जाएगा।

परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशेष तिवारी ने बताया कि सभी परीक्षाओं की विस्तृत योजना तैयार कर ली गई है। डीएवीवी ने यूजी थर्ड और फोर्थ ईयर की परीक्षाओं में संभावित बदलाव को लेकर भी तैयारी कर रखी है। 13 से 31 मार्च के बीच सीयूईटी-पीजी परीक्षा आयोजित होने की संभावना है, जिसमें विश्वविद्यालय के हजारों छात्र शामिल होते हैं। ऐसे में इन तारीखों पर परीक्षा न कराते हुए बचे हुए पेपर 1 से 15 अप्रैल के बीच कराने की योजना बनाई जा रही है। परीक्षा समाप्त होने के 21 दिन से एक माह के भीतर परिणाम जारी कर दिए जाएंगे। यदि थर्ड और फोर्थ ईयर की परीक्षाएं 31 मार्च तक पूरी हो जाती हैं तो 30 अप्रैल तक रिजल्ट जारी कर दिए जाएंगे। वहीं अगर परीक्षाएं 15 अप्रैल तक चलती हैं तो परिणाम 10 मई तक घोषित किए जाएंगे।

## न्यूज कॉलम

### बीआरटीएस बस स्टॉप तोड़ने के लिए ठेके पर देने के टेंडर जारी

**इंदौर।** इंदौर में बीआरटीएस कॉरिडोर हटाने की प्रक्रिया में अब बस स्टॉप तोड़ने का काम नई चुनौती बन गया है। पुरानी एजेंसी द्वारा काम छोड़कर भाग जाने के बाद नगर निगम अब बस स्टॉप और बची हुई रेलिंग को अलग से टेंडर के जरिए ठेके पर देने की तैयारी में जुट गया है। इसके लिए पांच ठेकेदारों को पहले ही भरोसे में ले लिया गया है। निगम अधिकारियों ने सभी को टेंडर डालने के लिए कहा है। निगम सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नगर निगम के अधिकारियों ने यह फैसला लिया है कि बस स्टॉप और बची हुई रेलिंग को अलग-अलग टेंडर जारी करके हटाने के ठेके दिए जाए। इन ठेकेदारों को निर्देश दिए गए हैं कि टेंडर जारी होते ही आवेदन करें और प्रत्येक ठेकेदार कम से कम चार बस स्टॉप तोड़ने का जिम्मा ले, तो यह कार्य आसानी से पूरा हो जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, ठेकेदारों ने इस काम पर अपनी सहमति भी दे दी है। अब एक-दो दिन के अंदर नया टेंडर जारी कर दिया जाएगा। बीआरटीएस कॉरिडोर कुल 12 किलोमीटर लंबा है। इसमें से एक तरफ की रेलिंग पहले ही निकाल ली गई है, लेकिन दूसरी तरफ की रेलिंग और कुल 19 बस स्टॉप अभी भी बने हुए हैं। रेलिंग और उसके नीचे के बीम तोड़ना अपेक्षाकृत आसान है, लेकिन मुख्य समस्या 19 बस स्टॉप को तोड़ने, उनके लोहे-लंगर और मलबे को हटाने की है। निगम इस अटाला सामान को अपने पास नहीं रखना चाहता। पहले जिस एजेंसी को पूरा कॉरिडोर तोड़ने का ठेका दिया गया था, वह काम बीच में छोड़कर चली गई थी। इसी बीच कल से नगर निगम द्वारा इस कॉरिडोर में रोड डिवाइडर बनाने और लाइट लगाने का काम शुरू कर दिया गया है। कल महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा इस कार्य का भूमिपूजन किए जाने के साथ ही अब इस काम को शुरू करने का रास्ता साफ हो गया है। बीआरटीएस कॉरिडोर के करीब 6 किलोमीटर हिस्से में लोक निर्माण विभाग द्वारा एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण प्रस्तावित है, जिसकी तैयारी शुरू हो चुकी है। इस हिस्से को छोड़कर बचे हुए 6 किलोमीटर में ही नगर निगम डिवाइडर बनाएगा। इसमें भी देवास नाका फ्लाईओवर ब्रिज और सत्य साईं चौराहा फ्लाईओवर ब्रिज वाले क्षेत्र को छोड़ना पड़ेगा। इस तरह बहुत कम क्षेत्र बचेगा, जहां निगम की ओर से डिवाइडर का काम किया जाएगा।

### इंदौर पुलिस के सभी थाने बनेंगे स्मार्ट, पुलिसकर्मियों को विशेष ट्रेनिंग



**इंदौर।** शहर में लगातार बढ़ रहे सायबर फ्रॉड मामलों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह के नेतृत्व में इंदौर पुलिस ने एक नई और अहम पहल शुरू की है। कमिश्नरेट क्षेत्र के सभी थानों को स्मार्ट थाना बनाने की दिशा में पुलिसकर्मियों को विशेष सायबर ट्रेनिंग दी जा रही है। बुधवार को पलासिया स्थित पुलिस कमिश्नर कार्यालय के सभागार में इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने किया। प्रशिक्षण में 75 पुलिसकर्मी शामिल हुए, जिन्हें पूरे दिन छह सत्रों में सायबर अपराध से निपटने की बारीकियां सिखाई गईं। इस दौरान विभागीय अधिकारियों के साथ बाहरी सायबर एक्सपर्ट्स ने भी प्रशिक्षण दिया। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि नए साल से प्रत्येक थाने में एक सायबर डेस्क स्थापित की जा रही है। यहां सायबर अपराध से जुड़ी शिकायतों को तत्काल सुना जाएगा, एफआईआर दर्ज की जाएगी और 1930/सीआरपी पोर्टल के माध्यम से ठगी की रकम को तुरंत ब्लॉक कराने की कार्रवाई की जाएगी। इंदौर पुलिस की यह पहल सायबर अपराध पीड़ितों को त्वरित राहत देने और आम नागरिकों को सुरक्षित डिजिटल वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है।

### छात्रा ने परिचित युवक के लगातार परेशान करने पर एफआईआर दर्ज करवाई

**इंदौर।** इंदौर के खजराना क्षेत्र में रहकर पढ़ाई कर रही फर्स्ट ईयर की 20 वर्षीय छात्रा को उसका परिचित युवक लगातार परेशान कर रहा था। पहले गांव में सामान्य बातचीत के बाद युवक मोबाइल पर संपर्क करने लगा और बाद में इंदौर पहुंचकर छात्रा का पीछा करने लगा। पार्किंग में रोककर सुसाइड करने और हत्या की धमकी देने के मामले में खजराना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह पढ़ाई के लिए इंदौर आई है। आरोपी हितेश जेसवाल निवासी खिलचीपुर जिला राजगढ़ उसके गांव का रहने वाला है, इसलिए परिचित था। दोनों के बीच मोबाइल पर बातचीत होती थी, लेकिन छात्रा किसी भी तरह की दोस्ती नहीं चाहती थी। करीब दो माह पहले जब आरोपी को पता चला कि छात्रा इंदौर में रह रही है, तो वह भी इंदौर आ गया। खजराना क्षेत्र में छात्रा के कमरे की जानकारी लगने के बाद वह उसके आने-जाने के दौरान पीछा करने लगा और कई बार घर के बाहर खड़ा रहता था। पीड़िता के अनुसार शुक्रवार को आरोपी उसे पार्किंग में मिला और बात करने को लेकर दबाव बनाने लगा। जब छात्रा ने साफ कहा कि वह कोई रिश्ता या दोस्ती नहीं चाहती, तो आरोपी ने धमकी दी कि वह सुसाइड कर लेगा या फिर उसकी हत्या कर देगा। इस धमकी से छात्रा डर गई। घबराई छात्रा ने तुरंत अपने माता-पिता को फोन कर पूरी घटना बताई। इसके बाद माता-पिता इंदौर पहुंचे और छात्रा को लेकर खजराना थाने आए, जहां शिकायत दर्ज कराई गई। खजराना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी हितेश जेसवाल के खिलाफ छेड़छाड़ और पीछा करने (स्टॉकिंग) के आरोप में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपी की तलाश जारी है।

### शक और पारिवारिक विवाद ने छीन ली नवजात की जिंदगी

**इंदौर।** खजराना थाना क्षेत्र में तीन माह की मासूम बच्ची की निर्मम हत्या के मामले में कोर्ट ने शुक्रवार को आरोपी पिता कालू उर्फ शेरू को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने आरोपी पर एक हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। यह सनसनीखेज मामला अगस्त 2024 में सामने आया था, जिसने पूरे शहर को झकझोर कर रख दिया था। 29 अगस्त 2024 को खजराना गणेश मंदिर के पीछे स्थित पुरानी पार्किंग के पास बनी पानी की हौज में एक नवजात बच्ची का शव मिला था। अगले दिन पुलिस को सूचना मिली, जिसके बाद मौके पर पहुंची टीम ने जांच शुरू की। बाद में मृत बच्ची की पहचान आरती के रूप में हुई। पुलिस जांच के दौरान इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज अहम कड़ी साबित हुए। फुटेज में बच्ची का पिता कालू उर्फ शेरू घटना वाली रात बच्ची को गोद में लेकर पानी से भरी हौज की ओर जाता हुआ नजर आया। इसी आधार पर पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की और पुख्ता सबूत जुटाए। दरअसल घटना वाली रात आरोपी बच्ची की मां के पास पहुंचा था। दोनों ने नशा किया, जिसके बाद बच्ची को लेकर विवाद हुआ। गुस्से और शक की हालत में आरोपी बच्ची को घर से बाहर ले गया और पानी की हौज में डाल दिया। शुरूआती पूछताछ में उसने जांच को भटकाने की कोशिश की और आसपास सो रहे लोगों पर आरोप लगाए।

# निगमकर्मी और बिजली कर्मचारी से मारपीट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में नगर निगम के कचरा वाहन कर्मचारियों और बिजली विभाग के आउटसोर्स कर्मचारी के साथ मारपीट के दो अलग-अलग मामले सामने आए हैं। दोनों ही मामलों में पुलिस ने शुक्रवार को आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

द्वारकापुरी पुलिस ने नगर निगम कर्मचारी विक्की छपरी की शिकायत पर मयंक और उसके चाचा निवासी गुमाश्ता नगर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। विक्की ने बताया कि वह नगर निगम के जोन अंतर्गत वार्ड क्रमांक 15 में कचरा गाड़ी चलाता है।

वह हेल्पर आयुष के साथ गुमाश्ता नगर स्थित झूलेलाल मंदिर वाली गली में कचरा संग्रहण के लिए पहुंचा था। हेल्पर ने सूखा और गीला कचरा अलग-अलग देने की बात कही, जिस पर परिवार के लोग नाराज हो गए और गाली-गलौज करने लगे। विक्की जब वाहन से उतरकर मयंक और धमकाते हुए अपशब्द कहे और विक्की व हेल्पर आयुष के साथ मारपीट कर दी। इसी थाना क्षेत्र में हवा बंगला पावर हाउस से जुड़े एमपीईबी के आउटसोर्स कर्मचारी नयन यादव की शिकायत पर पुलिस ने संजय चौबे और उनके बेटे गोलू चौबे के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

खुश खबर खुश खबर खुश खबर
आयुष क्लिनिक
AYUSH CLINIC ( REG.)
CHOPATI INGORIYA
बवासीर ( खूनी/बादी ) भगन्दर रोग निदान तथा प्रति चिकित्सा समय 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक पाइल्स ( बवासीर ), फिशर, फिश्चुला ( भगन्दर ) पाइलोनीडल साइनस गुदा का बाहर निकलना, गुदा का चर्मरोग आदि गुदा रोगों के निदान तथा चिकित्सा हेतु का आयोजन किया गया है।
गुदगत रोग के प्रमुख लक्षण — शौच के बाद दर्द होना, खुजली,खून गिरना, मस्सा फूल जाना, गुदा के आस पास फुंसी होना तथा उसमे से पानी ( PUS DISCHARGE ) होना आदि। प्रमुख कारण — कब्ज होना, अनुवांशिक, इन्फेक्शन होना, सा प्रसुति के बाद अथवा बार बार दस्त लगना आदि।
डॉ.दिनेश कुमार जोशी
बी. एस. सी. बी. ए .एम.एस.
*क्षार सूत्र में ट्रेंड* ( पारूल यूनिवर्सिटी )
* क्षार सूत्र में ट्रेंड *
( डॉ. के. वी. एस. राव )
गुरु
( अखिल भारतीय विघापीठ न्यू दिल्ली )
पता => शा. हॉस्पिटल के सामने इंगोरिया चौपाटी ( इंगोरिया )
Contract number
9752438839
9752738839

कैलाश ॐ शिव शंकर यात्रा प्राइवेट लिमिटेड
7/1 परदेशीपुरा, मैन रोड, इंदौर
9302065100 - 9827072550 - 9589614200
एक धाम जगन्नाथपुरी, गंगासागर, कोलकाता यात्रा विवरण
यात्रा सुविधाएं
- दो समय भोजन, एक समय चाय नाश्ता
- टूर गाइड सुविधा
- आवास हेतु (Non AC) 4 बेड वाले रूम की सुविधा
- टेम्पो ट्रेवलर अथवा बस द्वारा भ्रमण
- आने जाने की स्लीपर ट्रेन टिकट
यात्रा प्रस्थान - 11, 25 मार्च 8,17,29 अप्रैल 2026
- प्रथम दिवस : इंदौर रेलवे स्टेशन से प्रस्थान पुरी हेतु दोपहर 3 बजे
- दूसरा दिन : पुरी आगमन, रात्रि विश्राम पुरी
- तीसरा दिन : समुद्र स्नान, जगन्नाथ मंदिर दर्शन सिंह द्वार एवं कोणार्क सूर्य मंदिर, भुवनेश्वर में लिंगराज मंदिर रात्रि विश्राम ट्रेन अथवा स्लीपर बस में
- चौथा दिन: कलकत्ता आगमन गंगासागर में सागर स्नान, कपिल मुनि मंदिर दर्शन रात्रि गंगासागर
- पांचवा दिन :कालीमाता मंदिर, विक्टोरिया मेमोरियल, हावड़ा ब्रिज
- छठा दिन :कलकत्ता से वापसी ट्रेन
इस यात्रा के अंत में जो यात्री नेपाल काठमांड बनारस यात्रा करना चाहेंगे उनके लिए 6000 रु प्रति सवारी अतिरिक्त
यात्रा शुल्क 15,500 प्रति सवारी
3 सी यात्रा (एसी होटल एवं गाडी सहित) किराया 22,500 रु प्रति सवारी

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

उज्जैन में पहली बार मालवा का नया स्वाद
नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

आवश्यकता है
(1) अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com